चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081
गुरुवार, 11 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 16, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये
www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

तारे के खत्म होने के बाद भी जीवित रहते हैं ग्रह 16
मनीषा कोईराला ने भंसाली के साथ किया काम 15

बड़े वादों के साथ सपा का घोषणा पत्र जारी

- मनरेगा मजदूरी 450 रुपये करना लड़कियों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा देने समेत अन्य घोषणाएं
- अखिलेश यादव बोले- हमने अपने विजन डॉक्यूमेंट को जनता का मांग पत्र -हमारा अधिकार नाम दिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी कर दिया। विजन डॉक्यूमेंट-2024 के नाम से जारी घोषणा पत्र को 'जनता का मांग पत्र, हमारा अधिकार' नाम दिया गया है। अखिलेश यादव के मुताबिक, सोशल मीडिया पर जनता से जानकारी मांगी और कई संस्थाओं ने भी सुझाव दिए है।

सपा के घोषणा पत्र में सामाजिक न्याय, लोकतंत्र बचाने, मीडिया की आजादी आदि प्रमुख मुद्दे हैं। अखिलेश यादव ने महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण, केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा और किसानों को एमएसपी की गारंटी के साथ ही जीडीपी तीन से बढ़ाकर छह फीसदी करने, पुरानी पेंशन स्कीम भी बहाल करने, 2025 में जातीय जनगणना, 2029 तक सबको न्याय देने का वादा किया गया। अखिलेश यादव ने बताया कि किसानों के कर्ज माफ किए जाएंगे। गरीबों का पूर्ण उन्मूलन होगा। सपा प्रमुख ने बताया कि निजी क्षेत्र में सभी वर्गों की भागीदारी देंगे। दूध समेत सभी फसलों के लिए कानूनी गारंटी के रूप में किसानों को एमएसपी और सिंचाई की मुक्त व्यवस्था करेंगे। सपा प्रमुख के मुताबिक, अग्निवीर नीति को समाप्त किया जाएगा। क्योंकि, अगर भाजपा दोबारा आई तो कहीं, पुलिस पीएसी में भी तीन साल की नौकरी न कर दे।

घोषणा पत्र के बड़े वादे

- पूरानी पेंशन स्कीम को लागू करेंगे, 2025 तक जाति आधारित जनगणना
- 2025 तक एससी-एसटी, ओबीसी के सभी सरकारी रिक्त पद भरेंगे
- भूमिहीन, किरायेदार समेत छोटे सीमांत किसानों को प्रति माह 5000 पेंशन
- मनरेगा मजदूरी 450 की जाएगी और काम के दिन 150 किए जाएंगे
- मुफ्त राशन में गेंहू की जगह आटा, राशनकार्ड धारकों को 500 रुपये का डेटा मुफ्त

भाजपा ने उप्र. से सात और प्रत्याशी उतारे, चंद्रशेखर व केशरीनाथ के बेटों को टिकट, गाजीपुर, बलिया और फूलपुर में नए चेहरे

रीता बहुगुणा, संघमित्रा और केशरी देवी को टिकट नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश की सात और सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित किए हैं। पार्टी की ओर से बुधवार को जारी इस सूची में बलिया में वीरेंद्र सिंह मस्त का टिकट काटकर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर को प्रत्याशी बनाया गया है। वह वर्तमान में राज्यसभा सांसद भी हैं। इसी तरह इलाहाबाद से रीता बहुगुणा जोशी का टिकट काटकर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष केसरी नाथ त्रिपाठी के बेटे नीरज त्रिपाठी को टिकट दिया गया है।

फूलपुर में वर्तमान सांसद केशरी देवी पटेल का टिकट काटकर विधायक प्रवीण पटेल को प्रत्याशी बनाया गया है। कौशांबी (सुरक्षित) सीट पर वर्तमान सांसद विनोद सोनकर और मछलीशहर के वर्तमान सांसद बीपी सरोज को फिर से चुनाव मैदान में उतारने का निर्णय लिया गया है।

वहीं, पिछले चुनाव में मनोज सिन्हा की हार के बाद इस बार गाजीपुर सीट पर पारस नाथ राय को टिकट दिया गया है। यहां अफजाल अंसारी सपा से उम्मीदवार हैं। इसी तरह मैनपुरी में उप्र. सरकार में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ठाकुर को सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के मुकाबले उतारा गया है। इससे पहले

मैनपुरी में डिंपल के सामने जयवीर सिंह को उतारा

मैनपुरी सीट पर बदायूं की सांसद संघमित्रा मौर्या को टिकट देने की अटकलें थीं। संघमित्रा का नाम भी इस सूची में भी नहीं है। पिछली बार मैनपुरी से भाजपा के प्रेम सिंह शाक्य चुनाव लड़े थे, जिन्हें सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव ने हराया था। भाजपा ने अभी पांच सीटों पर प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं। कैसरगंज सीट पर बृजभूषण शरण सिंह को टिकट मिलने को लेकर रहस्य बना हुआ है। इसके अलावा देवरिया, फिरोजाबाद, रायबरेली और भदोही में टिकट की घोषणा होनी बाकी है।

एक नजर

बम विस्फोट में दो जवान और जेसीबी चालक घायल

बीजापुर/दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ में अलग-अलग स्थानों पर प्रेशर बम में विस्फोट होने से सुरक्षाबल के दो जवान और एक जेसीबी चालक घायल हो गए हैं। पुलिस के अनुसार बीजापुर के गंगालूर थाना क्षेत्र में इतावर गांव में प्रेशर बम फटने से एसटीएफ के दो जवान शिवलाल मंडावी और मिथलेश मरकाम घायल हो गए हैं। दल इतावर गांव के करीब था तब जवानों का पैर प्रेशर बम के संपर्क में आ गया।

प्रदेश में 37018 ईदगाहों मस्जिदों में होगी नमाज

लखनऊ। नवरात्रि और ईद-उल-फितर का त्योहार एक साथ पड़ने के कारण यूपी पुलिस शांति व्यवस्था को लेकर सक्रिय हो गई। प्रदेश में कुल 37,018 ईदगाहों व मस्जिदों में ईद-उल-फितर की नमाज अदा की जाएगी। प्रदेश के समस्त जिलों में 2,912 संवेदनशील स्थान और हॉट- स्पाट्स चिन्हित करते हुए जोन और सेक्टर स्कीम के अन्तर्गत पुलिस व्यवस्था की गई है। पुलिस मुख्यालय स्तर से 241 कम्पनी पीएसी, तीन कम्पनी एसडीआरएफ, आठ कम्पनी एसएसएफ तथा 229 कम्पनी सीएपीएफ को राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में व्यवस्थापित किया गया है। इसके अतिरिक्त मुख्यालय स्तर से दो अपर पुलिस अधीक्षक व छह पुलिस उपाधीक्षकों की ड्यूटी भी लगाई गई है।

राजकुमार ने छोड़ा आप का साथ

मंत्री पद और पार्टी की सदस्यता से दिया इस्तीफा, पार्टी पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मंत्री राज कुमार आनंद ने आम आदमी पार्टी (आप) में दलितों को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए बुधवार को मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया और पार्टी छोड़ दी। साथ ही भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए। समाज कल्याण समेत विभिन्न विभाग संभालने वाले आनंद ने यहां संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि 'आप' के शीर्ष नेताओं में कोई दलित नहीं है। उन्होंने कहा, यह पार्टी दलित विधायकों, पार्षदों और मंत्रियों का सम्मान नहीं करती। ऐसे में सभी दलित ठगा हुआ महसूस करते हैं। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी कटाक्ष किया। केजरीवाल आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद तिहाड़ जेल में हैं। पटेल नगर सीट से विधायक आनंद ने कहा, "जंतर मंतर से, अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि राजनीति बदलते ही देश बदल जाएगा। राजनीति नहीं बदली है, लेकिन राजनीतिज्ञ बदल गए हैं। अपने इस्तीफे के समय के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में आनंद ने कहा, समय की बात रहने दीजिए।

केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन करते भाजपाई। ● अमृत विचार

भाजपा ने किया प्रदर्शन केजरीवाल से मांगा इस्तीफा

नई दिल्ली। भाजपा की दिल्ली इकाई के कार्यकर्ताओं ने कथित आबकारी नीति घोटाले को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग करते हुए बुधवार को डीडीयू मार्ग पर स्थित आम आदमी पार्टी (आप) के मुख्यालय के पास विरोध-प्रदर्शन किया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारें कीं, जिससे भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा घायल हो गए।

भाजपा का उद्देश्य आप को खत्म करना : संजय

नई दिल्ली। आदमी पार्टी ने बुधवार को दावा किया कि दिल्ली के मंत्री राजकुमार आनंद का इस्तीफा उसके इस रुख की पुष्टि करता है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का उद्देश्य पार्टी को खत्म करना है। आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि भाजपा 'हमारे मंत्रियों और विधायकों को तोड़ने के लिए ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल कर रही है।

कोर्ट से केजरीवाल का याचिका पर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध

नई दिल्ली। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने बुधवार को कहा कि वह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से उनकी गिरफ्तारी को बरकरार रखने के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका को शीघ्र सूचीबद्ध करने संबंधी अनुरोध पर विचार करेंगे। प्रधान न्यायाधीश ने केजरीवाल के वकील को ईमेल भेजने को कहा। इससे पहले केजरीवाल ने उच्च न्यायालय के नौ अप्रैल के फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

समय मांगने की केजरीवाल की याचिका खारिज

दिल्ली की अदालत ने आबकारी नीति घोटाले में गिरफ्तार केजरीवाल की वह याचिका बुधवार को खारिज कर दी, जिसमें उन्होंने अपने वकीलों से मुलाकात के लिए और समय दिए जाने का अनुरोध किया था। सीबीआई और ईडी के मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी कि इस मामले में उन्हें राहत देने के लिए पर्याप्त आधार नहीं है।

संदेशखालि मामले की जांच अब सीबीआई को

कोलकाता, एजेंसी

- सीबीआई से जांच कराने के लिए हाल में नाराज लोगों ने किया था प्रदर्शन
- महिलाओं पर अपराध और जमीन हड़पने की जांच करे और व्यापक रिपोर्ट पेश करे

कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और भूमि पर कब्जा करने के आरोपों की जांच सीबीआई से कराने के बुधवार को आदेश दिए। हाल में इसको लेकर संदेशखालि में प्रदर्शन हुए थे।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम की पीठ ने कहा कि जांच अदालत की निगरानी में होगी। उन्होंने सीबीआई को राजस्व रिकॉर्ड और भू-उपयोग परिवर्तन का निरीक्षण करने के बाद रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। आरोपों के अनुसार, मछली पालन के लिए कृषि भूमि के उपयोग को जल निकायों में अवैध रूप से परिवर्तित किया गया। कोर्ट ने सीबीआई को निर्देश दिया कि वह संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की जांच करे और अगली तारीख पर रिपोर्ट पेश करे। खंडपीठ में न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य भी थे।

पीठ ने दो मई को सुनवाई के दिन सीबीआई को रिपोर्ट देने कहा है। ईडी के अधिकारियों पर पांच जनवरी को भीड़ ने उस समय हमला किया था, जब वे राशन वितरण घोटाला मामले में तृणमूल कांग्रेस नेता (अब निलंबित) शाहजहां शेख के परिसर की तलाशी लेने के लिए संदेशखालि गए थे। अदालत ने आदेश में कहा कि न्याय और निष्पक्षता के हित में और विभिन्न शिकायतों और आरोपों पर शीघ्र विचार के लिए निष्पक्ष जांच की जानी आवश्यक है। साथ ही राज्य को सीबीआई को मदद मुहैया कराने के निर्देश दिए गए हैं। अदालत ने इस बात पर गौर किया कि याचिकाकर्ताओं ने सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अगुवाई में एक जांच समिति गठित करने की मांग की है। खंडपीठ ने कहा कि आरोपों को देखते हुए उसने सीबीआई से जांच कराने का निर्णय लिया है। याचिककार्ता-वकील प्रियंका टिबरेवाल द्वारा हलफनामे के रूप में 600 शिकायतें अदालत के समक्ष प्रस्तुत की गई थीं, जिनमें कथित तौर पर यौन अत्याचार, भूमि पर कब्जा, हमले और संपत्ति को नष्ट करने जैसे अन्य अपराध शामिल हैं। अदालत ने कहा कि गोपनीयता बनाए रखने के लिए जांच एजेंसी शिकायत दर्ज करने के वास्ते एक पोर्टल अथवा ईमेल आईडी बनाएगी।

प्रेम प्रसंग में हुई बच्ची की हत्या पिता की प्रेमिका गिरफ्तार

संवाददाता, बिलासपुर (रामपुर)

- प्रेमिका ने स्वीकारा कि प्रेमी की पत्नी से नफरत के चलते बच्ची को गला दबाकर मारा

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव धावनी हसनपुर में दो दिन पहले हुई बच्ची की हत्या में उसके पिता की प्रेमिका को गिरफ्तार किया है। युवती ने अपने शादीशुदा प्रेमी की पत्नी से नफरत के चलते बच्ची का गला दबाकर हत्या की थी। इसके बाद उसका शव घर के पीछे फेंक दिया था। वहां जंगली जानवर उसके पैर नोंचकर खा गए थे।

एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि गांव धावनी हसनपुर के दानिश ने रविवार रात अपनी तीन वर्षीय बेटी अनायजा नूर की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि उसकी बेटी सगीर अहमद की दुकान पर गई थी, लेकिन नहीं लौटी। पीड़ितों ने दुकानदार के परिवार पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने दुकानदार की पत्नी सहित पांच लोगों से पूछताछ की तो दुकानदार की 19 वर्षीय बेटी फराह नाज ने पुलिस को बताया कि दानिश से उसका प्रेम-प्रसंग था। इस बीच उसकी शादी हो गई थी। उसकी पत्नी को जब दोनों के बारे में पता चला तो वह रंजिश रखने लगी थी। प्रेमी की पत्नी को सबक सिखाने के लिए दुकान पर आई बच्ची को वह घर की छत के कमरे में ले गई। वहां उसके हाथ रस्सी से बांधे, चेहरे को पॉलीथिन से ढका और गला दबाकर हत्या कर दी। बाद में उसका शव भूखंड में फेंक दिया।

पेपर लीक : मुख्य साजिशकर्ता गिरफ्तार

लखनऊ। पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा-2023 का पर्चा आउट कराने वाले मास्टरमाइंड रवि अत्री को एसटीएफ ने गौतमबुद्धनगर के खुर्जा बस स्टैंड के पास से बुधवार सुबह साढ़े छह बजे गिरफ्तार किया। एसटीएफ का दावा है कि टीसीआई कंपनी में रखे ट्रंक बॉक्स को खोलकर पेपर निकालकर लीक कराने वाले गैंग का रवि मुख्य साजिशकर्ता है। मेरठ एसटीएफ के एएसपी बृजेंद्र सिंह ने बताया कि रवि की तलाश लंबे समय से हो रही थी। बुधवार सुबह सूचना मिली कि रवि गौतमबुद्धनगर के खुर्जा बस स्टैंड पहुंचने वाला है। निरीक्षक सुनील कुमार टीम लेकर वहां पहुंचे और उसे गिरफ्तार किया।

सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार नहीं किए रामदेव बालकृष्ण के माफीनामे वाले हलफनामे

नई दिल्ली, एजेंसी

- राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण के प्रति भी कड़ी नाराजगी

उच्चतम न्यायालय ने भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) आचार्य बालकृष्ण द्वारा बिना शर्त माफी मांगने के लिए दायर किए गए हलफनामों को स्वीकार करने से बुधवार को इनकार कर दिया और कहा कि उन्होंने ऐसा तब किया जब उनकी गलती पकड़ ली गई।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा, हम इस मामले में इतने उदार नहीं बनना चाहते। न्यायालय ने इस मामले पर निष्क्रियता बरतने के लिए राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण के प्रति भी कड़ी नाराजगी जताई और कहा कि वह इसे हल्के में नहीं लेगा। पीठ ने कहा, हम आपकी बखिया उधेड़ देंगे।

शीर्ष अदालत ने कहा कि जब रामदेव और बालकृष्ण को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए और उन्हें अदालत के सामने पेश होने का निर्देश दिया गया तो उन्होंने उस स्थिति से बचने का प्रयास किया, जहां व्यक्तिगत पेशी जरूरी थी। न्यायालय ने कहा कि यह बेहद अस्वीकार्य है। पीठ ने आदेश सुनाते हुए कहा, मामले के पूरे इतिहास और अवमाननाकर्ताओं के पिछले आचरण को ध्यान में रखते हुए हम उनके द्वारा दायर नवीनतम हलफनामे को स्वीकार करने के अनुरोध पर अपनी आपत्ति व्यक्त करते हैं। न्यायालय ने मामले में आगे की सुनवाई के लिए 16 अप्रैल की तारीख तय की।

अनिल अंबानी की कंपनी को 8,000 करोड़ देने के निर्णय को सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज

नई दिल्ली। एक समय दुनिया के छठे सबसे धनाढ्य व्यक्ति रहे अनिल अंबानी की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही हैं। उन्हें ताजा झटका उच्चतम न्यायालय के फैसले से लगा है। उनके समूह की कंपनी को 8,000 करोड़ दिये जाने के मध्यस्थता न्यायाधिकरण के निर्णय को खारिज कर दिया गया है। अंबानी 2008 में दुनिया के छठे सबसे अमीर व्यक्ति थे लेकिन बार-बार लगते झटकों के कारण उनकी स्थिति बदल गयी और अब वह धनाढ्यों की सूची से बाहर हैं। अमेरिका के व्हार्टन स्कूल से एमबीए करने वाले 64 वर्षीय अनिल अंबानी चर्चित उद्योगपति धीरूभाई अंबानी के छोटे पुत्र हैं। पिछले कुछ वर्षों में उन्हें अपने कारोबार में कई असफलताओं का सामना करना पड़ा।

मुश्किलें बढ़ीं

- मध्यस्थता न्यायाधिकरण ने दिया था फैसला

आईआईएम अहमदाबाद विश्व के प्रमुख 25 संस्थानों में, जेएनयू देश का शीर्ष विवि

नई दिल्ली, एजेंसी

क्वाक्वेरेली साइमंड्स लंदन की रैंकिंग में खुलासा

- 13 लाख शोध पत्र तैयार किए जो चीन के 45 लाख, अमेरिका के 44 लाख और ब्रिटेन के 14 लाख से पीछे है

वैश्विक क्यूएस विश्वविद्यालय रैंकिंग के अनुसार भारतीय प्रबंधन संस्थान (अहमदाबाद) व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन श्रेणी में विश्व के शीर्ष 25 संस्थानों में से एक है जबकि आईआईएम-बेंगलौर और कलकत्ता शीर्ष 50 संस्थानों में हैं। उच्च शिक्षा विश्लेषण संबंधी कंपनी क्वाक्वेरेली साइमंड्स (क्यूएस), लंदन की ओर से बुधवार को घोषित प्रतिष्ठित रैंकिंग में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) भारत में सर्वोच्च रैंक वाला है। विकास अध्ययन श्रेणी में ये विश्व स्तर पर 20वें स्थान पर है। चेन्नई स्थित सविता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड टेक्निकल साइंसेज दंत चिकित्सा अध्ययन श्रेणी में विश्व में 24वें स्थान पर है।

क्यूएस की मुख्य कार्यकारी (सीईओ) जेसिका टर्नर ने कहा कि भारत के निजी तौर पर संचालित तीन उत्कृष्ठ संस्थानों ने उच्च शिक्षा क्षेत्र को आगे बढ़ाने में सकारात्मक भूमिका निभाई है। क्यूएस के अनुसार, भारत तेजी से विस्तार करने वाले शोध केंद्रों में से एक है। उसने कहा कि 2017 से 2022 के बीच शोध में 54 प्रतिशत वृद्धि हुई है जो न केवल वैश्विक औसत के दोगुने से अधिक है, बल्कि पश्चिमी समकक्षों से भी अधिक है।

क्यूएस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बेन सॉटर ने कहा कि भारत अब शोध क्षेत्र में दुनिया का चौथा सबसे बड़ा देश है और इस अवधि में 13 लाख अकादमिक शोध पत्र तैयार किए गए जो चीन के 45 लाख, अमेरिका के 44 लाख और ब्रिटेन के 14 लाख से पीछे है। भारत शोध उत्पादकता में ब्रिटेन को पीछे छोड़ने के करीब है।

जिसके नाम से लगता था कर्फ्यू, ऐसा रगड़ा कि पैंट गीली हो गई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/मेरठ

- मेरठ की रैली में बोले- निर्दोषों को मारोगे तो मिट्टी भी नहीं मिलेगी

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा सरकार के दौरान एक दुर्दांत माफिया ऐसा था, जो चलता था तो मुख्यमंत्री हों या मुख्य न्यायाधीश, इन सबके काफिले रुक जाते थे और केवल उसका काफिला निकलता था। मगर जब हमने रगड़कर उसे कोर्ट के सामने प्रस्तुत किया तो उसकी पैंट गीली हो गई थी। तब हमने उसे कहा था कि कानून को रौंदने वाले कानून कितना बड़ा है, ये अहसास हो रहा है कि नहीं। निर्दोष लोगों को मारोगे तो मिट्टी भी नहीं मिल पाएगी।

बुधवार को मेरठ में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए जनता से अपील की कि पश्चिमी उप्र. में जिन लोगों की गर्मी शांत कर दी गई है, उन्हें दोबारा गर्म नहीं होने देना है। योगी की जनसभा को लेकर भाजपा से यहां साझा की गई जानकारी के मुताबिक, योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अच्छा नेतृत्व देश को जहां बुलंदियों पर ले जाता है वहीं गलत हाथों में सत्ता देने से दरिद्रता आती है।मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से प्रत्याशी संजीव बालियान के पक्ष में जनता से वोट की अपील करते हुए योगी ने कहा कि पश्चिमी उप्र. में परिवर्तन स्पष्ट दिख रहा है। उन्होंने विपक्षियों पर हमला बोलते हुए कहा कि यहां जो लोग गुमराह करने आ रहे हैं, ये वही लोग हैं जिन्होंने संगीत सोम और संजीव बालियान को जेल में डाल के यहां की जनता को कर्फ्यू में झोंकने का काम किया था। दंगा पॉलिसी चलाने वालों ने यहां के युवाओं पर झूठे मुकदमे दर्ज करके उनके जीवन को निगलने की कोशिश की थी, हमें उन्हें माफ नहीं करना है। मुख्यमंत्री ने महाराणा प्रताप के जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने घास की रोटी खाना स्वीकार किया, मगर कभी विदेशी हुकूमत के सामने सिर नहीं झुकाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई माई का लाल आपका बाल भी बांका नहीं कर सकता, क्योंकि सुरक्षा की तगड़ी व्यवस्था कर दी गई है। आज बड़े बड़े माफिया और आतंकवादियों की कैसी दुर्गति हो रही है, सबको पता है। पहले जिनके नाम से ही कर्फ्यू लग जाया करता था, आज उनकी स्थिति हर कोई जानता है।

कोई बकबक करता है तो मिर्च का झोंका लगा देते हैं

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कठुआ (जम्मू) में एक जनसभा में कहा कि हमने स्वतंत्र भारत में हमेशा एक ही धर्म माना, वह है राष्ट्रधर्म। राष्ट्र हमारे लिए सर्वोपरि है। मेरी व्यक्तिगत आस्था कुछ भी होगी, यदि वह राष्ट्र के मार्ग में बाधक है तो उसे दरकिनार कर दिया जाएगा। मेरे लिए देश की स्वतंत्रता, संप्रभुता व अखंडता सर्वोपरि है। योगी ने कहा कि पहले लोग खुद को हिंदू बोलने में भी संकोच करते थे। अयोध्या का नाम लेने में लोग डरते थे। अब मैं जनआस्था के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, देश में सुरक्षा का बेहतर वातावरण है। हम उप्र. में कोई संकोच नहीं करते हैं। वहां कोई दंगा करता है तो उल्टा लटकाकर टांग देते हैं। बहुत ज्यादा कोई बकबक करता है तो नीचे से मिर्च का झोंका लगा दिया जाता है, सारी भो-भो ठीक हो जाती है।

ईद आज, सभी लोगों को मुबारकबाद

चांद का दीदार होते ही मनाई खुशी, कड़ी सुरक्षा में होगी नमाज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : काजी-ए-शहर सैयद खुशनूद मियां ने बुधवार शाम जामा मस्जिद से चांद देखकर ईद मनाने का ऐलान किया। अब जिले में गुरुवार को ईद मनाई जाएगी। शहर की ईदगाह में सुबह 7:30 बजे और जामा मस्जिद में आठ बजे ईद की नमाज होगी। इसके लिए लोगों ने देर रात तक तैयारियां की। एक-दूसरे को चांद रात और ईद की मुबारकबाद दी।

काजी-ए-शहर ने सभी को ईद की मुबारकबाद देते हुए अमन के साथ ईद का त्योहार मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मुसलमान अपने रोजो का फितरा 60 रुपये प्रति आदमी के हिसाब से ईद की नमाज से पहले अदा करें। सैयद खुशनूद मियां ने कहा कि रमजान की रहमतों की बरकत में गरीबों को जकात और सदकातुल फितर अदा करें। ईद से पहले जरूरतमदों तक मदद पहुंचाएं जिससे सभी लोग ईद का त्योहार मना सकें।

उन्होंने कहा कि मुसलमान अल्लाह को मानता है और कुरआन पर अमल करता है। इसलिए किसी से नहीं डरना चाहिए, जो इस दुनिया में आया है उसे एक दिन दुनिया से जाना ही होगा। ईद की नमाज गुरुवार को ईदगाह में सुबह 7:30 बजे सैयद खुयनूद मियां अदा कराएंगे। शहर की जामा मस्जिद में नमाज सुबह 8 बजे जामा मस्जिद के इमाम मौलवी रेहान खां नमाज अदा कराएंगे। इस मौके पर जामा मस्जिद के आसपास पुलिस बल तैनात रहा।

जामा मस्जिद में ईद का चांद देखते लोग। ● अमृत विचार

सोशल मीडिया पर ईद की मुबारकबाद के संदेश वायरल

ईद का चांद नजर आने के बाद चारों ओर खुशियां बिखर गईं। जामा मस्जिद समेत तमाम मस्जिदों के सायरन गूंजने लगे और लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद पेश की। बुधवार शाम को ईद का चांद नजर आते ही सोशल मीडिया पर ईद मुबारक के मैसेज वायरल होने लगे। तरह-तरह के डिजाइनिंग में मैसेज बनाए गए थे। सोशल मीडिया के दौर में ईद कार्ड का वर्चस्व खत्म हो गया है। ईद कार्ड का बड़ा कारोबार होता था। लेकिन, सोशल मीडिया के दौर में बस यादें ही शेष हैं।

गांधी समाधि स्थित नवाब गेट के पास दिखता चांद। ● अमृत विचार

डायमंड तिराहे से शाहबाद गेट की ओर नहीं जाएंगे वाहन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : ईद को लेकर प्रशासन ने व्यवस्थाएं की हैं। शाहबाद गेट स्थित ईदगाह में ईद की नमाज होगी। ऐसे में यहां कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। नमाज अदा के दौरान रूट डायवर्जन रहेगा।

नमाजी शाहबाद गेट स्थित ईदगाह आएंगे और नमाज अदा करेंगे। अन्य वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। इसके अलावा पशुओं को रोकने के लिए भी खास इंतजाम किए गए हैं। माला सिनेमा रोड, बाजार नसरूल्लाह खां, मोहल्ला कुंडा, बढ़इयों वाली मस्जिद आदि मार्ग से वाहन ईदगाह की ओर चलने नहीं दिए जाएंगे। नमाजियों के वाहनों के पार्किंग के लिए माला रोड स्थित मैदान, बरेली गेट स्थित ईस्ट वेस्ट स्कूल के पास वाहन खड़ा करने की व्यवस्था रहेगी।

उधर, ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि ईद को लेकर नगर पालिका की तैयारियां पूर्ण हैं। ईदगाह के अंदर पशु प्रवेश न करें। इसका विशेष ध्यान रखा गया है। इसके लिए जानवर विरोधी दस्ते का इंतजाम किया गया है। ईदगाह समेत शहर के अधिकतर मस्जिदों के बाहर चूना का छिड़काव कराया गया है।

इन जगहों पर इतने बजे होगी ईद की नमाज

रामपुर : ईदगाह में नमाज सुबह 7:30 बजे
शहर की जामा मस्जिद में सुबह 8 बजे
सैफनी : ईदगाह में सुबह 8 बजे
भोट : ईदगाह में सुबह 8 बजे
सैदनगर : ईदगाह में सुबह 8 बजे
मिलक : ईदगाह में सुबह 8 बजे
शाहबाद : ईदगाह में सुबह 8 बजे
बिजारखाता : ईदगाह में सुबह 8 बजे
बिलासपुर : ईदगाह में सुबह 7:30 बजे
खेड़ा पर सुबह 8 बजे
दढ़ियाल : ईदगाह पर नमाज सुबह 8 बजे
काशीपुर मार्ग स्थित ईदगाह में नमजा 8:30 बजे

ईद को लेकर बाजारों में हुई खरीदारी

ईद को लेकर मुसलमानों में उत्साह देखने को मिला। ईद की खुशियों में चार चांद लगाने के लिए बाजार भी खूब सजे हुए दिखाई दिए। सिवईं मार्केट से लेकर कपड़ा बाजार में रातभर चहल पहल रही। बाजार नसरुल्लाह खां, अब्दुल्ला गंज, हामिद स्कूल, जीना इनायत खां, काजी की गली, पुरानी तहसील, मिस्टन गंज, शादाब मार्केट, मिस्टन गंज, सर्राफा बाजार, किला पूर्वी गेट, मोती मस्जिद क्षेत्र में ईद को लेकर रातभर बाजार गुलजार रहे।

'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

शहर में आज

☞ शाहबाद पटवाई रोड स्थित कृष्णा मंदिर माता चंद्रघंटा की पूजा अर्चना प्रात: 6:30 बजे।

☞ भारतीय किसान यूनियन की पंचायत आंबेडकर पार्क में दोपहर 12:30 बजे।

एक नजर

ईद का चांद दिखा, छाई खुशी

टांडा, अमृत विचार : बुधवार शाम ईद का चांद नजर आ गया और गुरुवार को ईद मनाई जाएगी। चांद देखने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद पेश की। रमजान के 30 रोजे मुकम्मल होने के बाद बुधवार को ईद का चांद नजर आया। लोगों ने मस्जिदों और अपने घरों की छतों से ईद के चांद का दीदार किया। चांद देखने के बाद एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद पेश की। नगर में ईदगाह के मैदान में ईद की नमाज आठ बजे अदा की जाएगी, जबकि जामा मस्जिद में सवा आठ बजे ईद की नमाज होगी। इससे पहले लोगों ने रात तक तैयारियां कीं।

असमंजस के बीच हजारों लोगों ने पढ़ी ईद की नमाज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मकबरा जनाबे आलिया स्थित शिया जामा मस्जिद के इमाम मौलाना अली मोहम्मद नकवी के ऐलान के बाद शिया समुदाय ने बुधवार को ईद मनाई। हजारों लोगों ने रब की बारगाह में सजदा कर मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ मांगी। हालांकि, काफी लोग ईद की नमाज अदा नहीं कर सके। क्योंकि, मौलाना ने रात दो बजे ईद की नमाज बुधवार सुबह 8:30 बजे होने का ऐलान किया। ईद की नमाज के खुतबे में मौलाना ने कहा कि हमें अपनी खुशियों में इतना ज्यादा खुश न होना चाहिए और गमों से इतना दो चार नहीं होना चाहिए। अल्लाह अपने खास बंदों का इम्तेहान लेता है।

शिया जामा मस्जिद में सुबह 8:38 बजे मौलाना अली मोहम्मद नकवी ने ईद की नमाज पढ़ाई। लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। मंगलवार देर रात तक उलमा असमंजस में रहे। शिया धर्म गुरु मौलाना कल्बे जव्वाद ने कहा कि ईद गुरुवार को मनाई जाएगी। जबकि, शियास्तानी साहब के वकीलों ने दावा किया कि ईद का चांद कारगिल की पहाड़ों से लोगों ने देखा है और उसकी गवाही दी है, इसलिए ईद बुधवार को मनाई जाएगी। देर रात 2 बजे मकबरा मौलाना अली मोहम्मद नकवी ने बुधवार सुबह 8:30 बजे ईद की नमाज होने का ऐलान किया।

उधर, मौलाना कल्बे जव्वाद ने मंगलवार रात 12 बजे गुरुवार को ईद होने की दलील दी। कहा कि आयतुल्लाह सैयद शियस्तानी का कोई बयान नहीं आया है।

उन्होंने यह कहा है कि इराक और आसपास के क्षेत्रों में ईद मनाई जाएगी। इसके अलावा किसी मुल्क का नाम नहीं लिया है। कहा कि जो लोग ईद बुधवार को मनाने की बात कर रहे हैं, उन्होंने दलील पेश नहीं की है।

शिया जामा मस्जिद में नमाज के बाद दुआ मांगते नमाजी। ● अमृत विचार

▸▸ मकबरा जनाबे आलिया स्थित शिया जामा मस्जिद में अदा की गई ईद की नमाज

कारगिल के पहाड़ों से देखा गया ईद का चांद

लखनऊ के मौलाना सैयद सैफ अब्बास ने कहा कि नौ अप्रैल को यूपी, मुबंई, दिल्ली समेत अन्य जगहों पर कहीं चांद नजर नहीं आया और न ही कहीं से शहादत मिली। कहा कि कारगिल में एक जगह ईद का चांद 12-13 लोगों ने देखा। यह सारी चीजें आगा-ए-शियस्तानी के दफ्तर नजफ ईराक भेजी गईं। लखनऊ स्थित आगा-ए-शियस्तानी की तरफ से यह पैगाम आ गया कि आगा की तरफ से यह ऐलान है, 10 अप्रैल को भारत में ईद है। ईद आप सभी को मुबारक हो। इसके ऐलान के तहत देर रात ईद का ऐलान किया गया

खुफिया विभाग को 7 बजे मिली ईद होने की सूचना

प्रशासन ने गुरुवार को ईद के लिए तैयारियां की थीं। लेकिन, खुफिया विभाग को सुबह 7 बजे ईद होने की सूचना मिली। मकबरा जनाबे आलिया स्थित शिया जामा मस्जिद पर पुलिस बल तैनात कराया गया। इसके अलावा खुफिया विभाग के अधिकारी भी पहुंच गए। एलआईयू इंचार्ज दीपक कौशिक ने बताया कि ईद की नमाज शांति पूर्वक हो गई। बुधवार को ईद मनाने का ऐलान शिया जामा मस्जिद से देर रात किया गया था।

नमाज के लिए ईदगाह को सजाया

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार: रमजान के 30वें रोजे की देर शाम चांद का दीदार होते ही रोजदारों में खुशियां छा गईं। बाजारों में दुकानों पर खरीदारी करने वालों की भीड़ लग गई। शाम से लेकर रात तक बाजारों में रौनक छाई रही।

ईद की नमाज के मद्देनजर नगर के माठखेड़ा रोड स्थित ईदगाह पर विशेष सजावट व व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। गुरुवार सुबह शहर इमाम मौलाना नासिर खां नमाज अदा कराएंगे। प्रशासन ने भी बताया कि ईद के त्योहार को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए पूरी सतर्कता बरती जा रही है।

नमाज के लिए सजाई गई ईदगाह। ● अमृत विचार

तृतीय चंद्रघंटा

मां दुर्गा की तीसरी शक्ति हैं चंद्रघंटा। नवरात्र में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा-आराधना की जाती है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करना चाहिए। देवी चंद्रघंटा पूजा से शुक्र ग्रह का प्रभाव बढ़ता है।

बीज मंत्र-ऐं श्रीं शक्तयै नमः।

हादसे में दुकानदार की मौत, हंगामा

गुस्साए लोगों ने मार्ग पर जाम लगाने का किया प्रयास, पुलिस ने समझाया

संवाददाता, टांडा (रामपुर)

अमृत विचार : नगर के मुख्य मार्ग पर गांव मोहनपुरा के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दुकानदार को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। इससे गुस्साए लोगों ने हंगामा कर मार्ग पर जाम लगाने का प्रयास किया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और पालिकाध्यक्ष के प्रतिनिधि ने लोगों को समझाकर शांत किया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

नगर के मोहल्ला बरगद में नजाकत अली का परिवार रहता है। इसके पुत्र मोहम्मद अली (60) की उत्तराखंड के काशीपुर में चावल की दुकान है। बुधवार शाम वह बाइक से काशीपुर से अपने घर टांडा आ रहे थे। तभी शाम साढ़े छह बजे जब वह गांव मोहनपुरा के पास पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे मोहम्मद अली की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक फरार हो गया।

हादसे के बाद मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। गुस्साए लोगों ने हंगामा कर मार्ग पर जाम लगाने का प्रयास किया। सूचना के बाद सीओ कीर्तिनिधि आनंद और पालिकाध्यक्ष के पति हाजी सरफराज आलम, कोतवाली प्रभारी सुरेंद्र सिंह पचौरी मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को समझाकर शांत किया। मृतक के पांच बच्चे हैं। चांद रात के दौरान उसकी मौत से परिवार में ईद की खुशियां में मातम छा गया।

मृतक के घर आगे जुटे लोग। ● अमृत विचार

हादसे में घायल लोगों के परिजन अस्पताल में भिड़े

मिलक, अमृत विचार : सड़क हादसे में घायलों को लेकर दो पक्ष आमने सामने आ गए। दोनों पक्षों ने अस्पताल में हंगामा किया। पुलिस पहुंचने के बाद दोनों पक्ष शांत हुए। मंगलवार देर रात क्षेत्र के नवदिया गांव निवासी मोरधज रात्रि भोजन के पश्चात सड़क पर टहल रहा था। इस दौरान क्षेत्र केसिर्रा गांव निवासी हिरदेश बरेली के तिलमास से मजदूरी कर बाइक से घर लौट रहा था। इस दौरान मिलक के नवदिया चौराहा में गांव निवासी महावीर मिल गया। जिसने हिरदेश से गांव साथ चलने की बात कही तथा स्वयं बाइक चलाने लगा। जैसे ही दोनों नवदिया गांव के बाद आम के बाग के पहुंचे, तो सड़क पर टहल रहे मोरधज को बाइक सवारों ने टक्कर मार दी।टक्कर से मोरधज और हिरदेश गंभीर रूप से घायल हो गए। मौका पाकर महावीर फरार हो गया। मोरधज को एंबुलेंस से मिलक के सरकारी अस्पताल लाया।कुछ देर बाद घायल हिरदेश भी अस्पताल पहुंच गया।

प्रशिक्षण के दौरान 47 कर्मचारी रहे गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में 19 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर दयावती मोदी अकादमी में मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण प्रारंभ हो गया है। प्रशिक्षण के पहले दिन पीठासीन अधिकारी 11, मतदान अधिकारी प्रथम छह, मतदान अधिकारी द्वितीय छह और मतदान अधिकारी तृतीय 24 सहित कुल 47 कर्मचारी गैर हाजिर रहे। इन सभी गैर हाजिर कार्मिकों को 12 अप्रैल को अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया।

निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार, दूसरे प्रशिक्षण के अंतर्गत पूरी पोलिंग पार्टी के रूप में कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का चुनाव प्रेक्षक धनराजू एस, जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह और मुख्य विकास अधिकारी-प्रभारी अधिकारी कार्मिक नंदकिशोर कलाल ने निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण के लिए निर्धारित फैसिलिटेशन सेंटर और विभिन्न कक्षाओं में पहुंचकर कार्मिकों से मतदान के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों और बारीकियों के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी प्रशिक्षण प्राप्त कर लें। कहा कि 18 अप्रैल को पोलिंग पार्टियों की रवानगी के दौरान सभी कर्मचारी निर्धारित समय पर नवीन मंडी परिसर में पहुंचेंगे। अपनी पोलिंग पार्टी के अन्य कार्मिकों से समन्वय स्थापित करते हुए समयबद्ध तरीके से मतदान केंद्र के लिए रवाना होंगे। यदि पोलिंग पार्टियों की रवानगी के दौरान कोई कर्मचारी गैरहाजिर रहता है तो इसे निर्वाचन कार्य के प्रति लापरवाही मानते हुए उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाएगा। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी हेम सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी संजीव कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

दयावती मोदी अकादमी में प्रशिक्षण के दौरान निरीक्षण करते अधिकारी।

19 अप्रैल को शत-प्रतिशत करें मतदान : जितेंद्र

रामपुर, अमृत विचार : मतदान में अधिकतम मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जनपद में मतदाता जागरूकता के तहत विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित कराई जा रही हैं। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नंदकिशोर कलाल के निर्देश पर विकास भवन सभागार में थर्ड जेंडर समुदाय से संबंधित लोगों की बैठक की गई। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र जायसवाल ने कहा कि वे सभी आगामी 19 अप्रैल को शत प्रतिशत मतदान करें। अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। बैठक में थर्ड जेंडर समुदाय के लिए नामित स्वीप आइकॉन तलाश भी उपस्थित रही।

दो भाइयों को पीटने के आठ आरोपी पर रिपोर्ट

रामपुर, अमृत विचार: दो सगे भाइयों ने कुत्ते को रॉड मारकर का विरोध किया तो गुस्साए लोगों ने उन्हें लाठी-डंडो से पीटकर घायल कर दिया। इस मामले में महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांच नामजद, दो अज्ञात सहित आठ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बिलासपुर थाना क्षेत्र के गांव पईपुरा निवासी संघमित्रा बौद्ध पत्नी ओमकार सिंह ने पुलिस को बताया कि सात अप्रैल को उसका पति और देवर जयप्रकाश पार्क में टहलने के बाद अपने कुत्ते के साथ घर वापस आ रहे थे। रास्ते में नन्हे ने कुत्ते को रॉड मारकर घायल कर दिया। महिला के पति ओमकार और उसके देवर जयप्रकाश को पीटकर घायल कर दिया। बाद में पीड़ित के पत्नी ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी नन्हे, सीमादेवी, सागरदीप, सिद्धार्थ, वंदना सागर और तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मंडी समिति में निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह व अन्य।

चुनाव आयोग की गाइडलाइन का अनुपालन कराएंगे एसडीएम

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार: जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह ने शहर स्थित नवीन मंडी परिसर में हो रही कमीशनिंग की प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र वार बनाए गए कमीशनिंग स्थलों का भ्रमण किया। एसडीएम से जानकारी प्राप्त की।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी एसडीएम पूरी कमीशनिंग की प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहकर अपनी देखरेख में चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप निर्देशों का अनुपालन कराएंगे। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी हेम सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, एसओसी चकबंदी, प्रभारी ईवीएम संजय कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

शाहबाद गेट क्षेत्र के लोगों को तीन घंटे नहीं मिली बिजली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: गर्मी में बिजली संकट गहराने लगा है। कहीं लाइनों में फॉल्ट हो रहे हैं तो कहीं लाइन व बिजलीघरों पर बिजली सुधार के कार्य के चलते आपूर्ति बाधित की जा रही है। इस कारण कई-कई घंटे आपूर्ति नहीं मिलने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार दोपहर शाहबाद गेट बिजलीघर में खराबी आने से क्षेत्र की तीन घंटे बिजली ठप रही।

गर्मी में बिजली की मांग बढ़ गई है और लोड बढ़ने लगा है। इससे लाइनों में फॉल्ट भी होने लगे हैं। शहर में कई-कई घंटे बिजली ठप रहने लगी है। बुधवार को पहाड़ी गेट सब स्टेशन से जुड़े पक्का बाग, पीला तालाब, घेर बाज खां समेत कई क्षेत्र की आपूर्ति छह चार घंटे बाधित रही। इससे दो दिन पहले सिविल लाइंस क्षेत्र के विकास भवन समेत उससे सटे क्षेत्रों की आपूर्ति पांच घंटे ठप रही थी। इसी तरह डूंगरपुर, रजा इंटर कालेज, किला, बिलासपुर गेट, अजीतपुर विद्युत उपकेंद्रों से जुड़े क्षेत्रों में भी बिजली आपूर्ति नियमित रूप से परेशान कर रही है। कभी सुबह में तो कभी दोपहर और शाम को गायब हो जाती है। जिस वजह से उपभोक्ताओं को काफी परेशानी हुई।

पुराना गंज, पहाड़ी गेट क्षेत्र के लोगों के उपभोक्ताओं का कहना है कि रोज दो घंटे आपूर्ति ठप रहती है। शाम को भी बिजली चली जाती है। बिजलीघर संपर्क करने पर बताया जाता है कि लाइन में फॉल्ट हो गया है लाइट जल्द ही बहाल हो जाएगी। कभी तार टूट जाने की दिक्कत बताई जाती है। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बुधवार को शाहबाद गेट बिजलीघर के तारों में खराबी आ जाने से तीन घंटे तक बिजली गुल रही। गर्मी में लाइट नहीं मिलने के कारण उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

पुराना गंज में जर्जर तारों को सही करते बिजली कर्मचारी। ● अमृत विचार

▸▸ बिजलीघर में खराबी होने से बिगड़ी व्यवस्था, जुटे कर्मचारी

लाइनों में फॉल्ट नहीं हो रहे हैं बल्कि बिजली सुधार के काम हो रहे हैं। इसकी वजह से संबंधित क्षेत्रों की आपूर्ति बंद की जाती है, कार्य पूरा होते ही आपूर्ति सुचारु कर दी जाती है।

–वीके आर्या, अधीक्षण अभियंता

16 लीटर शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

भोट, अमृत विचार : पुलिस ने करीब सोलह लीटर शराब के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किये दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दोनों का चालान कर दिया है। थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मंगलवार रात में थाना क्षेत्र के लाला वाला बाग के पास से बाहर से तस्करी करके लाए गए करीब 16 लीटर विदेशी शराब के साथ टांडा थाना क्षेत्र के मोहल्ला दौली वाला निवासी कुलदीप व ढक्का नगलिया गांव निवासी राजीव को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों का चालान कर दिया गया है।

पुलिस ने वारंटी पकड़ा

सैफनी, अमृत विचार : थाना पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान भेजा है। क्षेत्र के चौकोनी गांव निवासी वालिस्टर पुत्र रामरहीस का न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है। जिस मामले में वह न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था। लंबे समय से गैर हाजिर चल रहा था। जिसे लेकर अदालत ने उसके विरुद्ध वारंट जारी कर दिया।

घर में घुसकर महिला को पीटा, दो लोगों पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार: घर में घुसकर दो लोगों ने महिला से मारपीट कर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इसके अलावा दूसरे मामले में दो बेटों ने अपनी मां को पीटकर घायल कर दिया है।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव भोट बक्काल निवासी भागवती का कहना है कि उसकी पास के ही रहने वाले रिश्तेदारों से किसी बात को लेकर काफी समय से रंजिश चली आ रही है। उसी के चलते कुछ दिन पहले आरोपी इंदर और धर्म सिंह महिला के घर में घुस गए थे। जहां उसके साथ गाली-गलौच करते हुए उसको पीट दिया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों पर केस दर्ज कर लिया है।

▸▸ गांव दौंकपुरी टांडा में उधार के रुपये मांगने पर बेटों ने मां को पीटकर किया घायल

दूसरी ओर, इसी थाना क्षेत्र के गांव दौंकपुरी टांडा निवासी पार्वती का कहना है कि मेरे बेटे प्यारे लाल ने लगभग एक वर्ष पूर्व मेरे से 10 हजार रुपये व दूसरे बेटे मेवाराम ने 23 हजार रुपये उधार लिए थे। महिला का कहना है कि मैं अपने छोटे बेटे करन के पास रह रही हूं। तीन दिन पहले जब महिला ने अपने बेटों से पैसे मांगे,तो दोनों ने महिला को पीटकर घायल कर दिया।

इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्यारे लाल, मेवाराम और राजबाबू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामलों की जांच कर रही है।

जयाप्रदा के मामलों में हुई सुनवाई

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार : फिल्म अभिनेत्री व पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ केमरी और स्वार के थानों में आचार संहिता उल्लंघन के मामले दर्ज हैं। इनकी सुनवाई एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में हो रही है। दोनों मामलों में बचाव पक्ष की ओर से तारीख बढ़ाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। अब इस मामले में 22 अप्रैल को सुनवाई होगी।

पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में स्वारऔर केमरी थाने में आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज कराया गया था। यह दोनों मामले इन दिनों कोर्ट में विचाराधीन हैं। इनकी सुनवाई हो रही है। बुधवार को दोनों मामलों में सुनवाई हुई। जहां बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने तारीख बढ़ाने के लिए स्थगन प्रार्थना पत्र दिया। अब इस मामले में 22 अप्रैल को सुनवाई होगी।

दो पासपोर्ट मामले में स्थगन प्रार्थना पत्र दिया

रामपुर, अमृत विचार : पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के दो पासपोर्ट मामले में बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने स्थगन प्रार्थना पत्र दिया है। अब इस मामले में 16 अप्रैल को सुनवाई होगी। 2019 में भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस थाने में अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो पासपोर्ट रखने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद मामले की जांच कर चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। फिलहाल यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। अभियोजन की ओर से गवाही पूरी हो चुकी है। बुधवार को इस मामले में सुनवाई होना थी,लेकिन बचाव पक्ष की ओर से स्थगन प्रार्थना पत्र आ गया। अगली तारीख के लिए प्रार्थना पत्र दिया।

डूंगरपुर के दो मामलों में हुई सुनवाई

रामपुर, अमृत विचार : एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में गुरुवार को डूंगरपुर के दो मामलों की सुनवाई हुई। एक मामले में पत्रावली अंतिम बहस में लग गई है। उसकी सुनवाई अब 15 अप्रैल को होगी। दूसरे मामले में हेड कांस्टेबल सोमदत्त शर्मा से बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने जिरह की। इसमें अब 12 अप्रैल को सुनवाई होगी। वर्ष 2019 में डूंगरपुर बस्ती में रहने वाले लोगों ने गंज थाने में काफी मुकदमे दर्ज कराए थे। रिपोर्ट में कहा गया था कि आजम खां के इशारे पर उनसे मारपीट, लूटपाट कर उनके घर को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया था। इन मुकदमों में आजम खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, सेवानिवृत्त सीओ आलेहसन, ठेकेदार बरकत अली सहित कई आरोपी बनाए गए थे।

टीजी-टू ने संविदाकर्मी को जान से मारने की धमकी दी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : अस्तबल बिजलीघर में तैनात संविदा कर्मचारी को टीजी-टू ने जान से मारने की धमकी दी। उससे अभद्र व्यवहार भी किया। इस मामले की शिकायत संविदाकर्मी ने एक्सईएन, एसई और चीफ से की है।

थाना गंज बिजलीघर 33/11 में तैनात योगेश राय संविदा लाइनमैन है। उसने बताया कि बुधवार सुबह जब वह डयूटी के लिए गया तो अवर अभियंता ने उसे बुलाया। जब उनके कार्यालय में पहुंचा तो उन्होंने कहा कि आज तुम डयूटी सुबह आठ से रात आठ बजे तक करोगे। यह कहकर उन्होंने डयूटी चार्ट पर हस्ताक्षर भी करा लिए। इसके बाद टीजी-टू मंगलसैन ने उसे बुरा भला कहा। इस पर उसने डयूटी पर नहीं आने का हवाला दिया और वह अपने दोस्त की पत्नी के दफन में गया था। आरोप है कि टीजी-टू ने उसे लाइनमैन को गालियां देनी शुरू कर दीं। जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि जिस दिन डयूटी पर तैनात पोल पर कार्य दिखा मिला तो फीडर चालू करा दूंगा। उसने शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि बिजलीघर में तैनात कर्मचारी जुआ खेलते हैं। उसने एसई, चीफ से मांग की है कि अगर उसके साथ कोई घटना हुई तो इसके जिम्मेदार टीजी टू होंगे। जान से मारने की धमकी देने पर वह अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहा है।

▸▸ पीडित ने स्टाफ के एसई, चीफ और एक्सईएन से की शिकायत

सलाह घर से बाहर निकलते समय चेहरा ढककर निकलें

लू से बचने के लिए ज्यादा पीयें पानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : गर्मी और लू से बचने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। लोगों को पानी का अधिक सेवन करने की सलाह दी है। घर से बाहर निकलते समय चेहरे को ढककर निकलें।

कई कुछ दिनों से तापमान लगातार बढ़ रहा है। तेज धूप के बीच पारा बढ़ा है। इससे हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ने लगा है। जब भी घर से बाहर निकलें तो पानी पीकर निकलें। इससे लू लगने की संभावना कम हो जाती है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी एडवाइजरी में बताया गया कि हीट वेव की स्थिति शरीर की कार्यप्रणाली पर प्रभाव डालती है। इसके प्रभाव को कम करने के लिए अधिक से अधिक पानी पीएं। प्यास नहीं लगी हो तो पानी भी पीएं। बताया है कि हल्के रंग के कपड़े पहनें। घर से बाहर निकलते समय आंखों पर चश्मा, छाता लेकर चले। सिर और चेहरे को गीले कपड़े से ढके रहे। यात्रा करते समय पीने का पानी अपने साथ रखें।

ओआरएस घर में बने हुए पदार्थ लस्सी, चावल का पानी, नींबू का पानी और छाछ का इस्तेमाल करें। इससे शरीर में पानी की कमी की भरपाई होगी। हीट स्ट्रोक के लक्षणों के बारे में भी बताया है। शुरूआत में पेट एवं मासंपेशियों में खिंचाव जैसा महसूस होता है। बेचैनी होने के साथ सोचने, समझने की क्षमता बिगड़ जाती है। शरीर गर्म हो जाता है। सिरदर्द होने के साथ उल्टी हो सकती है और बेहोशी तक आ सकती है। सांस और दिल की धड़कन तेज हो जाती है। बताया गया कि रस वाले फल तरबूज, पपीता, खरबूजा, नारियल पानी का सेवन करें। गर्मी में गर्भवतियों को विशेष रूप से सेहत का ध्यान रखना चाहिए। इन दिनों में वे खानपान का ध्यान रखे और धूप में ज्यादा नहीं निकलें। लोग खाली पेट घर से बाहर नहीं निकलें। खाने में हरी सब्जियों को शामिल रखें। उधर, बच्चों, जानवरों को खड़ी गाड़ियों में न छोड़ें। दोपहर 12 से 3 बजे तक मध्य सूर्य की रोशनी में जाने से बचे। गहरे रंग के भारी, तंग कपड़े न पहनें।

डायरिया के रोगियों के लिए जिला अस्पताल में 40 बेड का वार्ड आरक्षित है। इससे रोगियों को उपचार में परेशानी नहीं होगी। गर्मी, लू से बचने के लिए अधिक से अधिक पानी पीएं। शराब, चाय, कॉफी कार्बोनेटेड साफ्ट ड्रिंक्स का उपयोग करने से बचें।

–डॉ. एसपी सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी

जिला अस्पताल के डायरिया वार्ड में भर्ती मरीज। ● अमृत विचार

डायरिया वार्ड में सात और नए भर्ती हुए मरीज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: गर्मी में डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। बुधवार को जिला अस्पताल में डायरिया के कई मरीज भर्ती हुए।

जिला अस्पताल की पुराने भवन में बने 40 बेड के वार्ड में बुधवार को सात नए मरीज भर्ती हुए हैं। लू, गर्मी की चपेट में आने से इनके शरीर में पानी की कमी पाई गई। दिक्कत होने पर उन्हें डायरिया वार्ड में भर्ती किया गया है। जनरल फिजिशियन डॉ. दशरथ सिंह बताते हैं कि गर्मी अधिक होने पर मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। इस बार अप्रैल शुरू होते ही अस्पताल के डायरिया के मरीज आने शुरू हो गए हैं। बुधवार को डायरिया के सात नए मरीज भर्ती हुए हैं। डायरिया की मरीजों की संख्या को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने व्यवस्थाएं दुरुस्त करनी शुरू कर दी हैं। वार्ड में अभी 40 मरीजों को भर्ती करने की सुविधा है। लू, गर्मी से बचने के लिए अधिक से अधिक पानी पीएं।

सूर्यदेव के तेवर तल्ख, बेहाल लोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : अप्रैल के दूसरे सप्ताह में सूर्यदेव के तेवर तल्ख हो गए हैं। तेज गर्मी के बीच गर्म हवा चलने लगी है। बुधवार को सूर्य की तपिश से लोग बेहाल रहे। गर्मी से बचाव के लिए लोगों ने ठंडे पेय पदार्थों का सेवन किया। लोगों ने कोल्डड्रिंक, शर्बत, गन्ने का जूस और लस्सी पी। शाम को हवा चलने पर लोगों को गर्मी से मामूली राहत मिली। 13 अप्रैल को तेज हवा के साथ हल्की वर्षा के आसार हैं।

सुबह से सूरज की किरणों में तेजी थी। दोपहर तक तपिश बढ़ गई और लोगों का गर्मी से गला सूखने लगा। प्यास बुझाने के लिए लोगों ने कोल्डड्रिंक पी। राहे रजा, राहे मुर्तजा पर बेलपात्र का जूस का ठेला लगाने वाले और गन्ने का रस बेचने वालों का अच्छा कारोबार हुआ। रामलाल ने बताया कि लोग बेलपात्र का जूस पीना अधिक पसंद कर रहे हैं। क्योंकि यह शरीर को ताकत देता है और पेट के लिए भी बहुत फायदेमंद है। उन्होंने बताया कि गर्मी में बेलपात्र का जूस पीने से बार-बार पानी पीने की जरूरत नहीं होती है। कोल्डड्रिंक पीने के बाद प्यास और बढ़ जाती है और बार-बार पानी पीने की इच्छा होने लगती है। उधर, बुधवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस रहा।

बच्चों को जूस पिलाता राहगीर। ● अमृत विचार

▸▸ अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 18 रहा

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में 13 अप्रैल को तेज हवा के साथ तीन से 15 मिलीमीटर वर्षा के आसार हैं। शेष दिनों में मौसम शुष्क रहेगा। अधिकतम तापमान 33 से 38, न्यूनतम तापमान 16 स 20 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

–डॉ. उदय प्रताप शाही
मौसम वैज्ञानिक, कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ

एक नजर

सिलईबड़ा प्रकरण : 22 अप्रैल तक उपलब्ध करा सकते हैं साक्ष्य

रामपुर, अमृत विचार : 27 फरवरी को गांव सिलईबड़ा में लगाए डॉ. भीमराव आंबेडकर लिखा बोर्ड हटाने के दौरान बवाल हो गया था। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। नगर मजिस्ट्रेट संदीप कुमार वर्मा ने बताया कि इस प्रकरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई सूचना, साक्ष्य देना है तो वह 22 अप्रैल को नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय में उपस्थित होकर सूचना, साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है। नगर मजिस्ट्रेट ने बुधवार को कहा कि पुलिस अधीक्षक ने सूचना दी है कि गांव सिलईबड़ा में ग्राम समाज की भूमि पर आंबेडकर पार्क के नाम से लगाए गए बोर्ड को हटाने के लिए टीम गई थी। इस दौरान घटना में सुमेश की मौत हो गई थी।

चांद दिखते ही शुरू हुआ मुबारकबाद का सिलसिला

मिलक, अमृत विचार : नगर के ईदगाह में अधिकारियों की निगरानी में ईद की नमाज अदा की जाएगी। जामा मस्जिद के इमाम कारी नजफ अली सुबह आठ बजे नमाज पढ़ाएंगे। बुधवार को ईद के मद्देनजर नगर के बाजार में भीड़ रही और लोगों ने खरीदारी की। गुरुवार को ईद है। इसके लिए प्रशासनिक ने तैयारियां की हैं। नमाज के बाद लोग एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देंगे। बुधवार शाम को चांद का दीदार होते ही लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद देना शुरू कर दी। लोग ईद की मुबारकबाद जायदातर सोशल मीडिया के माध्यम से दे रहे हैं।

एसपी ने क्षेत्र में की गश्त शांति रखने की अपील

रामपुर, अमृतविचार : गुरुवार को होने वाली ईद को लेकर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने शहर में पुलिस फोर्स के साथ पैदल गश्त की। लोगो का शांतिपूर्वक ईद का त्योहार मनाने की अपील की। ईद के त्योहार के मद्देनजर पुलिस महमकमा अलर्ट हो गया है। जगह-जगह पुलिस पिकेट तैनात की गई है। शहर के मुख्य बाजारों में सादी वर्दी में पुलिसकर्मी जेब कतरों और चोर उचक्कों की धर पकड़ के लिए लगाए गए हैं। ताकि भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में किसी प्रकार की कोई घटना न हो। इसको देखते हुए पुलिस कर्मियों को सख्ती के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। इस दौरान एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी नगर जितेद्र कुमार और पुलिस बल शामिल रहा।

मां ब्रह्मचारिणी की पूजा कर भक्तों ने रखा व्रत

पूजा-अर्चना और आरती के बाद सुख समृद्धि का वरदान मांगा, महिलाओं ने भजन गाए

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: नवरात्र के दूसरे दिन बुधवार को भक्तों ने मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना की। घरों और मंदिरों में पूजा कर ज्ञान का वरदान मांगा। माता का रोली से तिलक कर पुष्प व फल अर्पित किए और नवरात्र व्रत कथा का पाठ किया।

इसके बाद आरती व दुर्गा चालीसा के पाठ के साथ ही पूजन किया। भक्तों ने हवन सामग्री कपूर, लौंग, सूखे मेवा, मिश्री-मिष्ठान, देशी घी के साथ आहुति देकर पूजन किया। कई भक्तों ने दुर्गा सप्तशती का पाठ भी किया। कवच, कीलक और अर्गला स्तोत्र का पाठ किया। भक्तों ने मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना की। दोपहर बाद मंदिरों में माता के छन्द गाए गए, जो देर शाम तक मंदिरों में होते रहे। माता की आरती कर व्रत खोला। पंडित विश्वनाथ शर्मा बताते हैं कि नवरात्र के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा होती है। मां ब्रह्मचारिणी का उद्भव ब्रह्मा जी के कमंडल से माना जाता है, इसीलिए इनका नाम ब्रह्मचारिणी पड़ा।

माता का यह रूप सृष्टि की सर्जक के रूप में पूजा जाता है। मां ब्रह्मचारिणी ध्यान, ज्ञान और वैराग्य की अधिष्ठात्री देवी हैं। शहर के श्री त्रिपुरेश्वरी शक्तिपीठ, श्री हरिहर मंदिर, माई का थान, आवास विकास स्थित नव दुर्गा वैष्णो माता आदि मंदिरों पर सुबह के ही भक्त पहुंच गए। माता के जयकारे लगाए।

श्री त्रिपुरेश्वरी शक्ति पीठ में भजन गातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

मंदिर में दुर्गा माता की पूजा अर्चना करते भक्त। ● अमृत विचार

पूजा के लिए मंदिरों में उमड़ी भीड़, गाए छंद

स्वार, अमृत विचार : नगर व ग्रामीण क्षेत्रों मे मंदिरों पर भीड़ लगी रही। महिलाओं, पुरुषों व बच्चों ने उपवास रखकर मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना की। महिलाओं ने मंदिर में माता के छंद भी गाए। सुबह से ही भक्त पूजा-अर्चना के लिए नगर के मोहल्ला स्वार खास बड़ा शिव मंदिर, प्राचीन देवी मंदिर, सैनी बस्ती देवी स्थान, पंजाबी कॉलोनी गीता मंदिर, चक स्वार समेत मिलकखानम, धनौरी, मधुपुरा, गोविंदपुरा, पुस्वाड़ा, मीरापुर मीरगंज, फाजलपुर, जालफनंगला समेत अन्य गांवों में भीड़ उमड़ी। मंदिरों के बाहर कतारें लगी रहीं। उधर पंडितों के अनुसार, नवरात्र के तीसरे दिन माता चंद्रघंटा की पूजा होगी। मां चंद्रघंटा का यह स्वरूप सुंदर, मोहक, अलौकिक, कल्याणकारी व शांतिदायक है। माता चंद्रघंटा के माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्रमां विराजमान है, जिस कारण इन्हें चंद्रघंटा के नाम से जाना जाता है। माता रानी की पूजा के लिए लोगों ने तैयारी की है।

शहर के बाजार में खरीदारों की भीड़। ● अमृत विचार

देर रात तक बाजारों में उमड़ी रही भीड़, जाम की स्थिति बनी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: ईद को लेकर बाजार देर रात तक गुलजार रहे। शादाब मार्केट, बाजार सफदर गंज, पुरानी तहसील पर जाम की स्थिति रही। कपड़ों, चूड़ी व पंसारियों की दुकानें खुली रहीं और लोगों ने कुर्ता पायजामों, बच्चों के सूट, सौंदर्य प्रसाधन के सामान की खरीदारी की। कारोबार में तेजी से व्यापारी खुश नजर आए।

शहर के बाजार सफदर गंज, तहसील, शादाब मार्केट, चाकू बाजार में दुकानें सूटों से भरी हुई थीं। शहर के मुख्य बाजार देर रात तक खुले थे। लेडीज सूट के थोक विक्रेता मोहम्मद याकूब शम्सी ने बताया कि इस साल कपड़े का अच्छा कारोबार हुआ है। महिलाओं की पसंद का ख्याल रखते हुए सूट तैयार कराए गए थे लेकिन, गर्मी अधिक होने के कारण इस बार लखनवी चिकन के सूटों की काफी मांग रही। बताया कि बाजार में तीन सौ रुपये से तीन हजार रुपये में चिकन के सूटों की बिक्री हुई। किराना मर्चेंट मनोज कुमार ने बताया कि इस साल ईद पर बहुत अच्छा कारोबार हुआ है। मावा कारोबारी बाबू अली ने बताया कि दो साल बाद इतने मावे की सेल हुई है। दूध, दही, सिंवईं, चीनी की खूब बिक्री हुई है। बाजारों में भीड़ होने पर पुलिस ने रूट डायवर्ट कराया। चाकू बाजार की ओर जाने वाले ट्रैफिक को बैजनाथ की गली से पास कराया।

ईद पर शीर, खुरमा व शीर कोरमा का मिलेगा स्वाद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : ईद पर शीर खुरमा और शीर कोरमा समेत अन्य व्यंजन बनाने की तैयारी है। इसके बिना ईद की खुशी अधूरी रहती है। राज परिवार की सनम अली खां बताती हैं कि शीर खुरमा एक खास तरह की सिंवई है, जो विशेष तौर पर ईद और रमजान के मौके पर बनाई जाती है। दूध और सिंवई से इसे तैयार किया जाता है। साथ ही इसमें बादाम, काजू, किशमिश, खजूर, केसर जैसे ड्राईफ्रूट्स डाले जाते हैं। इसमें अलग स्वाद लाने के लिए आप ऊपर से केवड़ा या गुलाब जल डालकर शीर खुरमा का जायका चटखारे लगाने को मजबूर कर देता है।

मेहमानों की फरमाइश और उनकी आव भगत के लिए ईद पर तरह-तरह के व्यंजन बनाए जाने की तैयारी है। शीर खुरमा और शीर कोरमा के अलावा शाही टुकड़े, काबुली पुलाव, चिकिन कबाब, मटन बिरयानी, दही बड़े, दही फुलकियां भी बनेंगी।

आसिया कहती हैं कि ईद पर शाही टुकड़े बनाने का इरादा है। यह एक ब्रेड डेजर्ट रेसिपी है। इसे बनाने के लिए ब्रेड के टुकड़ों को देसी घी में तलकर फिर ऊपर से रबड़ी डाली जाती है और रबड़ी पर कसे हुए बादाम, छुआरे और चिलगोजे डाले जाते हैं। बेबी अंजुम बताती हैं कि ईद पर काबुली पुलाव का अपना ही जलवा है। इसे अफगानिस्तान और अन्य सेंट्रल एशियन देशों में पिलाफ कहते हैं। इसमें अनारदाना डालकर सर्व किया जा सकता है। उधर, वेज खाने वालों के लिए चने और सोयाबीन से बने कबाब भी पेश किए जाते हैं।

मंसूरपुर मोड़ पर लगवाए सुरक्षा बोर्ड

मसवासी, अमृत विचार: पुलिस चौकी क्षेत्र के मंसूरपुर मोड़ पर आए दिन डंपर पलटने की घटनाओं पर पुलिस सचेत हो गई है। पुलिस ने मोड़ के दोनों ओर सुरक्षा बोर्ड लगवाए हैं। गांव मंसूरपुर मार्ग पर तीव्र मोड़ होने के चलते आए दिन डंपर पलटने की घटनाएं होती रहती हैं। कई बार राहगीर चोटिल हो चुके हैं। वाहन चालक में गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। तीव्र मोड़ पर वाहन पलटने की घटनाओं से चौकी पुलिस सक्रिय हो गई है। बुधवार को चौकी प्रभारी रोहित कुमार ने पुलिस टीम के साथ मंसूरपुर मोड़ के दोनों ओर सुरक्षा बोर्ड लगवाए हैं। जिससे मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को तीव्र मोड़ की जानकारी हो जाए। जिससे वाहन पलटने की घटनाओं पर अंकुश लग सके। इस दौरान कांस्टेबिल अंकित कुमार, दीपक कुमार, दुर्जन सिंह, चालक राज सागर मौजूद रहे।

स्कूल में ईद मनाते छात्र-छात्राएं, साथ में शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

हेरिटेज चिल्ड्रन अकादमी में ईद की खुशियां मनाते बच्चे। ● अमृत विचार

ईद अमन और आपसी सौहार्द का त्योहार : शबनम

संवाददाता,रामपुर/मिलक

अमृत विचार : लालपुर कला के प्राथमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं ने ईद की खुशी मनाई। रंग-बिरंगी वेशभूषा में आए बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कुछ बच्चों ने ईद ग्रीटिंग बनाकर शिक्षकों व दोस्तों को दिए। कक्षा दो के बच्चों ने कव्वाली से समां बांध दिया। कक्षा तीन की छात्राओं ने ईद के गीत पेशकर मन मोह लिया। प्रधानाध्यापक शबनम आरा ने सभी बच्चों को ईद की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ईद का त्योहार खुशी और मेल-मिलाप का संदेश देता है। स्कूल में सभी हिंदू बच्चों ने मुस्लिम बच्चों के गले मिलकर ईद की बधाई दी। इस दौरान फरहा नकी, बुशरा फिरदौस, राबिया ,आजमी ,फैज बी ,निदा ,नाजम, खतीजा, चुन्नी आदि मौजूद रहीं।

उधर, मिलक में स्थित हेरिटेज चिल्ड्रन अकादमी में बुधवार को ईद समारोह हुआ। इसमें ईदगाह नास से नाटिका प्रस्तुत कर आपसी सौहार्द का संदेश दिया। ईद मुबारक-ईद मुबारक' कव्वाली की शानदार प्रस्तुति दी। प्रधानाचार्या डॉ. रीना दुबे ने विद्यार्थियों को बताया कि ईद सबसे बड़े त्योहारों में से एक है। हर साल ईद पूरी दुनिया में मनाई जाती है। प्रबंधक मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि ईद पर लोग विशेष नमाज अदा करते हैं। इस दौरान कोऑर्डिनेटर एलआर कुशवाहा, गिरजेश सैनी, फरहत उल्लाह खान, बासित अली, सुप्रिया शर्मा, दीप्ति सक्सेना, सरफराज आलम खान,महेंद्र कुमार पांडेय, दुर्गा प्रसाद मौर्य, दीपांशु शर्मा, एहतेशाम खान आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि अजीत कुमार। ● अमृत विचार

नववर्ष पर किया हिंदुओं से एकजुटता का आह्वान

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में हिंदू नववर्ष मनाया गया। मोहल्ला डाम कॉलोनी स्थित ब्रह्मदत्त सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में संघ के आद्य सर संघचालक डॉ. हेडगेवार के चित्र पर माल्यार्पण एवं प्रणाम कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया।

संघ के जिला प्रचारक अजीत कुमार ने नव संवत्सर का महत्व बताया। डॉ. हेडगेवार के चरित्र पर प्रकाश डाला। सनातन धर्म व भारतीय संस्कृति की बात करते हुए हिंदू समाज को सभी भेदभावों से ऊपर उठकर संगठित होने की बात कही। इस दौरान भारत माता के जयघोष होते रहे। नगर संघ चालक प्रदीप मित्तल, नगर कार्यवाह नीरज अग्रवाल, गगन कुमार, राजीव कुमार, मनोज राही, विनय अग्रवाल, सपन अग्रवाल, डॉ. वीके शर्मा आदि उपस्थित रहे।

डेयरी क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: पहाड़ी गेट स्थित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान की ओर से 10 दिवसीय डेयरी फार्मिंग एवं बर्मी कंपोस्ट निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। इसके बाद प्रशिक्षण हासिल करने वालों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

कार्यक्रम में बुधवार को एलडीएम एमएम प्रसाद ने प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी दी। अग्रणी जिला प्रबंधक एमएम प्रसाद ने कहा कि डेयरी फार्मिंग के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। वर्मी कंपोस्ट निर्माण करके अपनी आमदनी को दोगुना किया जा सकता है। यहां इन 10 दिनों में जो कुछ सीखा है उसके अनुसार कार्य करें। कारोबार शुरू करने के लिए अगर ऋण की जरूरत है तो अपनी जरूरत के मुताबिक लें। जिससे अपना बिजनेस भी शुरू हो जाए। बैंक का पैसा आसानी से समय पर अदा कर सकें। खेती में कम से कम अपने खेत में जैविक खाद का इस्तेमाल जरूर करें। किसानों की आय का दूसरा ये सबसे अच्छा आमदनी का तरीका है, पशुओं के रखरखाव के साथ पशुओं की स्वस्थ के किट भी अपने यहां रखें। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए आरसेटी निदेशक अभिषेक आर्या प्रशिक्षणार्थियों को व्यक्तित्व विकास, परियोजना रिपोर्ट , समय प्रबंधन, मार्केटिंग मैनेजमेंट की चलाई जा रही विभिन्न ऋण योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

प्रमाण पत्र दिखाते प्रशिक्षणार्थी, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

रैली निकाल कर मतदान के प्रति किया जागरूक

रामपुर,अमृत विचार: बुधवार को सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में प्रार्थना समय के बाद विद्यालय के सभी बच्चे एकत्रित हुए। विद्यालय के शिक्षकों की देख-रेख में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली नगर विधानसभा के ग्राम हजरतपुर में स्थित कंपोजिट विद्यालय घाटमपुर से शुरू हुई। ग्राम हजरतपुर से रजा इंटर कॉलेज, बापू मॉल, सहारा हॉस्पिटल, सेवा अस्पताल, किला क्षेत्र, नौदरा चौकी से वापस घूम कर विद्यालय पर आकर संपन्न हुई। रैली में विद्यालय के छात्र एवं छात्राएं अभिभावकों को संबोधित करते हुए नारे और स्लोगन लिखी पट्टिकाएं पकड़े हुए थे। छात्र एवं छात्राएं विभिन्न नारे भी लगा रहे थे,जैसे मम्मी पापा भूल न जाना 19 अप्रैल 2024 को वोट डालने जरूर जाना। मतदाता जागरूकता रैली में मुजाहिद खान , चिरंजीव गुड्डू , नसरीन बी , मलखान सिंह ने सहयोग किया।

होम्योपैथी चिकित्सा पर बढ़ा लोगों का विश्वास: डॉ. बीएल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ विश्व होम्योपैथिक दिवस पर हुई गोष्ठी में की चर्चा

अमृत विचार: विश्व होम्योपैथिक दिवस पर आयोजित गोष्ठी में बुधवार को जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीएल श्रीवास्तव ने कहा कि आजकल होम्योपैथी पर लोगों का विश्वास बहुत बढ़ा है। कोरोना काल के बाद होम्योपैथिक की स्वीकार्यता बढ़ गई है। केंद्र, राज्य सरकार भी इसकी उपयोगिता को देखते हुए अब इसे बढ़ावा दे रही है।

जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में विश्व होम्योपैथिक दिवस मनाया गया। वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. लीना गिजवाल ने होम्योपैथी से गंभीर बीमारियों का इलाज संभव है। डॉ. अखिलेश कुमार सक्सेना ने भी हीमा पद्धति से डायग्नोसिस का महत्व बताया। प्रभारी होम्योपैथक चिकित्सा अधिकारी डा. रमेश गुप्ता ने कठिन बीमारियों से ठीक हुए मरीजों के बारे में जानकारी दी। वर्ष 2023 में बेहतर कार्य करने के लिए डा. बीएल श्रीवास्तव ने डा. शिवानी रमन को सम्मानित किया। इस अवसर पर डा. शिवानी रमन, डा.लीना गिंजवाल, डा. प्रमोद कुमार, डा. अखिलेश कुमार सक्सेना,डा. संजीव अग्रवाल, डा. केके अग्रवाल, डा. पीके राजपूत, डा. गीतेश, डा. कपिल कुमार, डा. प्रीति वर्मा, डा. स्नेहा पाल, फार्मासिस्ट अरूणेश मिश्रा, जोगिन्दर, अनिल, अतुल और केसरदेवी आदि शामिल रहे।

दिक्कत ईद और नवरात्र को लेकर बढ़ रही दिक्कत, जिम्मेदार अनजान

अखाड़ा सोहराब खां में पेयजल संकट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: ईद को लेकर शहरवासियों को मूलभूत सुविधाओं को मुहैया कराने के लिए नगर पालिका प्रशासन ने तमाम दावे किए। लेकिन, वे सरकारी कागजों में सिमटकर रह गए हैं। बुधवार को ईद है। शहर के मोहल्ला अखाड़ा सोहराब खां में कई दिनों से पेयजल की समस्या है। पानी नहीं आने पर लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नगर पालिका परिषद कार्यालय के पीछे मोहल्ला केला वाला तालाब, अखाड़ा सोहराब में एक माह से पानी की दिक्कत है। यहां के लोगों के अनुसार, पानी का प्रेशर काफी धीमा है। मोहल्ले में पानी की आपूर्ति नगर पालिका परिषद के ओवरहेड टैंक से आ रही है। लेकिन दो तीन दिन पहले से धीमी गति से पानी आ रहा था। अब वह भी नहीं आ रहा है। ईद को लेकर पालिका की ओर से तैयारियां की गई हैं वे सिर्फ हवा-हवाई हैं। इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। पानी की आपूर्ति को लेकर कई बार पालिका प्रशासन को बताया था

एक माह से मोहल्ले में पेयजल संकट बना हुआ है। आज ईद है, ऐसे में त्योहार पर ज्यादातर पानी का उपयोग होता है। - फहीम

अखाड़ा सोहराब में पाइपलाइन में काफी दिनों से पानी नहीं आ रहा है। पूरा रमजान लोगों ने परेशानी झेली है। लेकिन अनदेखी हुई। - जलील

ईद को लेकर पालिका की ओर से जो तैयारियां की गई हैं जो सभी आधी अधूरी है। मोहल्ले में पानी नहीं आ रहा है। - सरफराज

पानी के बिना सभी काम अधूरे हैं, जब पानी नहीं आएगा तो घरों में कार्य कैसे निपटेंगे। ईद पर परेशानी होगी। - फरजाना बी

नवरात्र, ईद को लेकर पालिका की ओर से व्यस्थाएं की गई हैं। अखाड़ा सोहराब में पानी की किल्लत है तो उसे दिखवाया जा रहा है। जल्द ही उसे सही करा दिया जाएगा। -दुर्गेश्वर त्रिपाठी, ईओ

सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों को बांटे क्षेत्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ तहसीलदार सदर ईदगाह चौराहा व सहायक आबकरी अधिकारी को जामा मस्जिद क्षेत्र की जिम्मेदारी

अमृत विचार: ईद के मौके पर जिले भर में शांति और कानून व्यवस्थ दुर्स्त बनाए रखने के लिए एडीएम लालता प्रसाद शाक्य ने अधिकारियों की विभिन्न थानों और अन्य स्थलों पर डयूटी लगाई है।

तहसीलदार सदर को ईदगाह चौराहा रामपुर, सहायक आबकारी अधिकारी को जामा मस्जिद, उपायुक्त वाणिज्य कर राजीव त्यागी को थाना कोतवाली, जिला होम्योपैथक अधिकारी डा. बालेश्वर लाल श्रीवास्तव को थाना गंज, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. एमके कौशिक को थाना सिविल लाइंस, तहसीलदार टांडा को थाना टांडा, तहसीलदार स्वार अवनींद्र कुमार शुक्ल को थाना स्वार, उपनिदेशक कृषि को थाना अजीमगनर, उपायुक्त वाणिज्य कर सर्वेश कुमार सिंह को थाना मिलकखानम, तहसीलदार बिलासपुर विजय कुमार मिश्र को थाना बिलासपुर, पशु चिकित्सा अधिकारी केमरी डॉ. अजय कुमार वर्मा को थाना बिलासपुर,नायब तहसीलदार सदर संजय कुमार को थाना भोट, तहसीलदार मिलक राकेश चंद्र को मिलक कोतवाली, नायब तहसीलदार मिलक अर्ची गुप्ता को थाना शहजादनगर, वरिष्ठ होम्यो चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश कुमार गुप्ता को थाना पटवाई, तहसीलदार शाहबाद राकेश सोनी को थाना शाहबाद और पशु चिकित्सा अधिकारी अहरो डा. रामलखन की थाना सैफनी क्षेत्र के लिए ड्यूटी लगाई गई है।

गुरुद्वारे में मौजूद पंज प्यारे। ● अमृत विचार

कीर्तन के बाद निशान साहिब को चढ़ाया चोला

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार: गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से सुबह सात बजे नगर कीर्तन निकाला गया। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से गुरु गोविंद सिंह पार्क होते हुए गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार से होता हुआ राधा रोड पहुंचा। इसके बाद आदर्श कॉलोनी, टैक्सी स्टैंड रोड होते हुए 10 बजे नगर कीर्तन समाप्त हुआ। जगह-जगह पर लोगों ने स्वागत किया।

गुरुद्वारे में निशान साहिब का चोला चढ़ाया गया। प्रधान सरदार निर्मल सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया और लोगों को सिरोपा भेंट किया। अरदास ग्रंथि सुरजीत सिंह ने की। इसके बाद गुरु का अटूट लंगर चला। समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने बताया कि गुरुवार सुबह 9:30 बजे अखंड पाठ साहिब की आरामता होगी। 11 बजे अमृत संचार होगा। 12 अप्रैल को पगड़ी प्रतियोगिता होगी। 13 अप्रैल को बैसाखी पर पूरे धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर प्रधान निर्मल सिंह, सरदार मनमीत सिंह, अमरजोत सिंह, जगजोत सिंह, तीरथ सिंह, जसपाल सिंह, इंदर सिंह, जगमोहन सिंह, सेवा सिंह, मनजीत सिंह, अमनदीप सिंह, दविंदर सिंह, रणजीत कौर, बलविंदर कौर, मनजीत कौर सोनिया बड़ी संख्या में संगत उपस्थित रहे।

एक नजर

40 कैन बीयर के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

रामपुर,अमृत विचार : खजुरिया पुलिस ने 40 कैन बीयर के साथ एक आरोपी को पकड़ लिया और उसका चालान कर दिया। थाना खजुरिया पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान आरोपी महेन्द्रपाल पुत्र सोहनलाल निवासी बेगमाबाद थाना खजुरिया को ग्राम बेगमाबाद खजुरिया मार्ग पर खजुरिया मोड़ के पास से दो गत्तों में कुल 40 कैन बीयर के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। उसके बाद पुलिस ने उसका चालान कर दिया।

पुलिस ने ग्रामीण को पकड़ा, तमंचा मिला

रामपुर, अमृत विचार : थाना शाहबाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर राजपाल पुत्र बैशाखीलाल निवासी ग्राम भीतरगांव को एक तमंचा 315 बोर दो कारतूस जिन्दा के साथ ग्राम जयतोली रोड पर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। जिसके बाद पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया। जहां से उसका चालान कर दिया गया। पुलिस लगातार आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है। लोकसभा चुनाव के बीच अवैध शस्त्रों के साथ लोग गिरफ्तार किए जा रहे हैं।

हापुड़ पुलिस ने हकीमगंज की प्रधान के पति को किया गिरफ्तार

फर्जी पासपोर्ट और वीजा समेत अन्य सामान मिला

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/हापुड़

अमृत विचार : हकीमगंज की प्रधान के पति को हापुड़ पुलिस ने कई पासपोर्ट, वीजा और रबर की मुहरों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी काफी समय से लोगों को विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी कर रहा था। हापुड़ निवासी शाहरुख चौधरी की शिकायत पर यह कार्रवाई हुई है।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव हकीमगंज की प्रधान बेबी का पति राशिद काफी समय से नोएडा में रहकर लोगों को विदेश भेजने का काम करता था। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले जिला हापुड़ के अटसेनी निवासी शाहरुख चौधरी ने शिकायत की थी। जिसमें कहा था कि राशिद लोगों को विदेश भेजने के नाम पर उनसे ठगी करता है। उसके बाद से क्राइम ब्रांच हापुड़ ने सोमवार शाम शक होने पर एक कार सवार युवक को पकड़ लिया था। जब हापुड़ पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 58 पासपोर्ट, 122 फर्जी वीजा और 30 रबर की मुहरें बरामद हुईं थीं। पूछताछ में पता चला कि आरोपी राशिद के पास फर्जी दस्तावेज बनाने वाले गिरोह का सदस्य है। गिरोह में और भी लोग शामिल हैं। ये लोग ज्यादातर समय दिल्ली में रहकर फर्जी दस्तावेज बनाते हैं। अजीमनगर एसओ पवनवीर सिंह ने बताया कि उनको इस मामले की जानकारी नहीं है। उधर, हापुड़ पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया कि बिना अनुमति के फर्जी मुहरें दिल्ली के कुछ हिस्सों में बनाई गई हैं जिस पर ध्यान देते हुए एंबेसी कुवैत को भी एक पत्र भी लिखा जाएगा। दो महीने में करीब 18 लाख रुपये की ठगी पंजाब, बिहार, उत्तर प्रदेश में अनेक लोगों से प्रति व्यक्ति 120000 रुपये कुवैत और सऊदी भेजने व नौकरी दिलाने के नाम पर की गई है। गिरफ्तारी करने वाली टीम को एसपी ने 10 हजार रुपये नकद देकर सम्मानित किया है।

काफी समय से चल रहा है धंधा

लोगों को विदेश भेजने के नाम पर लगातार ठगी की जा रही है। हालांकि पुलिस इन मामलों में ज्यादा ध्यान नही देती है। अजीमनगर निवास राशिद के पास से जिस तरह से इतनी संख्या में पासपोर्ट और वीजा मिले हैं। इससे ऐसा माना जा रहा है कि आरोपी संगठन से तो नही जुड़ा हुआ था। पुलिस और सर्विलांस टीमें अब उसके पूरे नेटवर्क को खंगाल रही हैं। पुलिस ने राशिद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

- **विदेश भेजने के नाम पर कर रहा था धोखाधड़ी**
- **यूपी, पंजाब और बिहार के लोगों को झांसा देकर करते थे ठगी**

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह साइकिल पर सवार

रामपुर, अमृत विचार: पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह ने लखनऊ में बुधवार शाम सपा का दामन थाम लिया। उन्हें सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। शाहबाद निवासी चंद्रपाल सिंह भारतीय जनता पार्टी में थे।

भाजपा के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी के करीबियों में इनकी गिनती होती रही है। उसी के चलते यह जिला पंचायत अध्यक्ष बन गए थे। हालांकि इन्होंने लोकसभा चुनाव में नामांकन पत्र भी दाखिल किया था। लेकिन उसको खारिज कर दिया गया था। चंद्रपाल सिंह ने बताया कि आचार संहिता लगी हुई जिसके चलते पार्टी में उन्हें पद नहीं मिला है। चंद्रपाल सिंह लंबे समय तक कांग्रेस में रहे और कांग्रेस के टिकट पर विधायक का चुनाव लड़ा। जिला पंचायत अध्यक्ष का कार्यकाल के आखिरी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने सपा का पक्ष लेते हुए भाजपा के खिलाफ पत्रकारों से बोला था। इसके बाद वह भाजपा से अलग-थलग पड़ गए थे। उन्होंने बताया कि अभी रामपुर की राजनीति में कई उतार-चढ़ाव आने हैं।

युवक पर जानलेवा हमला करने के दोषी को 10 वर्ष की हुई सजा

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार: युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में विशेष न्यायाधीश ईएसी एक्ट के पीठासीन अधिकारी डॉ. विजय कुमार ने दोषी का 10 वर्ष की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की आधी धनराशि पीड़ित को देनी होगी।

गंज थाना क्षेत्र के डूंगरपुर निवासी हनीफ कुरैशी के अनुसार, उसका भाई काफी समय से डूंगरपुर में मकान बनाकर रह रहा है। कभी-कभी वह उसके घर भी आता था। इस मोहल्ले में उसका सगा फुफेरा भाई तालिब भी किराये के मकान में रह रहा था। कुछ समय पहले मेरे बेटे अरमान व तालिब के बाच फोन पर किसी बात को लेकर बहस हो गई थी। उसके बाद आठ मई 2018 सुबह 11 बजे अरमान अपने चाचा के यहां आया था। इसके चलते

तालिब ने उस पर फायर कर दिया था जिससे वह घायल हो गया था। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में परिजनों की तहरीर के आधार पर गंज थाने की पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने मामले की विवेचना कर चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी।

इस मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश ईएसी एक्ट की कोर्ट में हुई। एडीजीसी कुमार सौरभ ने बताया कि बुधवार को इस मामले में कोर्ट ने दोषी को 10 वर्ष की सजा सुनाई। साथ ही 50 हजार रुपये का जुर्माना अदा करने का आदेश दिया है।

- **कोर्ट ने आरोपी पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया**

प्रेम विवाह को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, रिपोर्ट

केमरी, अमृत विचार : प्रेम विवाह को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले जिससे छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मारपीट की यह घटना केमरी थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया की है। यहां यूनुस अंसारी और नूर अहमद अंसारी के परिवार रहते हैं। पुलिस के मुताबिक, प्रथम पक्ष की युवती ने दूसरे पक्ष के युवक के साथ 10 माह पहले प्रेम विवाह कर लिया था। तभी से दोनों परिवारों में रंजिश है। मंगलवार शाम लगभग 6 :42 बजे दोनों पक्ष नमाज पढ़कर गांव में बनी छोटी मस्जिद से बाहर निकल रहे थे। दोनों पक्ष मस्जिद से कुछ दूरी पहुंचे थे। तभी कहासुनी हो गई। लाठी डंडों से एक-दूसरे पर हमला कर दिया। दोनों की ओर से जान से मारने की धमकियां दी गईं। ग्रामीणों के मुताबिक, करीब 20 से 25 मिनट दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। पुलिस ने दोनों पक्षों के यासीन, यूनुस, जाहिद, ताहिर, मुर्तजा, चांद मुस्तफा, अयान, गुलाम साबिर समेत नौ आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर किया है।

पुलिस की गिरफ्त में सामान के साथ मौजूद आरोपी। ● अमृत विचार

पुलिस ने सैफनी क्षेत्र में तमंचा फैक्ट्री पकड़ी, आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार: सैफनी प्रभारी हरिओम सिंह ने सूचना के आधार पर ललवारा जंगल में एक झोपड़ी में छापा मारकर वहां से तमंचे बनाते हुए एक आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया है।

सैफनी थाना प्रभारी को सूचना मिली कि लालवारा के जंगल में झोपड़ी में व्यक्ति तमंचे बना रहा है। इसके बाद पुलिस ने वहां छापा मारकर आरोपी वाजिद को अवैध शस्त्र बनाते हुए गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से शस्त्र बनाने के उपकरण, तीन तमंचे, छह कारतूस मिले हैं। एक धोकनी, आधा किलो कोयला, एक गुनिया, प्लास्टिक के डिब्बे में 22 वेल्डिंग रॉड, तमंचे की नाल बनाने के लिए लोहा धातु के छोटे-बड़े पांच टुकड़े, हथौड़ा, तीन छैनी आदि सामान मिला।

आरक्षण के आधार पर दिव्यांगों को मिले नौकरी

रामपुर, अमृत विचार: ऑल इंडिया दिव्यांग सेवा संगठन के राष्ट्रीय महासचिव सिफात अली खां ने कहा कि सांसद ऐसा बनना चाहिए जोकि आरक्षण के आधार पर दिव्यांगों को नौकरी दिला सके। साथ ही उनकी समस्याओं का समाधान करा सके। बुधवार को जेल रोड बाग छोटे साहब में ऑल इंडिया दिव्यांग सेवा संगठन की बैठक हुई। अध्यक्षता रामौतार सागर ने की। इस अवसर पर फैजान अली, कासिम अली, आरिफ, कल्लू, मोहम्मद रफी, कैलाश नूर, मोहम्मद इकबाल, आकाश, कमल सिंह, इरफान आदि शामिल रहे।

हादसे में बाइक सवार वृद्व घायल

रामपुर,अमृत विचार: पटवाई रोड पर कार की चपेट में आकर बाइक सवार वृद्व घायल हो गया। उसको परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। ज्वालानगर निवासी वृद्व शाहिद बाइक से बुधवार दोपहर शाहबाद जा रहे थे।

सार संक्षेप

सभासद का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

कानूनी लड़ाई के बाद वार्ड चार के सभासद बने आशीष

रामपुर, अमृत विचार : कानूनी लड़ाई लड़ने के बाद बुधवार को वार्ड चार के सभासद आशीष सागर बन गए हैं। इसके बाद लोगों ने उनका स्वागत किया। कुछ माह पहले नगर पालिका परिषद का चुनाव हुआ था। इसमें वार्ड चार के सभासद के लिए विनोद कश्यप ने भी चुनाव लड़ा था और उन्होंने जीत दर्ज कर ली थी। सिविल लाइन के इंद्रप्रस्थ कालोनी निवासी आशीष कुमार ने सभासद द्वारा फर्जी दस्तावेज के सहारे चुनाव लड़ने की शिकायत दर्ज कराई थी। उसके बाद आशीष सागर ने काफी समय तक लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी। इसके बाद जिला जज की कोर्ट ने नौ अप्रैल को आदेश जारी करते हुए विनोद कश्यप का वर्ष 2023 नामांकन फॉर्म और निर्वाचन प्रमाण पत्र विधि विरुद्व व शून्य घोषित कर दिया। आशीष सागर को सभासद घोषित कर दिया।

लोगों के साथ मौजूद बसपा के जिलाध्यक्ष प्रमोद सागर। ● अमृत विचार

बसपा सरकार में गरीबों को मिलता था न्याय : प्रमोद

रामपुर, अमृत विचार : बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं स्टार प्रचारक प्रमोद सागर ने नगर विधानसभा के कई गांव का दौरा किया। नुक्कड़ सभा में कहा कि अब समय आ गया है कि 19 अप्रैल को चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार जीशान खान को कामयाब बनाएं। बसपा की सरकार में कानून व्यवस्था दुरुस्त थी। गरीब को भी न्याय मिलता था। हर समाज को न्याय और सम्मान मिलता था, लेकिन भाजपा की सरकार में पक्षपात हो रहा है। दबे, कुचले, मजदूर का शोषण हो रहा है। इस अवसर पर जिला सचिव रमेश श्रीवास्तव ,विधानसभा अध्यक्ष राकेश सागर, हरदोई लाल सागर, अशोक मास्टर, भूप सिंह, रामपाल, प्रताप, संतराम, अमित कुमार सागर, प्रमोद कुमार सागर, सोनू व रंजन सिंह आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

भाजपा में नए पदाधिकारियों का स्वागत करते ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह।

भाजपा में पहुंचे संतोख खैहरा, किया गया स्वागत

बिलासपुर, अमृत विचार : संतोख सिंह खैहरा एडवोकेट देर शाम अपने समर्थकों के साथ राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के कैंप कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने भाजपा में अपनी वापसी कर ली है। राज्यमंत्री की अनुपस्थिति में ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख व नगराध्यक्ष चेतन पारूथी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। संतोख खैहरा भाजपा में जिला उपाध्यक्ष व केन्द्रीय उपभोक्ता भंडार संघ के सभापति रह चुके हैं। भाजपा नेता बने खैहरा ने पार्टी ज्वाइन करने के बाद कहा कि वह अपने परिवार में आ गए हैं और सभी गिले-शिकवे दूर हो चुके हैं। नगराध्यक्ष ने कहा कि खैहरा के आने से पार्टी को और मजबूती मिली है। लोकसभा चुनाव में इसका फायदा होगा।

पैदल गश्त करते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

पैदल मार्च कर लोगों को दिया सुरक्षा का भरोसा

केमरी, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव व ईद के दृष्टिगत नगर में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी सतेंद्र यादव ने पुलिस बल के साथ केमरी में पैदल मार्च किया। मार्केट से होते हुए अस्पताल तिराहा, सराफा मार्केट, शिव रामजानकी मंदिर, राजकीय इंटर कॉलेज होते हुए आम जनमानस में सुरक्षा का अहसास कराया।

चुराई गई लकड़ी पकड़ी, दो लोग गिरफ्तार

संवाददाता, पटवाई

अमृत विचार: मिलक-पटवाई रोड पर पुलिस ने खैर की प्रतिबंधित लकड़ी पकड़ ली। लकड़ी की कीमत लगभग आठ लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने कैंटर के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि हरियाणा के जनपद सोनीपत निवासी संजीत

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

व उत्तराखंड के उधमसिंह नगर के थाना गदरपुर के गांव पत्थर कुई निवासी नाजिम मिलक-पटवाई रोड पर कैंटर ले कर जा रहे थे। इस दौरान उन्हें रोककर कैंटर चेक किया गया तो उसमें खैर की प्रतिबंधित लकड़ी मिली। पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि वह पीपली वन से लकड़ी चुराकर ला रहे थे। बताया कि लकड़ी की कीमत लगभग आठ लाख रुपये है। पुलिस ने कैंटर के साथ लकड़ी को जब्त कर लिया।

पिछले मतदान का तोड़ेंगे रिकार्ड : राठौर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि जनपद की सबसे मजबूत विधानसभा, भारतीय जनता पार्टी के लिए मिलक शाहबाद है। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में सब लोगों की कड़ी मेहनत से हम हर बार के मतदान का रिकॉर्ड तोड़ देंगे। इससे पहले युवाओं ने बाइक रैली निकाली।

बुधवार को प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर शाहबाद पहुंचे। उन्होने विधानसभा मिलक-शाहबाद के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। राठौर ने कहा कि मिलक शाहबाद में रिकार्ड तोड़ वोट पाने के लिए सभी को अपने-अपने बूथों पर मेहनत करनी होगी। मतदान प्रतिशत को बढ़ाना होगा। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू, विधायक राजबाला, सह प्रभारी मंजू दिलेर,पूर्व विधायक काशीराम,

कार्यक्रम में शामिल प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर व अन्य। ● अमृत विचार

सुरेश गंगवार, नरेंद्र ठाकुर, विवेक पांडेय, संजय चौधरी, मुन्नी देवी गंगवार, अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। मिलकखानम में युवाओं ने बाइक रैली निकाली। रैली में मंडल अध्यक्ष सुखदेव सिंह चीमा, चिंटू कशप, हरी ओम, सचिन चौधरी, शिवम पंडित, ऋषभ ठाकुर, आदि मौजूद रहे। इसके अलावा लोकसभा कार्यालय पर चुनाव प्रभारी हरि सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में एक एनजीओ सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें जनपद के कुछ प्रमुख एनजीओ चलने वाले लोग शामिल हुए। ढिल्लो ने एनजीओ कहा कि आप सभी समाज के लिए एक मिसाल है।

कार्यक्रम में शकुंतला लोधी, प्रिया अग्रवाल, सतीश भाटिया, रविंद्र गुप्ता, अनुज सक्सेना, संजय पाठक, राजीव मांगलिक, सरिता विश्नोई, नीलम साहनी, पारुल अग्रवाल और भी अन्य एनजीओ प्रमुख उपस्थित रहे।

अष्टभुजी माता के मंदिर में मन्नत मांगने से संतान की होती है प्राप्ति

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार: नवरात्र के दिनों में गीता मंदिर में स्थापित अष्टभुजी माता के मंदिर में माथा टेकने वाले श्रद्धालुओं की हर मनोकामना पूरी होती है। मान्यता है कि नवरात्र में गोद भराई के बाद मन्नत मांगने पर निसंतान को भी संतान की प्राप्ति होती है।

नगर की पंजाबी कॉलोनी स्थित गीता मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। इसकी स्थापना मदनगोपाल कालिया, चाननदास खेड़ा, मुलखराज सपरा व दर्शन लाल सपरा ने 1982 में बुध पूर्णिमा महामृत्युंजय शिव की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की थी। इसके बाद सुभाष सपरा ने अष्टभुजी दुर्गा माता की प्राण प्रतिष्ठा कराई थी। तभी से मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र माना जाता है। नवरात्रों के दिनों

अष्टभुजी माता का विग्रह।

में दुर्गा मां के मंदिर में गोद भराई की रस्म के बाद मन्नत मांगने पर निसंतान को भी संतान की प्राप्ति होती है। अष्टभुजी माता के मंदिर में श्रद्धालुओं कि तांता लगा रहता है। माता दर पर चलकर आने वाले श्रद्धालुओं की हर मनोकामना पूर्ण करती हैं। मंदिर के सेवादार राकेश राठौर ने बताया कि चैत्रीय नवरात्र में जिन श्रद्धालुओं की मन्नतें पूरी हो जाती है। वह माता को चुनरी ओर श्रृंगार भेंट करते हैं।

किला मैदान में होगा ईद मिलन समारोह

रामपुर, अमृत विचार: किला मैदान में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें सभी राजनैतिक दलों के लोग एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देंगे। व्यापार मंडल समेत अनेक संगठनों द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे। इस अवसर पर शहर विधायक आकाश सक्सेना, पूर्व सांसद बेगम नूरबानो, पूर्वमंत्री नवेद मियां, आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता फैसल खां लाला, समाजसेवी मामून शाह खां, मुस्तफा हुसैन, काशिफ खां, धर्मेंद्र देव गुप्ता, कांग्रेसी नेता मुर्ती उर रहमान बब्लू समेत कई नेता शामिल होंगे।

प्रद्युत को मिली ब्लड बैंक की जिम्मेदारी

रामपुर,अमृत विचार: जिला अस्पताल के ब्लड बैंक की जिम्मेदारी डा. प्रद्युत सिंह को दी गई है। पहले जिम्मेदारी डा. शमीम के पास थी। लेकिन वह बीमार होने के कारण सेवाएं देने में असमर्थ थे।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- HUMANITIES AND JOURNALISM English
- FACULTY OF PHARMACY

Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25

Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India · Medical Council Of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Uttar Pradesh State Medical Faculty

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

डेन्टल साइसेंज
यूजी डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/यूजी डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स

नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग क्रिटिकल केयर में नर्स प्रैक्टिशनर/(मेडिकल सर्जिकल/बाल स्वास्थ्य/सामुदायिक स्वास्थ्य/मानसिक स्वास्थ्य/प्रसूति एवं स्त्री रोग) में एमएससी नर्सिंग

फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

पैरामेडिकल साइसेंज
डिप्लोमा-मेडिकल लैब टैक्नीसियन/एक्स-रे टैक्नीसियन में डिप्लोमा/डायलिसिस टैक्नीसियन में डिप्लोमा/इमरजेंसी और ट्रामाकेयर में डिप्लोमा/एम आर आई टैक्नीसियन में डिप्लोमा/फिजियोथेरेपी में स्नातक/बीएससी (चिकित्सा प्रयोगशाला टैक्नीसियन)/रेडियोलॉजीकल इमेजिंग तकनीक में बीएससी/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

फोरेंसिक साइसेंज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (वित्त और कराधान)/बीसीए (आ टी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ

ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

एक नजर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल महानगर में

मुरादाबाद, अमृत विचार : केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार को दिल्ली रोड से सटे बुद्धि विहार के मैदान में भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश कुमार सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके कार्यक्रम को देखते हुए पार्टी के पदाधिकारियों ने जनसभा स्थल पर तैयारियों की निगरानी की। भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने जनसभा स्थल पर पहुंचकर गृहमंत्री की जनसभा स्थल पर मंच, वाहनों की आवाजाही, पार्किंग आदि प्रबंधन के अलावा वीआईपी गैलरी में किए जा रहे प्रबंधों को देखा। जिलाध्यक्ष ने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री की जनसभा 12 अप्रैल को सुबह 10 :30 बजे होगी। इसके लिए सभी जरूरी तैयारियों को पूरा कराया जा रहा है। मुरादाबाद लोकसभा सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। ऐसे में केंद्रीय गृहमंत्री की जनसभा पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम करेगी।

ईदगाह में सुबह 8 और 9 बजे होगी ईद की नमाज

मुरादाबाद, अमृत विचार : गुरुवार को ईद उल फितर की नमाज ईदगाह के मैदान में दो बार अदा की जाएगी। इसके अलावा महानगर की अन्य मस्जिदों में अलग-अलग समय पर ईद की नमाज अदा की जाएगी। नायब शहर इमाम ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि सभी लोग नमाज के लिए समय से पहुंचे और सड़कों पर नमाज पढ़ने से बचें। इस बार लोग सड़क पर नमाज न पढ़े, इसके लिए ईदगाह में दो नमाजों का इंतजाम किया गया है। जिसमें पहली नमाज सुबह 8 :00 बजे और दूसरी नमाज 9 :00 बजे अदा की जाएगी। जिसके लिए जिला प्रशासन और नगर निगम के अधिकारियों ने अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। नायब शहर इमाम ने मुसलमानों से अपील करते हुए कहा है कि आप लोग ईदगाह में वक्त से पहले पहुंचे और प्रशासन व शासन द्वारा जारी आदेशों का पालन करें। इसके अलावा शहर इमाम सैय्यद मासूम अली आजाद ने कहा है कि आप लोग प्रशासन का सहयोग करे।

अगवानपुर में सवा आठ बजे अदा की जाएगी नमाज

अगवानपुर, अमृत विचार : ईदगाह में गुरुवार को सवा आठ बजे ईद उल-फितर की नमाज अदा की जाएगी। इसे लेकर बुधवार को अगवानपुर चौकी प्रभारी सुरक्षा व्यवस्था के उद्देश्य से मौके पर पहुंचे और नमाजियों के लिए किए गए इंतजाम की पड़ताल की। ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष बब्बू ठेकेदार ने बताया कि ईद उल-फितर की नमाज जामा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती फरीद रजा मिस्वाही पढ़ाएंगे। यहां ईद की नमाज सुबह सवा आठ बजे अदा की जाएगी। वहीं नगर के मोहल्ला सराय फारूख में स्थित शिया सादात मस्जिद में भी नौ बजे ईद उल फितर की नमाज अदा की जाएगी। जिसको मौलाना मो . अब्बास नकवी अदा कराएंगे।

22 अप्रैल को निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

मुरादाबाद, अमृत विचार : हनुमान मूर्ति माता मंदिर सेवा समिति ने श्रीबाली जी का दो दिवसीय जन्मोत्सव 22 व 23 अप्रैल को मनाने का निर्णय लिया है। तैयारियों को लेकर हुई बैठक में बताया गया कि प्रथम दिन 22 अप्रैल को शोभायात्रा निकाली जाएगी। 23 अप्रैल को भंडारा होगा। बैठक में सदस्यों को दायित्व भी सौंपे गए। अध्यक्षता शिवचरन लाल व संचालन रामनाथ प्रजापति ने किया। इस दौरान गोविंद राम, हरपाल सिंह, राजवीर सिंह, राकेश, नवनीत चौहान, नन्हें श्रीवास्तव, राजाराम, खेम सिंह आदि शामिल रहे।

आयोग के नियमों का सभी करें पालन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ कराना सभी की जिम्मेदारी है। इसमें मीडिया का सहयोग महत्वपूर्ण है।

कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव की आदर्श आचार संहिता का पालन सभी को करना है। इसके उल्लंघन पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि मीडिया भी इसमें सहयोग करे। उन्होंने कहा कि सी विजिल एप डाउनलोड कर इसके माध्यम से आचार संहिता उल्लंघन की जानकारी दी जा सकती है। शिकायत दर्ज कराने के 100 मिनट के अंदर उस पर कार्रवाई होगी। इसके अलावा सुविधा एप डाउनलोड कर भी मतदान और मतगणना से संबंधित सहूलियत और समस्या की जानकारी का आदान प्रदान किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि मतदान कर्मचारियों को किट दी जा रही है। जिसमें 17 सामग्री दी जा रही है। जिसमें तौलिया, साबुन, मच्छर मारने के लिए क्वाइल, लिक्वीडेटर आदि रखी गई हैं। इससे मतदान केंद्रों पर कार्मिकों को कार्य में आसानी होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान के दिन कवरेज के दौरान प्रशासन मीडिया कर्मियों का सहयोग करेगा।

इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, अपर जिलाधिकारी प्रशासन उप जिला निर्वाचन अधिकारी गुलाब चंद, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र, जिला सूचना अधिकारी असित सोमवंशी मौजूद रहे।

सुविधा केंद्र में मतदान कार्मिकों ने लिया ईडीसी

मुरादाबाद, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में सकुशल मतदान कराने के लिए ड्यूटी में लगे कार्मिकों को बुधवार को कांठ रोड स्थित राजकीय महिला पालीटेक्निक कांठ रोड पर बने फैसिलिटी सेंटर में निर्वाचन ड्यूटी प्रमाणपत्र (ईडीसी) दिया गया। फैसिलिटेशन सेंटर (सुविधा केंद्र) में डाक मतपत्र व ईडीसी के बारे में जानकारी कार्मिकों को दी गई। व्यवस्था की निगरानी करने के लिए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व डाक मतपत्र प्रभारी सत्यम मिश्र पहुंचे। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के रजिस्टर चेक किए। उन्हें मतदान कराने की बारीकियों की जानकारी दी। बताया कि जिन कार्मिकों को ईडीसी दिया गया है वह मतदान के लिए ड्यूटी पर रवानगी स्थल पर डाक मतपत्र के माध्यम से स्वयं मतदान करने के बाद जाएंगे। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि बुधवार के अलावा 12, 13 व 14 अप्रैल को मतदान कार्मिकों को ईडीसी व डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की जानकारी दी जाएगी। मतदान कार्मिकों को स्वयं के मतदान के साथ ही 19 अप्रैल को बूथों पर मतदान के दिन अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता, निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ निभाने का निर्देश दिया।

मुरादाबाद, संभल, अमरोहा और रामपुर में सपाई और कांग्रेसी कर रहे हैं प्रत्याशियों का विरोध

गठबंधन प्रत्याशियों को अपनों को साधने की चुनौती

लोक सभा चुनाव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: इस बार लोकसभा चुनाव में मंडल की चार सीटों पर गणित उलझा है। सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशियों को अपने ही लोगों का विरोध झेलना पड़ रहा है। मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा और संभल सीट पर सपाई और कांग्रेसी ही अपने प्रत्याशियों का विरोध कर रहे हैं। ऐसे में प्रत्याशियों को वोटरों को साधने के साथ अपनों को मनाने की चुनौती भी है।

मुरादाबाद लोकसभा सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। जिसको देखते हुए प्रत्याशी वोटरों को लुभाने में लगे हैं। भाजपा, सपा, बसपा और निर्दलीय प्रत्याशी मतदाताओं से

▸▸ मुरादाबाद लोकसभा सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को डाले जाएंगे वोट

जनसंपर्क कर अपने हक में वोट करने की अपील कर रहे हैं। मगर मुरादाबाद, अमरोहा, रामपुर और संभल सीट पर सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी अभी अपनों को मनाने में जुटे हैं। मुरादाबाद में सपा ने पहले मौजूदा सांसद डॉ. एसटी हसन को टिकट दिया था। लेकिन, नामांकन कराने के बाद उनका टिकट काट दिया गया और पूर्व विधायक रुचि वीरा को पार्टी ने अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया। नामांकन कराने के बाद से सपा की प्रत्याशी लोगों से मुलाकात कर अपने हक में वोटों की अपील कर रही है, लेकिन उनके सामने सपाई ही चुनौती बने हैं। पार्टी के दो गुटों में से एक उनका विरोध कर रहा है। इस विरोध का असर यह रहा कि पार्टी हाईकमान ने डीपी यादव को जिलाध्यक्ष पद से हटा दिया। ऐसे में जीत से पहले विरोध थामने की चुनौती से सपा प्रत्याशी जूझ रही हैं। बात करें अमरोहा की तो यहां से सपा-कांग्रेस गठबंधन की ओर से कांग्रेस के टिकट पर मौजूदा सांसद कुंवर दानिश मैदान में दोबारा अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वह बसपा से सांसद चुने गए थे लेकिन, पार्टी से निष्कासित होने के बाद उन्होंने कांग्रेस का हाथ थाम लिया। यहां सपाई और कांग्रेसी ही उनका विरोध कर रहे हैं। इसमें कांग्रेस के लोग सबसे आगे हैं। यहां से कई नेता जिन्हें टिकट नहीं मिला वह दूसरे दल से आए व्यक्ति को टिकट देने से नाराज हैं। सपा ने रामपुर से मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी को प्रत्याशी बनाया है। उनको आजम समर्थकों का सहयोग नहीं मिल रहा है। आजम खां के समर्थक और सपा के कार्यकर्ता अंदरखाने प्रत्याशी के विरोध में हैं। संभल से पार्टी ने मौजूदा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क के निधन के बाद उनके पोते जियाउर्रहमान बर्क को प्रत्याशी बनाया है। जबकि इस सीट से सपा के टिकट के अन्य कई दावेदार थे। इसके अलावा संभल में डॉ. बर्क और सपा विधायक इकबाल महमूद की राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता जगजाहिर है। इकबाल महमूद ने अभी जियाउर्रहमान का खुलकर समर्थन करने का एलान नहीं किया है। सूत्रों को माने तो वह अंदर खाने जिया का विरोध कर रहे हैं। वहीं कुछ सपाई भी जिया को मजबूती से चुनाव नहीं लड़ा रहे हैं। ऐसे में मंडल की इन चारों सीटों पर सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशियों के आगे अपने ही बड़ी चुनौती बने हैं।

ई-रिक्शा रैली से किया लोगों को मतदान के लिए प्रेरित

जिला निर्वाचन अधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने दिखाई झंडी, पंचायत भवन से निकली रैली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बुधवार को पंचायत भवन से ई रिक्शा जागरुकता रैली निकाली गई। चुनाव का पर्व, देश का गर्व, लोकतंत्र में दें योगदान 19 अप्रैल को करें मतदान आदि के नारे के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

ई रिक्शा पर स्टीकर चिपका कर लोगों मतदान के लिए को प्रेरित करने का आह्वान किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि ई-रिक्शा पर लगे स्टीकर केवल कागजी नहीं है बल्कि सभी ई-रिक्शा चालकों के लिए एक संदेश है कि वे चुनाव आयोग और जिला प्रशासन द्वारा मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों में सहयोग करें। ई-रिक्शा में बैठने वाले सभी लोगों को उनके वोट का महत्व बताएं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने ई-रिक्शा चालकों को बताया कि वह 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के दिन महिलाओं, दिव्यांगजन, बुजुर्गों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्रों तक वोट डालने के लिए पहुंचाने में सहयोग करें। मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने कहा कि हमारा कर्तव्य है कि हम मतदान न करने वाले व्यक्तियों और परिवारों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करें। रैली में एआरटीओ प्रवर्तन आनंद निर्मल, प्रभारी निरीक्षक यातायात अनुराधा सिंघल, उप निरीक्षक यातायात जशवीर सिंह और उनकी टीम के सदस्यों के साथ राजेन्द्रपाल, नाजिम रिजवी, रितु नारंग स्वीप अभियान की सामाजिक कार्यकर्ता, कपिल रस्तोगी सदस्य जिला सड़क सुरक्षा समिति व स्वीप से जुड़े अन्य लोग शामिल रहे।

मतदाता जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह, एसएसपी हेमराज मीना व अन्य।

ईवीएम वेयर हाउस व स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

मुरादाबाद, अमृत विचार- जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन कार्यालय में स्थित ईवीएम वेयर हाउस का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वीवीपैट कमिशनिंग कार्य की जानकारी ली। वहां उपस्थित अधिकारियों को इसके बारे में निर्देश दिया कि काम में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर ईवीएम प्रभारी बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में उन्होंने मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता आरईडी को कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द आदि मौजूद रहे।

मुशायरा ग्राउंड से बैंकर्स ने निकाली रैली

मुरादाबाद, अमृत विचार : स्वीप मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मुशायरा ग्राउंड से जिले के सभी बैंकर्स की मतदाता जागरुकता रैली को जिला निर्वाचन अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली पीलीकोठी होते हुए कांठ रोड प्रेम फिलिंग स्टेशन तक गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जन सामान्य से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, एलडीएम विशाल दीक्षित, स्वीप आइकन रितु नारंग और बैंकों के कर्मचारी मौजूद रहे।

प्रशिक्षण से 18 पीठासीन अधिकारी अनुपस्थित रहे, कार्रवाई के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ दोनों पालियों में 62 मतदान कार्मिक भी रहे नदारद

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के मतदान के लिए दूसरे चरण का प्रशिक्षण बुधवार को कांठ रोड स्थित राजकीय पालीटेक्निक पुरुष व महिला में दिया गया। प्रशिक्षण दो पालियों में चला। जिसमें 18 पीठासीन अधिकारी और 62 मतदान कार्मिक अनुपस्थित रहे। प्रभारी अधिकारी कार्मिक मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने अनुपस्थित पीठासीन अधिकारियों व कार्मिकों पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

मतदान कराने के लिए पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय को दो पालियों में इन दोनों शैक्षणिक संस्थानों में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में इन्हें ईवीएम, कंट्रोल यूनिट, वीवीपैट के संचालन के तरीके बताए गए। साथ ही मतदान के लिए मॉक पोल कराने व मतदान के लिए आने वाले मतदाताओं से संबंधित बारीकियां भी बताई गईं। राजकीय पालीटेक्निक पुरुष में प्रथम पाली में प्रशिक्षण में 143 पीठासीन अधिकारियों में से 138 उपस्थित और 5 अनुपस्थित रहे। वहीं मतदान अधिकारी प्रथम 143 में से 139 उपस्थित, 4 अनुपस्थित रहे। यहां दूसरी पाली के प्रशिक्षण में 143 में से 138 पीठासीन उपस्थित रहे और पांच ही अनुपस्थित रहे। मतदान अधिकारी प्रथम में 143 में से 4 अनुपस्थित रहे। मतदान अधिकारी द्वितीय 143 में से सात अनुपस्थित रहे।

राजकीय पालीटेक्निक महिला में प्रथम पाली में 130 पीठासीन अधिकारी में से 1 अनुपस्थित रहे। मतदान अधिकारी प्रथम 130 में से 2 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में यहां 130 में से 7 पीठासीन अधिकारी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनों पालियों के प्रशिक्षण में दोनों जगहों को मिलाकर 546 पीठासीन अधिकारियों में से 528 उपस्थित और 18 अनुपस्थित रहे। जबकि मतदान अधिकारी प्रथम और द्वितीय 546 में से 532 उपस्थित और 14 अनुपस्थित रहे। मतदान अधिकारी तृतीय 546 में से 530 उपस्थित और 16 अनुपस्थित रहे। पीठासीन अधिकारियों को हस्तपुस्तिका का वितरण किया गया। मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण में सभी बारीकियां बताई। जिसे शंका रही उन्होंने सवाल पूछकर उसका समाधान किया।

मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री करने वाले तस्कर को दबोचा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ दो से तीन लाख रुपये के माल की रोज कर रहा था तस्करी

अमृत विचार : सिविल लाइंस थाना पुलिस ने बुधवार को फकीरपुरा पुलिस चौकी क्षेत्र में आदर्श कॉलोनी में मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री करने वाले तस्कर को दबोचा है। पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए तस्कर रवि राजन के पास से 50 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। आरोपी ने स्वीकार किया है कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से गिरोह के रूप में प्रतिदिन लगभग दो-तीन लाख रुपये की स्मैक खरीद-बिक्री करता है। इसके विरुद्ध पूर्व में भी मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में तीन एफआईआर दर्ज हैं। इसके अलावा आबकारी अधिनियम के तहत भी दो मामले दर्ज हैं।

पुलिस लाइन सभागार में एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि अभियुक्त रवि राजन के विरुद्ध कुल 9 मामले दर्ज हैं। ये सभी प्रकरण सिविल लाइंस थाने में ही दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि पूछताछ में अभियुक्त ने बताया है कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर संयुक्त गिरोह के रूप में चोरी-छिपे स्मैक, अवैध शराब व अन्य मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त का काम करता है। वह लोग प्रतिदिन दो से तीन लाख रुपये के मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त करते हैं। एसपी सिटी ने बताया कि अभियुक्त से अभी पुलिस पूछताछ कर रही है। इसके विरुद्ध एक मामला भारतीय विद्युत अधिनियम के तहत भी सिविल लाइन थाने में अंकित है। यह वर्ष 2012 में दुष्कर्म करने का भी आरोपी रहा है।

अनिकेत और सचिन शर्मा ने की थी दोस्त विष्णु सैनी की हत्या

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : जयंतीपुर के विष्णु सैनी की हत्या के आरोपी दोनों दोस्तों को कटघर थाना पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। विष्णु की हत्या का कारण पुलिस ने दोस्त की पत्नी के लिए आपत्तिजनक बातें कहना बताया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में डबल फाटक निवासी अनिकेत पुत्र राम प्रकाश सैनी और बरेली के थाना बारादरी क्षेत्र के संजय नगर कॉलोनी निवासी सचिन शर्मा उर्फ बिट्टू पुत्र ओमकार शर्मा हैं। सचिन शर्मा वर्तमान में कटघर थाना क्षेत्र में होली चौक भदौड़ा में रह रहा है।

पुलिस लाइन सभागार में एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने घटना का पर्दाफाश करते हुए बताया कि विष्णु की हत्या का मुख्य अभियुक्त अनिकेत सैनी है। इसने पूछताछ में बताया है कि वह और सचिन शर्मा उर्फ बिट्टू व विष्णु अच्छे दोस्त थे। उन तीनों का आपस में उठना-बैठना और खाना-पीना भी साथ में होता था। तीन-चार दिन पहले उसे (अनिकेत) व सचिन को डबल फाटक के पास विष्णु मिला था। वहीं पर अनिकेत के मुहल्ले के कुछ लोग भी खड़े थे। इसी समय विष्णु ने उसकी पत्नी के बारे में आपत्तिजनक शब्द बोल दिए थे। जिससे उसे काफी आत्मग्लानि हुई थी। विष्णु की इन बातों से अनिकेत गुस्से में था। उस समय भी दोनों विवाद हुआ था। सचिन शर्मा उर्फ बिट्टू ने भी विष्णु को टोका था। एसपी सिटी ने बताया कि अनिकेत का पत्नी से डेढ़ साल से विवाद चल रहा है। वह मायके में रह रही है। उसकी पत्नी की फोटो किसी ने सोशल मीडिया पर डाल रखी है और उसमें एडिट करके आपत्तिजनक शब्द लिख रखे हैं। यह पोस्ट उसने अपने दोस्तों को दिखाई थी और विष्णु ने भी देखी थी। मुख्य आरोपी ने यह भी बताया है कि कुछ दिन पहले विष्णु ने कुछ दिन पहले ही अपनी जमीन बेची थी। उसके पास काफी रुपये भी थे। जिस कारण विष्णु रुपये खर्च कर अपने दोस्तों अनिकेत और सचिन शर्मा उर्फ बिट्टू को कई दिनों से शराब पिला रहा था।

हत्या का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक नगर अखिलेश भदौरिया, साथ में दोनों आरोपी।

योजना बनाकर ले गए थे कब्रिस्तान, वहां भी पी शराब

एसपी सिटी ने बताया कि सोमवार की शाम अनिकेत और सचिन शर्मा विष्णु सैनी को उसके घर से उसकी स्कूटी पर साथ ले आए थे। अनिकेत ने पुलिस को बताया कि योजना बनाकर विष्णु को मैदा मिल के पास वाले कब्रिस्तान में ले गए थे। कब्रिस्तान में वह और सचिन शर्मा ने विष्णु को जमकर शराब पिलाई। नशे में विष्णु फिर उसकी पत्नी को अपशब्द कहने लगा था। जिस पर अनिकेत आगबबूला हो गया और वहीं पास में पड़े पत्थर को उठाकर उसने विष्णु के सिर पर मार दिया था। घायल होने से वह जमीन पर गिर गया तो उसके दोस्त सचिन शर्मा ने भी वही पत्थर उठाकर विष्णु के सिर और मुंह पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। इससे विष्णु की मौके पर ही मौत हो गई।

दुष्कर्म मामले में जेल जा चुका है अनिकेत

सीओ कटघर रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मुख्य अभियुक्त अनिकेत पिछले साल दुष्कर्म के आरोप में भी जेल जा चुका है। इसके विरुद्ध पहला मामला वर्ष 2022 में मारपीट और एससी/एसटी एक्ट में दर्ज हुआ था। इसका भाई अभी कुछ दिन पहले ही गलशहीद थाने से तमंचे के आरोप में जेल भेजा गया है। अनिकेत के दोस्त सचिन शर्मा उर्फ बिट्टू के विरुद्ध विष्णु की हत्या के मामले में पहली बार एफआईआर दर्ज हुई है।

ऐसा हो हमारा सांसद | लोगों ने कहा चुनाव जीतने के बाद दूरी बनाने वाले जनप्रतिनिधि नहीं कर सकते क्षेत्र का विकास

बिना भेदभाव समस्याओं का समाधान करने वाला हो सांसद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: सांसद ऐसा होना चाहिए तो जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं का समाधान कराए। हमेशा से ऐसा होता आया कि सांसद जीतने के बाद जनता से दूरी बना लेते हैं। लेकिन, इस बार हम ऐसे प्रत्याशी को वोट नहीं देंगे। बल्कि जो हमारे बीच रहकर समस्याओं का समाधान करा सके। यह कहना है महानगर की जनता का।

बुधवार को अमृत विचार की टीम ने महानगर के अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर लोगों से प्रत्याशी को लेकर चर्चा की। जिसमें लोगों ने बताया कि हर बार प्रत्याशी वोट मांगने के लिए आते हैं और बड़े-बड़े वादें करके जीत जाते हैं। लेकिन, जीतने के बाद कोई भी सांसद लौटकर नहीं आता।

▸▸ महानगर में लगने वाले जाम एवं वर्षों से खराब पड़ी सड़कों से भी दिलाए शहर की जनता को निजात

इसलिए हमें ऐसा सांसद चाहिए जो पूरे पांच साल जनता के बीच रहे और उनकी समस्याओं को सुनकर उनका समाधान कराए। हमारा सांसद ऐसा होना चाहिए जो महानगर की मुख्य समस्याओं पर काम करे।

जिसमें महानगर में लगने वाला जाम, वर्षों से खराब पड़ी सड़कों समेत हर छोटी-बड़ी समस्या का अपने स्तर से समाधान करा सके। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि हमारा नया सांसद शिक्षा पर काम करे और गरीब परिवार के बच्चों को निशुल्क शिक्षा दिलाने के लिए स्कूल व कालेज खुलवाए।

हमारा सांसद शिक्षित होना चाहिए। क्योंकि अगर सांसद शिक्षित होगा तो जनता के लिए शिक्षा के बारे में सोचेंगे। कई बार ऐसा हुआ है कि हम लोग ऐसे नेता को सांसद बना देते हैं जिसको कुछ जानकारी नहीं होती और पूरे पांच ऐसे ही निकाल देता है।

-फैजान सलमानी, हरथला

सांसद ऐसा होना चाहिए जो महानगर की मुख्य समस्याओं का समाधान करा सके। कई बार ऐसा होता है कि सांसद छोटी-छोटी समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दे पाते हैं। इसलिए इस बार हम ऐसे सांसद को चुनेंगे जो सभी समस्याओं का समाधान करा सके।

-अबरार हुसैन वारसी, किसरौल

जीतने के बाद सांसद जनता को भूल जाते हैं। सांसद ऐसा होना चाहिए जो जीतने के बाद भी जनता के बीच रहे। नया सांसद ऐसा हो जो गरीब परिवार के बच्चों के लिए निशुल्क शिक्षा देने के लिए स्कूल व कालेज का निर्माण कराए। जिससे गरीब बच्चे काम न करके शिक्षा हासिल करें।

-जाबर खान, लालबाग

आज तक किसी भी सांसद ने शिक्षा के लिए कुछ नहीं किया। हम चाहते है कि इस बार हमारा सांसद ऐसा हो जो सबसे पहले शिक्षा के क्षेत्र में कुछ काम करे। इसके अलावा वर्षों से महानगर के इलाकों में सड़कें खराब पड़ी हैं। इन पर काम होना चाहिए।

-इमरान हुसैन, हरथला

सिर्फ नौकरी के लिए पढ़ाई न करें विद्यार्थी

मुरादाबाद, अमृत विचार: एसएस इंटर कॉलेज में बुधवार को नव संवत्सर के उपलक्ष्य में शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन हुआ। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार ने कहा कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार ब्रह्माजी ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से ही सृष्टि की रचना शुरू की थी। जिसे आज 1 अरब 96 करोड़ 8 लाख 53 हजार 125 वर्ष हो चुके हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष जोगेंद्र पाल सिंह ने कहा कि विद्यार्थी केवल नौकरी के ध्येय से शिक्षा ग्रहण न करें। बल्कि एक अच्छा नागरिक बनकर राष्ट्र पुनर्निर्माण में सहयोग करें। इस दौरान जोगेंद्र पाल सिंह, डॉ. मधु बाला त्यागी, महेंद्र कुमार, प्रो. अनिल कुमार, डॉ. मधुबाला त्यागी, डॉ. सीमा शर्मा, विजय कुमार राम, पवन कुमार गुप्ता, नैना गुप्ता, दीपशिखा शर्मा आदि मौजूद रहे।

जनसंपर्क

देहात क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान महिला समर्थकों से घिरीं सपा प्रत्याशी रुचि वीरा।

कांठ व देहात विधानसभा में सपा प्रत्याशी का स्वागत

मुरादाबाद, अमृत विचार : समाजवादी प्रत्याशी रुचि वीरा के चुनाव प्रचार गति पकड़ रहा है। प्रत्याशी रुचि वीरा ने देहात विधानसभा के कई गांवों में जनसंपर्क कर लिए वोट व समर्थन मांगा। जनसंपर्क में सबसे पहले लाइन पार, प्रकाश नगर, प्रेम नगर, चिड़िया टोला, हनुमान नगर, केजीके कॉलेज, रामलीला ग्राउंड, पेपटपुरा, मिलक चौहानों वाली आदि अनेक क्षेत्रों में लोगों से सपा का वोट देने की अपील की। क्षेत्रवासियों ने उनका स्वागत किया। वहीं कई स्थानों पर उनका तिलक लगा माल्यार्पण किया गया। जनसंपर्क में उनके साथ जिला अध्यक्ष जयवीर यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन, विजय वीर सिंह पूर्व प्रमुख, फिरासत हुसैन गामा, गौरव चौहान, जरीनुद्दीन खां, जिगर चौधरी, मौ . रिजवान, दीपक गर्ग, दयाराम सैनी, सुनील कुमार, महेन्द्र सिंह नागेन्द्र कुमार, आदित्य राज राणा, मांगेराम अनुराग शर्मा, विनय शर्मा एडवोकेट, रविन्द्र गौड़ प्रमोद शर्मा, अनूप कुमार आदि मौजूद रहे। वहीं उनकी पुत्री स्वाति वीरा ने कांठ विधानसभा क्षेत्र में संपर्क किया। जिसमें तेली वाली मंडिया, लोदीपुर मिलक, पल्लुपुरा, नंगला बनवीर, समाथल, हसामपुर आदि गांवों में संपर्क किया।

एक नजर

ई-रिक्शा के नीचे आकर पांच वर्षीय बालक की मौत

हसनपुर, अमृत विचार : खेलते समय ई-रिक्शा के नीचे आकर पांच वर्षीय बालक की मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा निवासी पांच वर्षीय मोंटी पुत्र सतपाल अपने तीन वर्षीय तहेरे भाई नीतू के साथ घर के आंगन में खेल रहा था। यहां उसके ताऊ की ई रिक्शा खड़ी थी। नीतू ने अचानक ई-रिक्शा चला दी। इससे ई रिक्शा के आगे खेल रहा मोंटी नीचे आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आननफानन में परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां मंगलवार रात मोंटी की मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जानकारी से इनकार किया है।

ईद पर 24 घंटे होगी बिजली आपूर्ति

अमरोहा, अमृत विचार : ईद पर बिजली विभाग ने 24 घंटे आपूर्ति सुचारु रखने की व्यवस्था की है। उप खंड अधिकारी जीडी प्रजापति ने बताया कि ईद पर विभाग द्वारा नगर में 24 घंटे बिजली आपूर्ति को सुचारू रखने की व्यवस्था की है। ट्रांसफार्मर के खराब हो जाने पर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर बिजली घरों में रखवा दिए हैं। लाइन में खराबी आने पर उसको ठीक करने के लिए कर्मचारी को नियुक्त कर दिया है। कंट्रोल रूम में हर समय उपभोक्ताओं की शिकायत सुनने के लिए कर्मचारियों को नियुक्त कर दिया गया है। ईद पर बिजली की समस्या उत्पन्न न हो इसका भी इंतजाम किया है।

दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर घर से निकाला

हसनपुर, अमृत विचार : दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। रुखालू निवासी व्यक्ति की बेटी की शादी 2016 में उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला जगतपुरा निवासी युवक से हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ साल बाद ही ससुराल वालों ने महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। 15 लाख रुपये व कार की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर 26 मार्च को महिला के ससुर ने अभद्रता की। 27 मार्च को महिला को भाई मायके ले आया। 31 मार्च को ससुराल वाले उसके मायके पहुंचे और मारपीट कर दी। महिला थाना प्रभारी निधि सिंह ने बताया कि मामले में महिला के पति आकाश, बृजपाल सिंह, केला देवी, आरती पूजा, कल्पना, रिंकू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

मां ब्रह्मचारिणी की पूजा कर लिया आशीर्वाद

मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन कर जयकारे लगाए, प्रसाद वितरित किया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना के लिए देवी मंदिरों में भक्त उमड़े। घरों में भी लोगों ने विधि विधान के साथ मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। श्री वासुदेव तीर्थ मंदिर व दुर्गा मंदिर में पूरे दिन भक्तों की भीड़ रही। बुधवार शाम तक मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

बुधवार को चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना के लिए मंदिरों में श्रद्धालु उमड़ पड़े। दुर्गा देवी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। श्री वासुदेव तीर्थ मंदिर, बाबा गंगानाथ मंदिर समेत शहर के सभी मंदिरों में सुबह से ही माता रानी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने चुनरी व नारियल चढ़ाकर मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना की और परिवार की खुशहाली व सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। शाम को महिलाओं ने मंदिरों में माता रानी की भेंट गाकर मां ब्रहमचारिणी से आशीर्वाद मांगा। इसके बाद मंदिरों में प्रसाद वितरित किया गया। मंदिरों में दिन भर महिलाओं ने भजन कीर्तन किया।

वहीं, **हसनपुर** में चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन देवी मंदिरों में मां भगवती के द्वितीय स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा कर भक्तों ने आशीर्वाद लिया। नगर स्थित मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की कतार लग गई थी जो देर शाम तक लगी रही। महिलाओं ने मंदिरों एवं घरों में माता रानी का भजन कीर्तन किया।

नगर के ग्राम सोहरका मार्ग स्थित शक्तिपीठ मां चामुंडा मंदिर पर चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन बुधवार को प्रातः से ही भक्तों की कतार लगनी शुरू हो गई थी जो दोपहर बाद तक लगी रही। भक्तों ने मां ब्रह्मचारिणी को फल, फूल, लौंग, जायफल, कमलगट्टा, मीठा, पान आदि चढ़कर माता रानी की ज्योत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पौराणिक मान्यता के अनुसार ब्रह्मा जी की शक्ति होने के कारण देवी का नाम ब्रह्मचारिणी पड़ा। क्षेत्र के मंदिरों में दिन भी माता के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने पूजन कर प्रसाद भी वितरित किया। बताया कि देवी ब्रह्मचारिणी ज्ञान, वैराग्य एवं ध्यान की अधिष्ठात्री हैं। देवी के इस स्वरूप की पूजा अर्चना करने से ज्ञान के साथ घरों में सुख समृद्धि आती है। सुरक्षा के मद्देनजर चामुंडा मंदिर में पुलिस बल भी तैनात रहा।

मंडी धनौरा में प्राचीन नवदुर्गा मंदिर में भजन कीर्तन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

मंदिरों में श्रद्धालुओं की लगी कतारें

गजरौला, अमृत विचार : चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से मां दुर्गा के द्वितीय स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की। बुधवार सुबह शहर के मोहल्ला बस्ती स्थित चामुंडा देवी मंदिर, रेलवे स्टेशन रोड स्थित शिव मंदिर, ललिता देवी मंदिर, गंगा प्याऊ मंदिर में पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं लंबी कतार लगी रही। ग्रामीण इलाकों के मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने पूजन कर नारियल, ध्वज, पान, सुपारी व मिश्री आदि की भेंट चढ़ाई। मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी से तप की शक्ति का आशीर्वाद मांगा।

माता ब्रह्मचारिणी के दर्शन पूजन को उमड़ी भीड़

मंडी धनौरा, अमृत विचार : नवरात्र के दूसरे दिन मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप माता ब्रह्मचारिणी की दर्शन पूजन के लिए क्षेत्र के मंदिरों में लंबी कतार लगी रही। प्राचीन नवदुर्गा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही। भक्तों ने ज्ञान, वैराग्य और ध्यान की देवी मां ब्रह्मचारिणी की पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। महिलाओं ने मंदिर परिसर में भजन कीर्तन कर माता रानी का गुणगान किया। नवरात्र को देखते हुए मंदिर के बाहर माला-फूल, धूप-बत्ती की दुकानें भी सज गई हैं। सुबह से शुरू हुआ दर्शन पूजन का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। माता रानी के जयकारे से देवी दरबार देर रात गूंजते रहे। मंदिरों के अलावा घरों में कलश स्थापित कर महिलाएं पूजन अर्चना कर रही है। भक्त जगह-जगह दुर्गा सप्तशती और दुर्गा चालीसा, आरती और पाठ करते रहे। मंदिर परिसरों में पूजा सामग्री और फूल की दुकानें श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही हैं। वहीं, प्राचीन नवदुर्गा प्राचीन मंदिर के पुजारी हरिओम त्रिवेदी ने बताया कि चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा में केसर की खीर, हलवा या फिर चीनी का भोग लगाने पर शीघ्र ही देवी कृपा प्राप्त होती है और साधक को सभी प्रकार के सुख प्राप्त होते हैं।

गजरौला में मंदिर में पूजा अर्चना करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

हसनपुर में मंदिर में पूजन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

हसनपुर में चामुंडा मंदिर में पूजन करते भक्त। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

कॉलेज में शपथ दिलातीं अध्यापिकाएं। ● अमृत विचार

शत-प्रतिशत मतदान के लिए छात्राओं को दिलाई शपथ

अमरोहा, अमृत विचार : शर्मा देवी कन्या इंटर कॉलेज में लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए छात्राओं को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर कॉलेज में विभिन्न आकृतियां बनाई गईं। बुधवार को 26 अप्रैल को 100 प्रतिशत मतदान करने के लिए कॉलेज की छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाई। कालेज की प्रधानाचार्य चारू शर्मा ने स्टाफ एवं छात्राओं को लोकसभा चुनाव में बढ़ चढ़कर मतदान करने की शपथ दिलाई और परिवार के सभी मतदाताओं को मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पुष्पा वर्मा, ममता अग्रवाल, शालिनी, श्वेता, संगीता, प्रीति, ममता दलेला आदि उपस्थित रहीं।

अमरोहा डिपो के वर्कशॉप का वार्षिक सत्यापन किया

अमरोहा, अमृत विचार : परिवहन निगम लखनऊ की टीम अमरोहा डिपो के वर्कशॉप में वार्षिक सत्यापन के लिए पहुंची। टीम ने डिपो के रखरखाव एवं खर्च का सत्यापन किया। टीम को वर्कशॉप में सब कुछ ठीक-ठाक मिला है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि बुधवार को परिवहन निगम की लखनऊ से टीम अमरोहा डिपो पहुंची और उसने स्थानीय अधिकारियों व लिपिक के साथ वर्कशॉप का निरीक्षण किया। वहां पर वार्षिक सत्यापन भी किया। लखनऊ से अमरोहा पहुंची टीम ने एक वर्ष में वर्कशॉप में कितना बसों में कार्य किया गया, बसों में कितना तेल उपलब्ध कराया और बसों में कितने पुर्जे का प्रयोग किए। इन सब का टीम ने सत्यापन किया। क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि टीम के सत्यापन में अमरोहा डिपो का वर्कशॉप में सब कुछ ठीक-ठाक मिला। लखनऊ से आई टीम के अधिकारी वर्कशॉप के कार्य से संतुष्ट रही। उन्होंने बताया कि टीम में परिवहन निगम के दो अधिकारी शामिल थे।

प्रशिक्षण के दौरान मौजूद टेक्नीशियन और कर्मचारी। ● अमृत विचार

108-102 एंबुलेंस के टेक्नीशियन को दिया प्रशिक्षण

हसनपुर, अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसनपुर में शिविर में 108/102 एंबुलेंस के टेक्नीशियन प्रशिक्षण दिया। इसमें 108 व 102 एंबुलेंस के टेक्नीशियन को आधुनिक उपकरणों की जानकारी व आपदा से निपटने की तकनीक बताई। संस्था ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस के ट्रेनर रामऔतार व त्रिवेश ने एंबुलेंस टेक्नीशियन को घटनास्थल पर समय से पहुंचने व प्राथमिक उपचार के साथ अवश्यकता पड़ने पर ईआरसीपी देकर लोगों की जान बचाने के तरीके बताए। वहीं, नॉर्थ वेस्ट ट्रेनिंग के दौरान सभी इमरजेंसी अधिकारी ट्रेनिंग सेंटर पर मौजूद रहे। जिला कोऑर्डिनेटर सर्वोत्तम यादव संभल तथा जिला कोऑर्डिनेटर विजय साहू रामपुर तथा प्रोग्राम मैनेजर अजय शर्मा ने प्रशिक्षण का औपचारिक निरक्षण किया। ट्रेनिंग में मुरादाबाद मंडल के सभी जनपद रामपुर, मुरादाबाद, संभल, अमरोहा, बिजनौर के अभ्यर्थी शामिल रहे।

रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई। जबकि पति घायल हो गया। पुलिस ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। दंपती बाइक से बृजघाट से घर लौट रहे थे।

बछरायूं थाना क्षेत्र के देहरी गांव निवासी फूल सिंह अपनी पत्नी ऋषिपाली को साथ लेकर बाइक से बृजघाट गया था। बुधवार को दोनों बृजघाट से घर लौट रहे थे। नेशनल हाईवे पर ओसीता जगदेपुर के निकट पीछे से रोडवेज बस ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दंपती गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक बस लेकर फरार हो गया। हादसा देखकर आसपास के लोग जमा हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से दोनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने ऋषिपाली की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। मेरठ के अस्पताल में उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बाइक की टक्कर से ग्रामीण घायल

हसनपुर, अमृत विचार : रहरा मार्ग स्थित ग्राम मंगरौली निवासी जुल्फिकार पुत्र अब्दुल रजाक मंगलवार रात पिता के घर से पैदल घर को आ रहा था। तभी रहरा की तरफ से आ रही एक बाइक ने उसे टक्कर मार दी। घायल को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया, जहां से उसे हसनपुर सीएचसी भेज दिया गया। जहां से जुल्फिकार को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

बालक की रीढ़ की हड्डी तोड़ने का आरोप, रेफर

हसनपुर, अमृत विचार : घर में सो रहे बालक की गर्दन मरोड़ कर किसी ने रीढ़ की हड्डी तोड़ दी। बालक को नाजुक हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। पिता ने कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है।

क्षेत्र के गांव भीमा ठीकरी निवासी कपिल का दो महीने का बेटा मंगलवार शाम घर पर था। कपिल व परिवार के सभी लोग सरसों काटने खेत पर गए थे। कपिल का आरोप है कि इस दौरान अज्ञात व्यक्ति उसके घर में घुसा और बालक की गर्दन मरोड़ कर रीढ़ की हड्डी तोड़ दी। दावा है कि पड़ोस के व्यक्ति ने आरोपी को ऐसा करते हुए देखा था। परिवार के लोग घर पहुंचे तो मामले की जानकारी हुई। बालक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। मामले की कोतवाली में तहरीर दी गई है। हालांकि, पुलिस तहरीर न मिलने की बात कह रही है। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने मामले से अनभिज्ञता जताई है।

डीलर-प्रधान में नोकझोंक प्रधान के भाई को पीटा

संवाददाता, हसनपुर

विवाद

- राशन डीलर द्वारा कम अनाज देने की शिकायत का है मामला
- पुलिस पर पीड़ित पक्ष पर कार्रवाई करने का आरोप

अमृत विचार : कम राशन देने की शिकायत से नाराज डीलर और ग्राम प्रधान में नोकझोंक हो गई। इस दौरान बीच बचाव करने आए प्रधान के छोटे भाई के साथ भी मारपीट की गई। पीड़ित जब शिकायत लेकर थाने पहुंचा तो राशन डीलर के राजनीतिक प्रभाव के चलते ग्राम प्रधान के भाई का ही पुलिस ने शांतिभंग में चालान कर दिया।

मामला रहरा थाना क्षेत्र के गांव खेलिया पट्टी का है। यहां राशन डीलर पर कम राशन देने के कारण ग्रामीण नाराज थे। इसकी ग्रामीणों द्वारा राशन डीलर की जब शिकायत की गई तो शिकायती पत्र पर ग्राम प्रधान इलियास ने अपनी मोहर लगा दी थी। जिससे नाराज होकर राशन डीलर ने साथियों के साथ मिलकर ग्राम प्रधान को गांव में स्थित दुकान में घेर लिया था। इस दौरान आरोपियों ने वहां मौजूद बीच बचाव कर रहे ग्राम प्रधान के भाई शहराम के साथ मारपीट कर दी। इस विवाद से गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। मारपीट के बाद ग्राम प्रधान अपने भाई के साथ रहरा थाने पहुंचा और राशन डीलर की शिकायत की। लेकिन राशन डीलर के राजनीतिक प्रभाव के चलते थाना पुलिस ने प्रधान के भाई का ही शांति भंग में चालान कर दिया।

शॉर्ट सर्किट से गोदाम में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला चाहगौरी में एक परचून के गोदाम में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग से गोदाम में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंचे अग्निशमन कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

घटना बुधवार दोपहर करीब डेढ़ बजे मोहल्ला चाहगौरी की है। यहां पर यासीन उर्फ टीनू का परचून का गोदाम है। बुधवार दोपहर गोदाम में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आबादी के बीच गोदाम में आग लगने से मोहल्ले में अफरातफरी मच गई। गोदाम से धुआं निकलता देख लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद अग्नि शमन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई। गोदाम मालिक यासीन ने बताया कि मकान की ऊपरी मंजिल पर उसने गोदाम बना रखा है। जिसमें दोपहर के समय शॉर्ट सर्किट से आग लग गई थी।

इसमें तीन लाख रुपये कीमत का सामान जलकर राख हो गया है। बताया कि ईद को लेकर परचून का सामान गोदाम में रखा हुआ था। गोदाम से धुआं निकलता देखा तो लोगों ने उनका सूचना दी थी। दमकल विभाग के इंचार्ज अनुराग कुमार ने बताया कि आग की सूचना मिलते ही टीम मौके पर गई थी, जिसके बाद आग को बुझा दिया था।

गोदाम में लगी आग। ● अमृत विचार

बिजली की लाइन में फाल्ट से लगी आग

हसनपुर, अमृत विचार : विद्युत लाइन में फाल्ट होने से आग लग गई। सूचना पर विद्युत विभाग द्वारा लाइन काटी गई और घंटों की मेहनत के बाद लाइन को सही किया जा सका। बुधवार को नगर के इंदिरा चौक स्थित बिजली की लाइन में दोपहर को अचानक फाल्ट होने के बाद आग लग गई। विद्युत लाइन में आग लगने से चौराहे पर अफरातफरी मच गई। व्यापारियों ने लाइन में आग लगने की सूचना विद्युत विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग द्वारा आपूर्ति बंद कर दी। इसके बाद विद्युत कर्मचारियों ने लाइन को सही कराया गया। विद्युत विभाग में तैनात टीजीटू रवीश त्यागी ने बताया कि लाइन में फाल्ट हो गया था। जिसके कारण एक घंटे के लिए विद्युत आपूर्ति बाधित रही। कर्मचारियों द्वारा लाइन सही कर दी गई है।

तैयारी पूरी सड़कों पर नमाज नहीं पढ़ने की अपील, सुरक्षा के लिए ड्रोन कैमरों से रखी जाएगी नजर

जामा मस्जिद में आठ बजे होगी ईद की नमाज

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : बुधवार शाम चांद दिखाई देते ही लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। गुरुवार को ईदगाह में ईद की नमाज सुबह 7:30 बजे होगी। वहीं, ईद की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है।

बुधवार शाम चांद का दीदार होते ही लोगों में ईद की खुशी की लहर दौड़ गई। गुरुवार सुबह ईदगाह में सुबह 7:30 बजे नमाज होगी। वहीं, आधे घंटे बाद जामा मस्जिद में भी ईद की नमाज अदा की जाएगी। ईदगाह के बाहर सड़कों पर लोग नमाज नहीं पढ़ सकेंगे। इसके लिए शासन के आदेश पर पुलिस ने कर दिए हैं। ईद को लेकर कई दिनों से बाजारों में खरीदारी की जा रही थी। बुधवार शाम चांद देखने के लिए लोग घरों की छत पर चढ़ गए और चांद के दीदार करने के बाद एक दूसरे को ईद की बधाई दी। उधर, जामा मस्जिद के मुफ्ती हमजा अब्बासी ने बताया कि चांद का दीदार हो गय है। गुरुवार को ईद की नमाज ईदगाह पर सुबह 7:30 बजे होगी। जबकि इसके बाद आधा घंटे बाद जामा मस्जिद में ईद की नमाज होगी। उन्होंने बताया कि नगर की शिया जामा मस्जिद में 8:30 बजे नमाज होगी। ईदगाह नई बस्ती नौगांवा में 8:00 बजे और ईदगाह पुरानी बस्ती नौगांवा में 8:30 बजे नमाज होगी। जोया में बड़ी ईदगाह में 7:45 पर नमाज होगी, जबकि छोटी ईदगाह में 8:00 बजे नमाज होगी। जामा मस्जिद में 8:30 बजे, ढवारसी जामा मस्जिद में 7:30 बजे, रहरा जामा मस्जिद में 8:30 बजे, कुआं खेड़ा ईदगाह में 7:45 पर नमाज होगी। मंडी धनौरा जामा मस्जिद में 8:30 बजे नमाज अदा की आएगी।

नमाज के समय पर सभी मार्गों पर यातायात को बंद कर दिया जाएगा। ईदगाह और जामा मस्जिद क्षेत्र में पुलिस बल को तैनात किया जाएगा। नमाज के समय सिविल वर्दी में भी पुलिस कर्मियों को हर क्षेत्र में लगाया जाएगा। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर ड्रोन कैमरे के माध्यम से भी सुरक्षा पर नजर रखी जाएगी।

ईदगाह में नमाज पढ़ना सुन्नत : कारी गयासुद्दीन

बुरावली, अमृत विचार : ईद की नमाज के लिए बुरावली क्षेत्र में तैयारी की गई है। नमाज पढ़ने में किसी तरह की दिक्कत न हो इसके लिए ईदगाह व मस्जिदों में ईद की नमाज अलग-अलग समय में अदा की जाएगी। ईद उल फितर मुसलमानों का सबसे बड़ा त्यौहार है। इस्लाम धर्म मानने वाले एक महीने के रोजे रखते हैं। फिर चांद का दीदार कर अगले दिन ईद मनाते हैं। बुधवार को 30वां रोजा था। 30वें रोजे को ईद का चांद नजर आया। गुरुवार को ईद मनाई जाएगी। कारी गयासुद्दीन ने बताया कि ईदगाह में ईद की नमाज अदा करना सुन्नत है। इसलिए कोशिश रहे कि ईद की नमाज ईदगाह में ही अदा करें। इसके लिए तैयारियां मुकम्मल हो चुकी हैं। ईद की नमाज मदारीपुर ईदगाह में सुबह 8:00 बजे, नूरानी मस्जिद मदारीपुर में 8:15 बजे, बुरावली ईदगाह में 8:00 बजे, फतेहपुर मदीना मस्जिद में 6:30 बजे, सूतावली ईदगाह में 7:30 बजे, बांसका खुर्द में 7:45 बजे, बिलाल मस्जिद बुरावली में 8:00 बजे, आयशा मस्जिद बुरावली में 7:30 बजे, जामा मस्जिद में 8:00 बजे, बांसका कला में 8:00 बजे, जयतौली में 7:30 बजे नमाज अदा की जाएगी।

दो दिवसीय रोजगार मेले में 50 अभ्यर्थी चयनित

बुरावली, अमृत विचार : न्याय पंचायत बुरावली क्षेत्र के राजकीय पॉलीटेक्निक सुतावली में बुधवार को दो दिवसीय रोजगार मेले का समापन हो गया। मेले का आयोजन प्रधानाचार्य लखमी चन्द के नेतृत्व में किया। प्रदेश के अन्य जनपदों संभल, गोरखपुर, आगरा, लखीमपुर खीरी, औरैया, रामपुर, बदायूं, बरेली राजकीय एवं अनुदानित एवं निजी पॉलीटेक्निक संस्थाओं के 260 छात्र शामिल हुए।

रोजगार मेले में एस्कार्ट कुबोटा लिमिटेड तथा बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज बरेली समेत देश की कई कंपनियों ने प्रतिभाग किया था तथा सभी संस्थाओं के 50 छात्रों का अंतिम रूप से चयन किया। कंपनी के प्रतिनिधियों ने पूर्व में चयनित छात्रों के कुशलता और अनुशासनात्मकता की प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में संस्था के अश्वनी कुमार, रविन्द्र कुमार, कमल कुमार, राहुल कुमार, अमित कुमार, मोहम्मद नासिर, डॉ. जितेन्द्र कुमार, राधिका, मनीष कुमार, योगेन्द्र कुमार रहे।

अनिल चौधरी ने समाज सेवा के लिए छोड़ी सरकारी नौकरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : समाज सेवा के आड़े आ रही सरकारी नौकरी को विकासखंड अमरोहा के प्राथमिक विद्यालय अबूशाहिदपुर के सहायक अध्यापक अनिल चौधरी ने त्यागपत्र दे दिया।

अनिल चौधरी।

उन्हें समाज सेवा की प्रेरणा उनके माता-पिता से मिली थी। वह समाज सेवा में स्कूल के कमजोर परिवार के बच्चों पर उनकी मदद के लिए वेतन से खर्च करते थे। समाज के प्रति समर्पण भाव को देखते हुए उनके पैतृक गांव के लोगों ने उनकी पत्नी को ग्राम प्रधान के चुनाव में खड़ा किया और प्रधान बनाया। सामर्थ्यवान परिवार होने के नाते समाज सेवा में पैसे से लेकर सभी प्रकार से लोगों की मदद करते हैं। तहसील क्षेत्र ठाकुरद्वारा के विकास खंड डिलारी के गांव मेवला के रहने वाले अनिल चौधरी ने बताया कि अमरोहा जिला के प्राथमिक विद्यालय में 2010 में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यभार ग्रहण किया था। 14 साल बाद उन्होंने अपनी समाज सेवा को लेकर 2024 में 4 जनवरी को शिक्षा विभाग से कार्यमुक्ति के लिए अपना त्यागपत्र दिया था। जिसे शिक्षा विभाग ने बुधवार को मंजूर कर अनिल चौधरी को कार्यमुक्त कर दिया है। सरकारी नौकरी के चलते समाज सेवा में उन्हें दिक्कत आने लगी थी। जिसके कारण उन्होंने नौकरी छोड़ी है। हाल ही में देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह की प्रतिमा भी लगवाई थी। उन्होंने जाट महासभा के नाम से संगठन भी खड़ा किया है। जिसके वह राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं।

अच्छी सरकार चुनने के लिए मतदान जरूरी

मंडी धनौरा, अमृत विचार : बुधवार को नगर के वाईएमएस डिग्री कॉलेज में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत शपथ दिलाई गई।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अरविन्द कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं व स्टाफ को लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए शपथ दिलाई। कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र में न केवल हमको स्वयं मतदान करने के लिए जागरूक होकर मतदान करना हैं बल्कि आसपास के लोगों को भी ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए भी जागरूक करना है। हमारा वोट अच्छी सरकार बनाने के लिए जरूरी है। चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान कर स्वस्थ लोकतंत्र का निर्माण कर मजबूत सरकार बनाने में भूमिका निभानी है। महाविद्यालय के प्रबंधक रियाज अहमद, प्राचार्य डॉ. एके सिंह, डॉ. मनु सिंह, डॉ. त्रेता देवी, डॉ. नाहीद परवीन, डॉ. शीबा फरीदी, नीरज गहलौत, सीमा शर्मा, नरगिस, सुरेंद्र, सतेंद्र, आकांक्षा आदि रहे।

एक नजर

गुरुद्वारा में 13 को मनेगा बैसाखी पर्व

संभल, अमृत विचार : गुरुद्वारा श्री गुरुनानक दरबार में बैसाखी पर्व 13 अप्रैल को उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। सुबह सुखमनी साहिब का पाठ होगा और महान कीर्तन दरबार सजेगा। निशान साहिब के चोले की रस्म कुलदीप सिंह परिवार द्वारा की जाएगी। जिसके बाद गुरु का अटूट लंगर होगा। बैसाखी पर्व मनाने की तैयारी चल रही हैं। सेवादारों में हरदीप सिंह, धर्म सिंह, दर्शन सिंह, सतपाल सिंह, कुलवीर सिंह, दौलत राम, मुन्नालाल, विनोद, गुरजीत सिंह, रामपाल सिंह, दलजीत सिंह आदि रहेंगे।

अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी सराय निवासी शरीफ ने मंगलवार की देर रात अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ नखासा थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया कि मंगलवार को तीन बजे मेरे 25 वर्षीय बेटा हसीब नखासा थाना क्षेत्र में रिठाली मंडलाई बाईपास पर गांव जलालपुर के पास घायल अवस्था में पड़ा हुआ मिला था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने हसीब को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया था। यहां डॉक्टर ने देखते ही हसीब को मृत घोषित किया था।

दंपती के विवाद में पति सहित चार गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव धनेटा सोतीपुरा निवासी ऋषिपाल का पिछले कई दिनों से पत्नी शिवानी से विवाद चल रहा था। सूचना मिलने पर बुधवार को मायके से शिवानी के परिजन भी आ गए। गांव दतावली मार्ग पर ऋषिपाल व उसके ससुर जबर सिंह व रुप कुमार निवासी अल्लीपुर बुजुर्ग और गांव परियावली निवासी सोनू के बीच कहासुनी होने लगी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ऋषिपाल, जबर सिंह व रुप कुमार को हिरासत में ले लिया और शांतिभंग में चालान कर दिया।

उलमा के चांद देखे जाने की तस्दीक के बाद बुधवार को ईद मनाने की घोषणा की तो लोग आश्चर्यचकित रह गए

शिया बहुल गांवों में लोगों ने मनाई ईद, अदा की नमाज

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

अमृत विचार : असमोली क्षेत्र के शिया बहुल कई गांवों में ईद का त्योहार मनाया गया। लोगों ने ईद की नमाज अदा करके एक-दूसरे को मुबारकबाद दी।

असमोली क्षेत्र के गांव बुकनाला सादात की जामा मस्जिद के इमाम मौलाना सय्यद ईसार हुसैन ने उलमा के चांद देखे जाने की तस्दीक के बाद बुधवार को सुबह करीब 7 बजे रोजेदारों से रोजा खोलकर ईद मनाए जाने को लेकर घोषणा की तो लोग भी आश्चर्यचकित रह गए। मस्जिद में ईद की नमाज के ऐलान की सच्चाई जानने के लिए लोग जुटने लगे। ऐलान से सहमत करीब आधे गांव के लोगों ने रोजा खोल कर ईद मनाने की तैयारी कर ली। मौलाना सय्यद ईसार हुसैन नकवी ने सुबह 9:30 बजे गांव में स्थित ईदगाह में ईद की नमाज अदा कराई। लोगों ने मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। शिया बाहुल्य गांव बुकनाला सादात के अलावा मढ़न, इकरोटिया, शाहपुर सिरपुड़ा आदि में ईद का पर्व मनाने की बात सामने आई।

बुकनाला में ईद की नमाज के बाद गले मिलकर मुबारकबाद देते लोग।

सिरसी में ईद की नमाज अदा करते शिया मुस्लिम। ● अमृत विचार

सिरसी में शिया समुदाय के लोगों ने ईदगाह और मस्जिद में अदा की ईद की नमाज

सिरसी, अमृत विचार : सिरसी में शिया समुदाय के लोगों ने ईद मनाई। ईदगाह और मस्जिद में ईद की नमाज अदा करके एक-दूसरे को मुबारकबाद दी। मंगलवार को रमजान महीने में 29वां रोजा था। देर रात शिया समुदाय के लोगों को सोशल मीडिया के जरिये खबर मिली कि लखनऊ में कुछ उलेमाओं ने बुधवार को ईद मनाने का ऐलान किया है। बुधवार को सुबह शिया जामा मस्जिद के पेश इमाम एहतेशाम नकवी ने जामा मस्जिद में ईद की नमाज अदा कराई। मस्जिद मुहल्ला सादात के पेश नमाज मौलाना मीसम अब्बास मुजफ्फरनगरी ने ईदगाह मुहल्ला शर्की में ईद की नमाज अदा कराई। मस्जिद हिलाल में मौलाना मुहम्मद अब्बास, मस्जिदे जेहरा में मौलाना इकरार रजा, मस्जिद जमाए इमाम मेहंदी में मौलाना मेहजर अली, मस्जिद मकूफा में मौलाना हुसैन, मस्जिद इमाम रजा में मौलाना शमीम ने नमाज अदा कराई।

चांद दिखा, आज मनाई जाएगी ईद

कार्यालय संवाददाता, संभल

▸▸ बाजारों में देर रात तक कपड़े, जूते, चप्पलों और अन्य वस्तुओं की खरीदारी करते रहे लोग

अमृत विचार : आसमान में चांद नजर आने पर मुस्लिमों में खुशी का माहौल बन गया। लोगों ने गुरुवार को ईद मनाने को लेकर तैयारियां पूरी की। देर रात तक बाजार गुलजार रहे तो लोग कपड़े, जूते, चप्पलों और अन्य वस्तुओं की खरीदारी करते रहे। इस बीच ईद की नमाज को शांतिपूर्वक कराने के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हैं।

बुधवार को जैसे ही शाम हुई तो मुस्लिमों ने आसमान की तरफ टकटकी लगा ली। आसमान में चांद नजर आने पर लोगों के चेहरों पर खुशी छाने लगी। लोगों ने एक-दूसरे को चांद दिखाई देने की मुबारकबाद दी। संभल समेत अन्य शहर कस्बों के बाजारों में लोग कपड़े, जूते, चप्पल और अन्य वस्तुओं की खरीदारी करने में जुट गए। खाद्य सामग्री की भी खरीदारी की गई। कई बाजारों में तो दुकानदारों को देर रात तक फुर्सत नहीं मिली। दूसरी तरफ जिला प्रशासन ने भी ईद की नमाज शांतिपूर्वक कराने के लिए तैयारी की।

संभल के बाजार में खरीदारी करतीं मुस्लिम महिलाएं। ● अमृत विचार

किसान के घर से ढाई लाख की संपत्ति चोरी

रात्रि में खेत पर फसल की रखवाली के लिए गया तो छत के सहारे घर में घुस गए बदमाश

कार्यालय संवाददाता,संभल/सौंधन

▸▸ मंगलवार को आलू बेचकर आया था किसान, सभी रुपये घर में ही रख दिए थे

अमृत विचार: कैला देवी थाना क्षेत्र के चकरपुर मेमरी गांव में छत के सहारे घर में घुसे बदमाशों ने सोने चांदी के जेवर व नकदी सहित ढाई लाख रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

चकरपुर मेमरी निवासी किसान विजेंद्र सिंह मंगलवार रात्रि खेत पर फसल की रखवाली करने गया था। घर पर उसकी पत्नी कांति,बेटी ममता व भतीजा रविंद्र था। आधी रात के बाद बदमाश छत पर चढ़कर घर में दाखिल हो गए। घर में मौजूद सभी लोग आंगन में सो रहे थे। बदमाशों ने अंदर कमरे में जाकर सन्दूक का ताला तोड़कर एक लाख चालीस हजार की नगदी, सोने की हंसली, चांदी के खड़वा तथा कपड़े बर्तन सहित ढाई लाख रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। अचानक बिजली आई तो घर में रोशनी हो गई। इस पर बदमाश सामान समेटकर भागने लगे। दीवार के सहारे विजेंद्र की बेटी ममता सो रही थी। बदमाश चारपाई पर पैर रखकर दीवार पर चढ़ने का प्रयास करने लगे। इस दौरान आहट से ममता जाग गई। उसने शोर मचाया तो परिवार सहित मोहल्ले के लोग जाग गए। इस बीच बदमाश भाग निकले। अंदर जाकर देखा तो संदूक का ताला टूटा पड़ा था। संदूक में रखे एक लाख चालीस हजार रुपये तथा जेवर गायब थे। विजेंद्र ने बताया कि मंगलवार को आलू बेचकर आया था। सभी रुपये घर में ही रख दिए थे। बुधवार सुबह सूचना पर थाना पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल की। थाना प्रभारी राजीव मलिक ने बताया कि चोरी की कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने चोरी व लूट के 12 मोबाइल के साथ तीन लोग दबोचे

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: बनियाठेर पुलिस ने बुधवार को गश्त के दौरान कोकावास मार्ग पर सरकारी नलकूप के पास बाइक पर सवार तीन लोगों को रोक कर पूछताछ की। संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने पर पुलिस ने तीनों युवकों हिरासत में ले लिया और थाने लाकर जांच पड़ताल की तो लूट व चोरी के 12 मोबाइल फोन व एक चोरी की बाइक बरामद की है।

पूछताछ में युवकों ने पुलिस को बताया कि वह मोबाइल लूटने व चोरी करने का काम करते हैं। पुलिस ने युवकों की निशानदेही से लूट व चोरी के 12 मोबाइल फोन व लूट की बाइक बरामद की। आरोपियों ने अपने नाम बाबू सिंह व प्रिंस निवासी विकसित इंटर कॉलेज के पास बलदेवपुरी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद, हिमांशु निवासी कृपाल की चक्की के सामने बलदेवपुरी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद बताया। आरोपियों ने बताया कि नौ अप्रैल की दोपहर मुरादाबाद रोड स्थित चन्दौसी ग्रीन सोसाइटी के पास युवती के हाथ से मोबाइल छीना था। जिसकी रिपोर्ट युवती के पिता राजेश्वर यादव जिला गन्ना अधिकारी ने थाने में दर्ज कराई थी।

इसके अलावा नौ अप्रैल को रूप सिंह पुत्र मुंशी लाल निवासी भुलावई थाना बनियाठेर का बदायूं चुंगी के पास से बैग में रखा मोबाइल चोरी कर लिया था। जिसकी रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई गई थी।

इसके अलावा तीन मार्च को गुमथल मार्ग पर आरोपियों ने बाइक सवार कुलवंत पुत्र हरपाल सिंह के सिर में डंडा मारकर बाइक व मोबाइल लूट लिया था। जिसकी रिपोर्ट भी थाने में दर्ज की थी।

लूट के मोबाइल व चोरी की बाइक के साथ पुलिस की गिरफ्त में आरोपी युवक।

सार-संक्षेप

बड़ी ईदगाह में सुबह 7.45 बजे अदा होगी ईद की नमाज

चन्दौसी, अमृत विचार : ईद उल फितर का त्योहार गुरुवार को मनाया जाएगा। ईदगाह कमेटी के सदस्य तनवीर कुरैशी ने बताया कि संभल गेट स्थित छोटी ईदगाह पर सुबह 6 .45 बजे, पतरोआ रोड स्थित बड़ी ईदगाह पर सुबह 7 .45 बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी। इसके अलावा इस्लाम गंज मस्जिद में सुबह 7 .15 बजे बड़ी मस्जिद पर 7 .45 बजे, जामा मस्जिद पर 8 .45 बजे, स्कूल मस्जिद पर 7 .20 बजे नमाज अदा की जाएगी। इसके अलावा ग्रामीण अंचल में बनियाठेर थाना क्षेत्र के कस्बा नरौली ईदगाह में सुबह 8 .30 बजे, शेख जकरिया बड़ा मदरसा नरौली में सुबह आठ बजे, जामा मस्जिद नरौली में सुबह नौ बजे, जनेटा ईदगाह में नौ बजे, करामत वाली मस्जिद जनेटा में सुबह साढ़े आठ बजे, दरगाह जनेटा शरीफ में सुबह नौ बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी।

ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार चाचा भतीजा घायल

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल मुरादाबाद मार्ग पर ई रिक्शा की टक्कर लगने से बुलेट मोटरसाइकिल सवार चाचा भतीजा घायल हो गए। ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव मूढों वाली मिलक निवासी गुड्डु बुधवार को अपने भतीजे संजीव के साथ संभल में स्थित एजेंसी पर बुलेट मोटरसाइकिल की सर्विस कराने जा रहा था। बरेली सराय में ई रिक्शा ने बुलेट मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिससे संजीव व गुड्डु सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। मौका मिलते ही टक्कर मारने के चालक ई रिक्शा लेकर भाग गया। मौके पर इकट्ठा हुए आसपास के लोगों ने घायल संजीव व गुड्डु को जिला अस्पताल पहुंचाकर उपचार के लिए भर्ती कराया।

उधारी के रुपये मांगने पर महिला को पीटा

बबराला, अमृत विचार : उधारी के रुपये मांगने पर महिला को लाठी डंडे से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। नगर के मुहल्ला शिवपुरी पश्चिमी निवासी नीतू पत्नी गप्पू ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि नगर निवासी जगमोहन पर उसके 1 .75 लाख रुपये उधार थे। वह रुपये मांगने गई तो तकादा करने से जगमोहन ने रुपये देने से मना कर दिया।नीतू का आरोप है कि जगमोहन, उसकी पत्नी सुनीता, बेटी सीमा और भूमिका ने उसे लाठी डंडे से मारा-पीटा। जिससे उसके कान में गंभीर चोट आई। घायलावस्था में नीतू कोतवाली पहुंची और घटना की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बैंक में चोरी का तीन बाद भी नहीं हुआ खुलासा

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र में प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक देहपा में रविवार की रात चार लाख रुपये की चोरी करने के मामले में पुलिस तीन दिन बाद भी बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा पाई है। रविवार की रात 11 बजे बदमाश खिड़की तोड़कर बैंक में घुस आए थे और दीवार में नकब लगाकर स्ट्रांग रूम में अलमारी का ताला तोड़कर चार लाख रुपये चोरी कर कैश बॉक्स जंगल में बैंक से 200 मीटर की दूरी पर फेंक कर भाग गए थे। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस जल्द ही बदमाशों को पकड़ लेगी।

असमोली में मतदाता जागरुकता का संदेश देते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

छात्र-छात्राओं ने मतदान के प्रति किया जागरूक

असमोली, अमृत विचार : एमएम कोचिंग सेंटर असमोली पर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत छात्र-छात्राओं ने हाथों में पोस्टर लेकर मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया। पोस्टरों पर उम्र 18 हो गई पूरी, वोट डालना बहुत जरूरी, मेरा वोट मेरा अधिकार, लोकतंत्र का करो सम्मान शत प्रतिशत करो मतदान आदि स्लोगन लिखे थे। कोचिंग सेंटर के शिक्षकों ने भी लोगों से लोकसभा चुनाव में बढ़चढ़ कर मतदान करने की अपील की। इस दौरान सेंटर संस्थापक मूनिस, अमरपाल सिंह, शिवम यादव, प्रशांत, दानिश आदि मौजूद रहे।

मतदान का अलख जगाती कायनात स्कूल की छात्राएं। ● अमृत विचार

रैली निकाल लोगों को मतदान के लिए किया प्रेरित

रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा में स्थित कायनात इंटर कॉलेज में एसडीएम रमेश बाबू और नोडल अधिकारी अंशुल चौधरी के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान चला। कॉलेज से रैली निकाली गई। छात्र छात्राओं ने स्लोगन और नारों के जरिये लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। छात्राओं ने सुन्दर रंगोली भी बनाई। गोष्ठी में एसडीएम ने लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मतदान करने को कहा। कॉलेज संस्थापक अब्दुल लईक ने कहा कि सभी को मतदान अवश्य करना चाहिए। छात्र छात्राओं और शिक्षकों ने भी विचार रखे। इस दौरान प्रबंधक उबैदउर्रहमान, मोइजउर्रहमान, प्रधानाचार्य दीपचंद्र पाण्डेय, एडीओ पंचायत सौम्या रंजन पांडा, ग्लोरियस पब्लिक स्कूल, सिपाही लाल स्मारक का स्टाफ, छात्र छात्राएं, आशा और पंचायत सहायक आदि रहे। संचालन रफीक अहमद, अतुल सक्सेना और टिंकू यादव ने संयुक्त रूप से किया।

नामांकन के लिए केवल प्रत्याशी और प्रस्तावकों को मिलेगा प्रवेश

संवाददाता,बहजोई

अमृत विचार: जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय में होने वाले नामांकन को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे। नामांकन स्थल के नजदीक बड़ा मैदान तक केवल प्रत्याशी सहित तीन वाहन ही पहुंचेंगे। नामांकन स्थल पर प्रत्याशी के अलावा उनके प्रस्तावक ही प्रवेश करेंगे। अन्य को पास के साथ ही प्रवेश दिया जाएगा।

12 अप्रैल से बहजोई कलेक्ट्रेट स्थित जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में होने वाले लोकसभा चुनाव के नामांकन को लेकर सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन गंभीर है। इसको लेकर पुलिस ने कड़े इंतजाम किए हैं। एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा इस पूरी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नोडल अधिकारी रहेंगी। नामांकन स्थल सीओ बहजोई दीपक कुमार तिवारी को पूरा परिसर सौंपा गया है। यातायात व्यवस्था,जुलूस व चेकिंग स्थल का प्रभार सीओ चंदौसी डॉ. प्रदीप कुमार को दिया गया है। 16 इंस्पेक्टर, 24 सब इंस्पेक्टर, 84 सिपाही, 13 महिला कांस्टेबल व तीन सेक्शन पीएसी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेगी।

नामांकन स्थल के अंदर चेकिंग करने के बाद ही प्रत्याशी उनके प्रस्तावकों तथा अन्य व्यक्तियों को प्रवेश दिया जाएगा। कोई भी वीआईपी कल्चर लागू नहीं होगा। जगह-जगह वीडियो निगरानी की जाएगी।

▸▸ नामांकन स्थल पर प्रत्याशी के साथ जा सकेंगे उनके प्रस्तावक

▸▸ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नामांकन स्थल पर रहेगी कड़ी निगरानी

नामांकन स्थल से 500 मी दूरी पर होगी वाहन पार्किंग

बहजोई,अमृत विचार : चंदौसी व गुन्नौर की ओर से आने वाले प्रत्याशियों के जुलूस अथवा प्रत्याशियों के लिए साथ आने वाले वाहनों की पार्किंग के लिए चंदौसी मार्ग पर एचडी रिजॉर्ट के निकट बनाई गई है। संभल की ओर से आने वाले वाहनों के लिए टिकटा रोड पर मिलन विहार कॉलोनी में पार्किंग स्थल बनाया गया है।

नामांकन के लिए सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जहां प्रत्याशी बड़ा मैदान तक तीन ही वाहन ला पाएंगे। वहीं नामांकन स्थल के अंदर प्रत्याशी के अलावा उनके प्रस्तावक ही प्रवेश करेंगे। अन्य व्यक्तियों को केवल पास देखकर ही प्रवेश दिया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जा रहा है।

- अनुकृति शर्मा, एएसपी दक्षिणी, संभल

डीएम,एसपी ने नामांकन स्थल का लिया जायजा

बहजोई, अमृत विचार: लोकसभा चुनाव को लेकर 12 अप्रैल से होने वाले नामांकन के लिए डीएम एसपी ने तैयारियों का जायजा लिया। आचार संहिता का पालन कराने को सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त किए जाने की बात कही।

12 अप्रैल को होने वाले नामांकन को लेकर डीएम मनीष बंसल व एसपी कुलदीप सिंह गुनावत बड़ा मैदान पर तैयारी का जायजा लेने के लिए पहुंच गए। जहां उन्होंने बैरिकेडिंग से लेकर पार्किंग व्यवस्था तक का जायजा लिया। डीएम ने निर्देश दिए कि पार्किंग के स्थान पर ही वाहनों को खड़ा कराया जाए। सीसीटीवी कैमरा से निगरानी की जाए। इसके बाद उन्होंने अभिलेखागार कक्ष में रखी चुनाव सामग्री, स्टेशनरी किट का भी निरीक्षण किया। इस दौरान एडीएम प्रदीप वर्मा, एडीएम न्यायिक सुशील कुमार चौबे, एएसपी अनुकृति शर्मा, कृषि उपनिदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव में होगी 1031 वाहनों की जरूरत

कार्यालय संवाददाता, संभल

▸▸ जिलाधिकारी के अधिग्रहण आदेश वाहन स्वामियों को भेजे जा रहे हैं

▸▸ वाहन का अधिग्रहण नहीं कराने पर स्वामी के खिलाफ दर्ज होगी रिपोर्ट

अमृत विचार : जिले में लोकसभा चुनाव कराने के लिए 1031 वाहनों की जरूरत होगी। इनमें छोटे वाहन और बसें शामिल रहेंगे। परिवहन और पुलिस विभाग द्वारा जिलाधिकारी के अधिग्रहण आदेश वाहन स्वामियों को भेजे जा रहे हैं। वाहन का अधिग्रहण नहीं कराने पर संबंधित स्वामी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कही जा रही है।

जनपद संभल में तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा है। चुनाव को लेकर विभिन्न विभाग तैयारियों में जोरशोर से जुटे हैं। इस बीच परिवहन विभाग ने भी वाहनों के अधिग्रहण को लेकर तस्वीर साफ कर ली है। एआरटीओ प्रशासन डॉ.पीके सरोज ने बताया कि चुनाव में 606 छोटे वाहनों की जरूरत होगी। इनमें कार और वैन शामिल हैं जबकि 425 बसों की आवश्यकता रहेगी।

जिलाधिकारी मनीष बंसल द्वारा जारी अधिग्रहण आदेश वाहन स्वामियों को भेजे जा रहे हैं। अगर किसी वाहन स्वामी ने वाहन का अधिग्रहण नहीं कराया तो उसके खिलाफ नियमानुसार रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। एआरटीओ प्रशासन ने कहा कि छोटे वाहन चार मई को बहजोई में पुलिस लाइन और पजाया निकट रोडवेज अड्डा में पहुंचाने हैं। वहीं पांच मई को बसें नवीन पुलिस लाइन में पहुंचाई जानी हैं।

लोकसभा चुनाव के लिए वाहनों का किराया निर्धारित

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : एआरटीओ प्रशासन डॉ.प्रवेश कुमार सरोज ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर शासन से किराया सूची जारी की गई है। जिसके अनुसार हल्के यात्री वाहन (जीप, टैक्सी, कारें) पेट्रोल चलित इंजन क्षमता 1200 सीसी तक के लिए 1264 रुपये दैनिक, तेल और ईंधन रहेगा। डीजल चलित इंजन क्षमता 1450 सीसी तक (इंडिका, मार्शल, वैगनआर, मारूति जिप्सी/मारूति ब्रेजा, सियाज, क्रेटा, होंडा कार, निक्सन, टिगौर आदि) के वाहनों के लिए 1460 रुपये दैनिक, तेल व ईंधन तय किया गया है। पेट्रोल चलित इंजन क्षमता 1200 सीसी से अधिक के वाहनों के लिए 1264 रुपये दैनिक, तेल व ईंधन, डीजल चलित इंजन क्षमता 1450 सीसी से अधिक के वाहनों (स्कार्पिया, टवेरा, इनोवा, बोलेरो, एक्सयूवी 500/700, मेराजो, इनोवा क्रिस्टा एवं अन्य एसयूवी 5 सीटर से अधिक) के लिए 2140 रुपये दैनिक, तेल व ईंधन तय किया गया है। इसी तरह 15 से 24 सीटर बस के लिए 1697 रुपये दैनिक, तेल व ईंधन, 25 से 34 सीटर बस के लिए 1912 रुपये दैनिक, तेल व ईंधन, 35 से 40 सीटर बस के लिए 2139 रुपये दैनिक, तेल व ईंधन, 41 से 45 सीटर बस के लिए 2213 रुपये दैनिक, तेल व ईंधन, 46 सीटर व उससे अधिक बस के लिए 2510 रुपये तेल व ईंधन तय हुआ है।

माल वाहनों का किराया

संभल अमृत विचार : 7500 किग्रा सकल यान भार के लिए 1572 रुपये दैनिक, तेल व ईंधन, 7500 किलो सकल यान का भार से अधिक 12000 किलो सकल यान भार तक 1677 रुपये दैनिक, तेल व ईंधन, 12000 किलो सकल यान भार से अधिक 16200 किलो सकल यान भार के लिए 1944 रुपये दैनिक, तेल और ईंधन तय हुआ है।

उपलब्धि | संसाधनों के अभाव से जूझते जनपद ने कर दिखाया कमाल

संभल परिवहन विभाग मंडल में रहा अव्वल

कार्यालय संवाददाता, संभल

▸▸ प्रदेश में मिला तीसरा स्थान

▸▸ 78.44 करोड़ के सापेक्ष 66.75 करोड़ रुपये का राजस्व किया प्राप्त

अमृत विचार : अधिकारियों की मेहनत का नतीजा रहा कि परिवहन विभाग संभल ने गुजरे वित्तीय वर्ष में मंडल ही नहीं बल्कि प्रदेश में भी छाप छोड़ी। परिवहन विभाग ने लक्ष्य के सापेक्ष 85.10 प्रतिशत राजस्व प्राप्ति करते हुए उत्तर प्रदेश में तीसरा और मुरादाबाद मंडल में पहला स्थान प्राप्त किया है। जिसे लेकर महकमे के आला अधिकारियों ने भी स्थानीय अफसरों का उत्साहवर्धन किया है।

संभल परिवहन विभाग पर नजर घुमाई जाए तो एआरटीओ प्रशासन डॉ.प्रवेश कुमार सरोज और एआरटीओ प्रवर्तन अम्बरीश कुमार की बीते साल यहां तैनाती रही। अम्बरीश कुमार का शासन स्तर से बदायूं तबादला हो गया तो बरेली से जेपी गुप्ता को उनके स्थान पर यहां भेजा गया लेकिन उन्होंने ज्वाइन नहीं किया। करीब छह महीने तक एआरटीओ प्रशासन डा. पीके सरोज पर ही एआरटीओ प्रवर्तन का अतिरिक्त कार्यभार रहा। उन्होंने कार्यालय का कामकाज संभालने के साथ ही प्रवर्तन का कार्य भी किया। बाद में एआरटीओ प्रवर्तन जेपी गुप्ता ने भी कार्यभार ग्रहण कर लिया था। अधिकारियों की मेहनत का नतीजा यह रहा कि गुजरे वित्तीय वर्ष में परिवहन विभाग ने मंडल के साथ-साथ प्रदेश में भी परचम लहराया। एआरटीओ प्रशासन डॉ.प्रवेश कुमार सरोज ने बताया कि शासन से 78.44 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य मिला था जबकि 66.75 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त कर लिया गया। लक्ष्य के सापेक्ष 85.10 प्रतिशत राजस्व प्राप्त हुआ। इस तरह संभल परिवहन विभाग राजस्व प्राप्ति में मुरादाबाद मंडल में पहला स्थान पर रहा। अमरोहा ने दूसरा और रामपुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं संभल परिवहन विभाग को प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

लगातार मेहनत के चलते संभल को प्रदेश में तीसरा और मुरादाबाद मंडल में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। पूरी मेहनत और लगन के साथ काम किया गया है, जिसके चलते ही संभल के खाते में यह उपलब्धि आई है।

-डॉ.प्रवेश कुमार सरोज, एआरटीओ प्रशासन

नीलगाय से टकराई बाइक, तीन लोग घायल

असमोली, अमृत विचार: असमोली थाना क्षेत्र में संभल जोया मार्ग पर अचानक से सड़क पर आई नीलगाय से टकराकर तीन बाइक सवार गंभीर घायल हो गए।

थाना क्षेत्र के गांव महमूदनगर निवासी शहबाज मंगलवार की रात साढ़े नौ बजे भतीजे हाशिम व परिवार के ही उवैस के साथ बाइक पर सवार होकर जोया रिश्तेदार के दफीने में शामिल होने जा रहा था। शहबाज बाइक लेकर जैसे ही संभल मनोटा मार्ग पर गांव अकबरपुर गहरा के पास पहुंचा। जंगल से निकलकर सड़क पर अचानक नीलगाय आ गई। जिससे बाइक समेत सड़क पर गिर गई। इस कारण शहबाज, उवैस व हाशिम घायल हो गए। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए संभल निजी अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर शहबाज को मुरादाबाद रेफर कर दिया।

एक नजर

बच्चों के लिए लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

मुरादाबाद, अमृत विचार : परिवर्तन दी चेंज संस्था की परियोजना पाठशाला के तहत कांशीराम सोनकपुर स्थित पाठशाला में पढ़ने वाले मलिन बस्तियों के बच्चों के लिए विश्व होम्योपैथी दिवस पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। यह स्वास्थ्य जांच शिविर पुष्पांजलि होम्योपैथी द्वारा लगाया गया। इसमें डॉ. संदीप कुमार वर्मा व डॉ. अंकिता ने बच्चों व उनके परिजनों की स्वास्थ्य की जांच की। साथ ही बच्चों को स्वास्थ्य के लिए जागरूक किया व विश्व होम्योपैथी दिवस के विषय में भी बताया। शिविर में लगभग 100 से ज्यादा बच्चों व उनके परिजनों की स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान संस्था के कोषाध्यक्ष विवेक कुमार, पंकज कश्यप, प्रिंस, नेहा आदि मौजूद रहे।

दुष्कर्म करने वाले को 10 वर्ष का कारावास

मुरादाबाद, अमृत विचार : दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त रामकिशन को बुधवार को न्यायालय ने 10 वर्ष के कारावास व 12,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। ये फैसला न्यायालय विशेष न्यायाधीश पोक्सो द्वितीय शैलेन्द्र वर्मा ने सुनाया है। शासकीय अधिवक्ता अभिषेक भटनागर व भूकन सिंह ने बताया कि अभियोजन एवं पुलिस की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप प्रकरण में अपराधी को दण्डित कराया जा सका है। उन्होंने बताया कि इस मामले में आरोपी ने 21 मई 2020 को दुष्कर्म की घटना जंगल ग्राम पाठवाली मिलक में की थी। इसके विरुद्ध पाकबड़ा थाने एफआईआर दर्ज हुई थी। इस मामले में पाकबड़ा थाने की इंस्पेक्टर रजनी द्विवेदी ने विवेचना की थी।

पालिकाध्यक्ष ने गरीबों असहायों को बांटे कपड़े

बिलारी, अमृत विचार : नगर पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने ईद से एक दिन पूर्व गरीब बेसहारा लोगों को कपड़ों का वितरण किया।बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने पालिका सभागार में चिह्नित किए गए गरीब बेसहारा विधवा आदि को आमंत्रित किया। इसके बाद उन्हें ईद के त्योहार पर उपहार स्वरूप कपड़ों का वितरण किया गया। महिलाओं के लिए सलवार सूट और पुरुषों के लिए कुर्ते पजामे आदि वितरित किए गए। पालिकाध्यक्ष का कहना है कि गरीबों व असहायों की सेवा पुण्य का कार्य है।

जंगल में तेंदुए से भिड़ी युवती, घायल

चाची के साथ खेत पर चारा लेने गई युवती पर तेंदुए ने किया हमला

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : चाची व अन्य महिलाओं के साथ खेत से पशुओं का चारा लेने गई युवती पर तेंदुए ने हमला कर दिया। जान बचाने के लिए युवती तेंदुए से भिड़ गई। बाद में महिलाओं के शोर मचाने पर आसपास के खेतों में काम रहे लोगों ने लाठी-डंडों से वार कर तेंदुए से बमुश्किल युवती को बचाया। जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण खेतों की तरफ दौड़े। लेकिन तब तक तेंदुआ नदी में होकर भाग निकला। घायल युवती को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मुनीमपुर निवासी निहाल सिंह की पुत्री शगुन (21) अपनी चाची गुड्डी देवी व मोहल्ले की अन्य महिलाओं के साथ अपने खेत से पशुओं का चारा लेने बुधवार सुबह 9:30 बजे गई थी। जैसे ही वह हाजी शमीम के ईंट भट्टे से आगे पहुंची तभी अचानक पीछे चल रही शुगुन पर नदी से निकलकर तेंदुए ने हमला कर दिया। जिससे शगुन की चींख निकल गई। इस दौरान महिलाएं भी हड़बड़ा गई। वहीं शगुन बिना घबराए अपनी जान बचाने के लिए तेंदुए से भिड़ गई। वहीं अन्य महिलाओं ने शोर मचा दिया और दरांती व डंडों से तेंदुए पर वार करने लगीं। शोर सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे तब तक शुगन को घायल कर तेंदुआ नदी पार कर जंगल में भाग गया। घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीण बड़ी संख्या में लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे और जंगल में तेंदुए की तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। वहीं शगुन के परिजन भी मौके पर पहुंचे और उसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। उसके हाथ व सिर पर तेंदुए के पंजों के निशान से घाव हो गये। चिकित्सकों ने उसका उपचार कर एन्टीरेबीज का इंजेक्शन लगाकर घर भेज दिया। बताते चलें कि इससे पूर्व भी कई बार लोगों पर तेंदुआ हमला कर चुका है। आए दिन तेंदुआ अपने शावकों के साथ दिखाई दे देते रहते हैं। गांव के यशपाल सिंह, महेंद्र सिंह, गुरदीप सिंह, प्रवेश कुमार आदि का कहना है कि तेंदुए के खौफ से किसान अपने खेतों पर समूह बनाकर जाते हैं। सूचना पर वन विभाग के दरोगा मदन सिंह, नरेश सिंह, गणेशाराम टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल युवती व परिजनों से पूछताछ कर जंगलों में जाकर कांबिंग की, लेकिन तेंदुआ नहीं मिला। ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम से पिंजरा लगाए जाने की मांग की।

युवती के परिजनों से पूछताछ करती वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

▸▸ चीख पुकार होने पर खेतों में काम कर रहे लोगों ने बचाया

दहेज उत्पीड़न के मामले में महिला सहित तीन के खिलाफ रिपोर्ट

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली नगर निवासी शमा परवीन ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसकी शादी 7 वर्ष पूर्व नगर निवासी इरशाद अहमद पुत्र साबिर हुसैन के साथ हुई थी। शादी में मिले दहेज से पति व ससुराल वाले नाखुश थे। वे कम दहेज को लेकर आए दिन प्रताड़ित करने लगे। ससुराल वाले विवाहिता पर बुलेट मोटरसाइकिल व दो लाख रुपये लाने का दवाब बनाने लगे। पीड़िता द्वारा विरोध करने पर उसये मारपीट कर व तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। विवाहिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की थी। इस पर कोतवाली पुलिस ने पति इरशाद अहमद, सास सरवरी बेगम, देवरानी राशिदा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घर में घुसकर महिला से किया दुष्कर्म, बच्चों से की मारपीट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : पति की गैर मौजूदगी में आरोपी ने घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म ही नहीं किया, बल्कि विरोध करने पर महिला और उसके बच्चों से मारपीट भी की। यह मामला कुंदरकी थाना क्षेत्र के गांव का है। महिला ने इस मामले में एसएसपी से गुहार लगाई है।

महिला ने बताया है कि उसका पति मजदूरी करने बाहर जाता है। उसकी गैर मौजूदगी में गांव का ही व्यक्ति उसके घर में घुस आया था। महिला ने यह घटना एक अप्रैल शाम पांच बजे के समय की बताई है। पीड़िता ने एसएसपी को बताया है कि आरोपी उसके फोन पर कॉल करता था। कई बार फोन पर बात हुई और उसने अपने प्रेम-जाल में उसे फंसा लिया था। दुष्कर्म की घटना होने के बाद उसने लोकलाज और घर की स्थिति देखकर मामले को दबाए रखा। इससे आरोपी के हौंसले और बुलंद हो गए। स्थिति यह आ गई है कि वह घर घुस आया और छेड़खानी करते हुए उससे दुष्कर्म करने की कोशिश की। विरोध करने पर उसने पीड़िता को मारापीटा तो शोरगुल सुनकर उसके बच्चे मां के बचाव में आ गए। आरोपी ने महिला के बेटे और बेटी को भी मारापीटा। पीड़िता ने बताया कि इसी घटना में वह पूर्व में भी 4 अप्रैल को एसएसपी के सामने हाजिर हुई थी तो कुंदरकी थाना पुलिस ने आरोपी का शांति भंग के आरोप में चालान किया था लेकिन, उसके रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। इस मामले में एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि प्रकरण की जांच कर तत्काल कार्रवाई के लिए कुंदरकी थानाध्यक्ष को निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने पीड़िता को कार्रवाई का भरोसा दिया है।

दूसरे दिन हुई मां ब्रह्मचारिणी की पूजा

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना की।

नवरात्र के दूसरे दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। मंदिरों पर महिलाओं ने गीत गाकर मां को मनाया। क्षेत्र के विद्वान पंडितों ने नवरात्र के दूसरे दिन की पूजा मां ब्रह्मचारिणी के बारे में बताया कि मां दुर्गा का यह दूसरा स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनन्तफल देने वाला है। इनकी उपासना से मनुष्य में तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम की वृद्धि होती है। मां ब्रह्मचारिणी देवी की कृपा से उसे सर्वत्र सिद्धि और विजय की प्राप्ति होती है। नवरात्र पर नगर के रामलीला मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में महिलाओं द्वारा भजन एवं कीर्तन का आयोजन किया गया।

ठाकुरद्वारा स्थित मंदिर में भजन-कीर्तन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

पूजा-अर्चना को मंदिरों में उमड़ी भीड़

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : चैत्र मास के नवरात्र के दूसरे दिन मां दुर्गा की द्वितीय शक्ति ज्योतिर्मय स्वरूप ब्रह्मचारिणी माता की पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बुधवार को नगर के जगह-जगह मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना के बाद मां दुर्गे का जयकारा लगता रहा। नगर के प्राचीन हनुमान, कोतवाली रोड दुर्गा मंदिर, बड़ा बाजार स्थित खागेश्वर मन्दिर, हरिहर मन्दिर, चित्र गुप्त मन्दिर, कालरात्रि मन्दिर, मोहल्ला बजारान शिव मन्दिर, दुर्गा मंदिर, नगर रोड स्थित माता मंदिर, सिंचाई कॉलोनी स्थित मंदिर, गांव फैजुल्लागंज, निर्मलपुर, गोपीवाला, निर्मलपुर, सुल्तानपुर दोस्त, लोगी कला, लौगी खुर्द, रामनगर खागूवाला आदि में स्थित मंदिरों में कीर्तन हुआ।

भाकियू के जिला उपाध्यक्ष से मारपीट

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तिसावा में अपने खेत पर कार्य कर रहे भाकियू यूनियन कुंदरकी के ब्लाक अध्यक्ष व जिला उपाध्यक्ष के साथ मारपीट की गई। जिसको लेकर सब इंस्पेक्टर की एक तरफा कार्रवाई से आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने कोतवाली परिसर पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने दरोगा व आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की।

बुधवार दोपहर को भारतीय किसान यूनियन के कुंदरकी के ब्लॉक अध्यक्ष प्रेमपाल सिंह व जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह तिसावा गांव स्थित अपने खेत पर मौजूद थे। तभी गांव के नसरुद्दीन और भूरा सहित परिवार के काफी लोग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने खेत में बिछी हुई पानी की पाइपलाइन को फाड़ने का आरोप लगाते हुए दोनों से मारपीट शुरू कर दी। विरोध पर आरोपियों ने ब्लॉक अध्यक्ष जिला उपाध्यक्ष से भी मारपीट की। सूचना पर हल्का दरोगा विनीत कुमार मौके पर पहुंच गए। शिकायत के बाद भी आरोपियों ने भाकियू के कार्यकर्ताओं को पीटा, मगर दरोगा ने आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की। मामले की सूचना जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी को दी गई। जिसके बाद जिलाध्यक्ष कार्यकर्ताओं के साथ कोतवाली पहुंचे और दरोगा के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान कोतवाली प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार सिंह ने किसान नेताओं को आरोपियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस पर कार्यकर्ताओं ने धरना समाप्त किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी, रणवीर यादव, जयवीर सिंह, प्रेमपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, शुभम राठी, नेपाल सिंह, अख्तर लंबरदार, शमीम अहमद ,राजू चौहान आदि मौजूद रहे।

कोतवाली बिलारी में धरना देते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

▸▸ आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने दरोगा के खिलाफ दिया धरना

जल्द खुल जाएगा रामगंगा विहार में डिवाइडर का कट

मुरादाबाद, अमृत विचार : रामगंगा विहार में लंबे समय से बंद डिवाइडर का कट जल्द खुलने की उम्मीद है। इसे खोलने का निर्देश मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड के नोडल अधिकारी ने कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड निर्देश दिया है।

मामले की शिकायत भाजपा नेता निमित जायसवाल ने 23 मार्च को जिलाधिकारी को पत्र देकर किया था। उनकी शिकायत पर तत्कालीन उप जिलाधिकारी विनय पांडेय ने अपर नगर आयुक्त को लिखा था। जन सुनवाई पोर्टल पर दिए जवाब में बताया गया है कि मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड के नोडल अधिकारी ने स्मार्ट रोड नेटवर्क कार्य की कार्यदायी संस्था यूपीआरएनएनएल को कट खोलने के निर्देश दिए गए हैं। पत्र के आधार पर संस्था की ओर से शिकायतकर्ता को बताया गया है कि सड़क का कार्य प्रगति पर है, जल्द ही डिवाइडर का कट खोल दिया जाएगा।

पुलिस पर आठ लाख रुपये का माल गायब करने का आरोप

संवाददाता, पाकबड़ा

अमृत विचार : कोर्ट से ई-कचरे का रिलीज आर्डर लेकर थाने पहुंचे व्यापारी ने थाने से माल कम होने का आरोप लगाते हुए कमिश्नर के यहां शिकायती पत्र दिया है। व्यापारी ने पुलिस पर कॉपर का तार गायब करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

नागफनी थाना क्षेत्र के निवासी जाहिद ने कमिश्नर के यहां पर तहरीर देकर पाकबडा पुलिस पर आरोप लगाया है कि मेरा एक हजार किलो कॉपर का तार कम है। जो पुलिस ने थाने से गायब कर दिया है। उसने बताया 29 फरवरी को पुलिस ने स्क्रैप व कॉपर का तार पकड़ा था। मय चार गाड़ियों के उसे थाने ले आए थे। उसके बाद कोर्ट से 116 कुंतल के कचरे का रिलीज आदेश लाकर मैंने थाने में दिया। उसके बाद भी मुझसे पैसे लिए गए। सारा माल भरकर मुझे गाड़ियों में दे दिया गया। मुझे सारे माल की रिसीविंग पर हस्ताक्षर करा लिए गए। जब वह माल मैंने बाहर जाकर कांटे पर चेक किया तो उसमें से एक हजार किलो कॉपर का तार कम था। जिसकी कीमत करीब 8 लाख रुपये है। आरोप लगाया कि यह माल पुलिस ने मिलकर गायब कर दिया है। थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह ने बताया कि व्यापारी का कोई माल गायब नहीं हुआ है। वह बेवजह आरोप लगा रहा है। अगर इतना माल कम होता तो वह थाने से ही क्यों जाता। सभी माल को ले जाने पर रिसीव कर गया है।

▸▸ कोर्ट से माल रिलीज करने का आदेश हुआ था जारी, मंडलायुक्त से की पुलिस की शिकायत

तैयारी सुबह आठ बजे से ईदगाह पर अदा की जाएगी नमाज, ईदगाह व मस्जिदों में तैयारियां पूरी

चांद का दीदार हुआ, आज मनाई जाएगी ईद-उल-फितर

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : नगर व देहात क्षेत्र में गुरुवार को सभी ईदगाहों और मस्जिदों में ईद-उल-फितर की नमाज अदा की जाएगी। नमाज को लेकर सभी स्थानों पर ईदगाहों और मस्जिदों में तैयारी पूरी की गई।

गुरुवार को ईद-उल-फितर के त्योहार पर ईदगाह कांठ में शहर इमाम शोएब सुबह 8:00 बजे ईद की नमाज अदा कराएंगे। इसके अलावा ईदगाह गढ़ी सलेमपुर, अकबरपुर चैदरी, महदूद कलमी, रसूलपुर चौहरा, कस्बा ऊमरी कलां, सराय खजूर, बीबीपुर, खुशहालपुर, और पचोकरा की ईदगाह में भी नमाज अदा होगी। बुधवार को सभी ईदगाहों और मस्जिदों की साफ-सफाई कराकर उन्हें नमाज के लिए तैयार किया गया। नगर पंचायत कांठ और ऊमरी कलां में नगर पंचायत प्रशासन की ओर से ईदगाह के पास चूना डलवाया गया। प्रशिक्षु आईपीएस ऋषभ रूनवाल, थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह, कस्बा चौकी इंचार्ज यशवीर सिंह ने ईदगाहों पर दौरा कर साफ-सफाई और व्यवस्थाओं को देखा।

ईदगाह पर सफाई करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

चांद का दीदार होते ही लोगों ने दी ईद की मुबारकबाद : कांठ : चांद का दीदार होते ही मुस्लिम समाज में ईद-उल-फितर की खुशियां मनाई जा रही हैं। लोग एक-दूसरे को ईद मुबारक दे रहे हैं। ईद की पूर्व संध्या पर क्षेत्र की मस्जिदों में नमाज अदा की गई और देश और कौम की तरक्की के लिए दुआ के लिए हजारों हाथ उठे।

पालिका ने चलाया साफ सफाई अभियान

ठाकुरद्वारा : नगर पालिका के सफाई कर्मियों की कई टीमों ने नगरपालिका अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य के नेतृत्व में नगर की ईदगाह के रास्ते की साफ-सफाई की। टीम प्रभारी चंचल कुमार, सफाई नायक राकेश हमराही, राजेश कुमार, आकेश कुमार आदि शामिल रहे।

ईद की खरीदारी के लिए बाजार में उमड़ी भीड़

कांठ, अमृत विचार : ईद-उल-फितर की पूर्व संध्या पर चांद का दीदार होते ही बाजारों में भीड़ उमड़ पड़ी। बाजार में उमड़ी भीड़ जमकर खरीदारी कर रही हैं। इसके कारण दुकानदार भी खुश हैं। सबसे अधिक भीड़ नगर के मीना बाजार में दिखाई दी। जहां रात्रि 11:00 बजे तक भी बाजार खुला हुआ है। बुधवार की शाम चांद का दीदार होते ही सौंदर्य के सामान, कपड़े, जूते, चप्पल, ज्वैलरी, किराना आदि की दुकानों पर जमकर खरीदारी हुई। मुस्लिम महिलाओं ने अपनी जरूरत के सामानों को खरीदा। बाजार में ई-रिक्शा और अत्याधिक बाइकों के चलते पूरा दिन जाम की स्थिति बनी रही। बता दें कि बुधवार की शाम ईद का चांद दिखाई देने से कांठ क्षेत्र में ईद उल फितर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। लोगों ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। बाजार में दूध, दही, मावा, फल आदि की मांग भी बढ़ गई है।

सैयद सालार मसूद की दरगाह पर की चादरपोशी

बिलारी, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव थावंला में सैयद सालार मसूद गाजी की दरगाह पर सपा विधायक मोहम्मद फहीम इरफान ने चादरपोशी कर क्षेत्र की खुशहाली, तरक्की और अमनो अमन के लिए दुआएं मांगी।

प्रति वर्ष सैयद सालार मसूद गाजी की दरगाह पर चादरपोशी कर नेजा मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें दूर दराज क्षेत्र से जरायतरीन चादर पोशी कर दुआएं मांगते हैं और नेजा मेले का लुफ्त उठाते हैं। इस दौरान चादर पोशी कार्यक्रम में ग्राम प्रधान हाजी इकरार हुसैन, ग्राम पंचायत सदस्य मेला कमेटी सदस्य, पाशा यूथ क्लब के सदस्यों और अन्य लोगों ने सपा विधायक का स्वागत किया। इस दौरान रेहान पासा, हाजी अख्तर, मत्तन, आकिल, हाजी जरार, गुलाम अब्बास, शाहिद, मोहम्मद साजिद, ग्राम प्रधान के पति सद्दाम सैफी, अकरम मलिक, मुन्ने, हाजी अनवर, फहीम आदि का सहयोग रहा।

सार-संक्षेप

विश्व होम्योपैथिक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोलतीं डॉ. झरना।

विश्व होम्योपैथिक दिवस पर चिकित्सक सम्मानित

बिलारी, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल रजिस्टर्ड के तत्वाधान में जैन साहब की आढ़त पर विश्व होम्योपैथिक दिवस मनाया गया। जिसमें नगर के होम्योपैथिक चिकित्सकों को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने की एवं संचालन व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन ने किया। विश्व होम्योपैथिक दिवस पर नगर के प्रतिष्ठित होम्योपैथिक चिकित्सकों को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड की तरफ से स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। जिसमें डॉ. राजवीर सिंह, डॉ. झरना, डॉ. विनीत वाष्णैय मौजूद रहे। डॉ. दो झरना ने बताया कि होम्योपैथिक में गंभीर बीमारियों का भी इलाज संभव है। मरीज को ठीक होने में समय लगता है, मगर इसके दुष्प्रभाव कम हैं। इस दौरान सुरेंद्र कुमार चुग, सुधीर अग्रवाल, नितिन डूडेजा, दुष्यंत चौहान, विजेंद्र चंद्रवंशी, रनवीर सिंह उर्फ पप्पू चौधरी, व्यापारी नेता शकील, विनीता रस्तोगी, गीता कोहली इत्यादि मौजूद रहे।

गांव रामूवाला गणेश में प्रदर्शन करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

कैंप लगाकर ब्लड ग्रुप जांच कराने की मांग

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के कैंप कार्यालय रामूवाला गणेश पर किसान नेता प्रीतम सिंह के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने ब्लड ग्रुप की जांच के लिए विद्यालयो में निशुल्क कैंप लगाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। बुधवार को प्रीतम सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि परिषदीय तथा माध्यमिक विद्यालयों में समस्त छात्र-छात्राओं से प्रवेश के समय ब्लड ग्रुप, लंबाई व वजन का विवरण देना उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने स्कूलों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से कैंप लगाकर ब्लड ग्रुप जांच करने की मांग की। प्रीतम सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह से वार्ता की। जिस पर चिकित्सा अधीक्षक ने विद्यालयों में ब्लड जांच हेतु विद्यालयों में कैंप लगाने का आश्वासन दिया। इस दौरान सुमित, शादाब, आदित्य, दीपा, भावना, सविता, अंजलि, सिमरन आदि रहे।

मिशन जागरुकता अभियान में शिक्षिकाएं सम्मानित

बिलारी, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्यौडारा में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाता जागरुकता क्लब ईएलसी तथा वोटर एवरेज फॉर्म बीएफ की गतिविधियां को पूर्ण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली महिला शिक्षकों को प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा ने सम्मानित किया गया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य ने बताया कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने, प्रस्तावित गतिविधियों तथा मतदाता जागरुकता कैलेंडर के अनुसार कार्यक्रम को क्रियान्वयन करने में भूमिका निभाने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। जिनमें डॉ. अनुपम गुप्ता, पूजा यादव, फरहीन खान, ममता रानी, शिवप्रिया, मिथिलेश शर्मा को स्मृति चिह्न देकर मंच पर सम्मानित किया गया। इस दौरान परीक्षा प्रभारी बलवंत सिंह, मनमोहन कौशिक, हरिशंकर शर्मा, प्रभाकर शर्मा ,दीपक कुमार शर्मा, कोमल राम ,संजीव कुमार, नीरज दुबे, आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

सेंट पॉल्स इंटरनेशनल स्कूल में मनाई ईद

कांठ, अमृत विचार : बुधवार को सेंट पॉल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ईद का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सुंदर और मनमोहक वस्त्र पहन कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सतेंद्र चौधरी ने सभी छात्र-छात्राओं को ईद की महत्ता के विषय में बताते हुए कहा कि भारत विभिन्नताओं का देश है। यहां सभी समुदाय के लोग एक-दूसरे के त्योहार मिलजुल कर मनाते हैं। इस अवसर पर स्कूल चेयरमैन जितेंद्र विश्नोई एवं मेनेजिंग डायरेक्टर सचिन विश्नोई ने सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्रों को ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर वरिष्ठ अध्यापिका ममता विश्नोई, अनवार हुसैन, अमन, गजाला हबीब, विकास यादव, सौरभ चौहान, संजय कुमार, ओमप्रकाश सिंह, दीपिका विश्नोई , मीनू चौधरी, आभा विश्नोई, अभिषेक, गौरीशा, गरिमा, माही खान, मुस्कान, चंचल देवी, सारिका, नसरीन, शिवानी, अनुजा सहगल, अनीका इर्तजा, अफीफा इर्तजा, भावना विश्नोई , इरम, मीनू चौधरी, मनीषा, मुबस्सिरा, ज्योति एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

ईद की एक्टिविटी में भाग लेते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

ग्लोबल इंटरनेशनल में ईद की एक्टिविटी का आयोजन

कांठ, अमृत विचार : नगर स्थित ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल में ईद की एक्टिविटी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा एक से आठ तक के बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। बुधवार को हुई ईद की एक्टिविटी पर स्कूल के बच्चों ने ईद मुबारक के ग्रीटिंग कार्ड बनाएं। साथ ही बच्चों ने आर्ट एंड क्राफ्ट द्वारा त्योहार में घर को सजाने के लिए साज सज्जा की सामग्री के साथ ईद की मुबारकबाद के ग्रीटिंग कार्ड बनाए। कार्यक्रम में बच्चों को ईद का महत्व बताया। साथ ही पवित्र माह रमजान में रोजे के महत्व को भी समझाया गया। विद्यालय की ओर से नवरात्र एवं ईद की शुभकामनाएं दी गई।

ईद का पर्व मनाते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

द मिल्लत स्कूल में ईद पर कार्यक्रम आयोजित

कांठ, अमृत विचार : नगर के द मिल्लत स्कूल में ईद के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। बुधवार को नगर के द मिल्लत स्कूल में बच्चों द्वारा ईद का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सभी छात्र-छात्राओं द्वारा ईद के उपलक्ष्य में कविताएं, नात, कव्वाली एवं गजल प्रस्तुत की गई। सभी छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और गले मिलकर ईद की बधाई दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य पीयूष भारद्वाज ने कहा कि चाहे ईद हो या दिवाली भारत की संस्कृति में यह खासियत है कि यहां हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सब आपस में मिलकर हर त्योहार को मनाते हैं। आज की पीढ़ी को धार्मिक मान्यताओं, सभी धर्मों के प्रति आदर की भावना एवं नैतिक मूल्यों से जोड़ने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन स्कूल में किया जाता है। कार्यक्रम में अमीरहमजा, महीपाल, अनमोल, इंजीला, जोया, जोफिशा, अर्श, हिमानी, अरशान आदि का योगदान रहा।

निषेवते प्रशस्तानी निन्दितानी न सेवते।
अनास्तिक : श्रद्धान एतत् पण्डितलक्षणम्॥

सद्गुण, शुभ कर्म, भगवान के प्रति श्रद्धा और विश्वास, यज्ञ, दान, जनकल्याण आदि, ये सब ज्ञानीजन के शुभ-लक्षण होते हैं।

संपादकीय

सहयोग बढ़ाना जरूरी

दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला भारत स्वास्थ्य के कई मसलों से जूझ रहा है। हालांकि दुनिया की आधी से अधिक आबादी को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पूर्ण पहुंच की आवश्यकता है। भारत में समावेशी स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने की राह की चुनौतियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इनमें संक्रामक रोगों से लेकर गैर संक्रामक बीमारियां शामिल हैं। टीबी और मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियां तो बनी ही हुई हैं। इनके साथ साथ जीवनशैली से जुड़े रोगों जैसे कि डायबिटीज़ और दिल की बीमारियों के मरीजों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। कुपोषण और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच का अभाव, खासतौर से ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी बना हुआ है। वास्तविक स्वास्थ्य समानता, गरीबी, भेदभाव, उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक सीमित पहुंच, स्वस्थ आहार, स्वच्छ जल, स्वच्छ हवा और आवास जैसी स्वास्थ्य असमानताओं के मूल कारणों को संबोधित करती है तथा स्वास्थ्य देखभाल तक समान पहुंच प्रदान करती है। स्वास्थ्य समानता यह सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी उच्चतम स्वास्थ्य क्षमता प्राप्त करने का समान अवसर मिले, चाहें उनकी परिस्थितियां कुछ भी हों। यह स्वीकार करते हुए कि सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय कारक स्वास्थ्य परिणामों को प्रभावित करते हैं, यह विचार आनुवंशिकी तक सीमित नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मिशन विभिन्न सामाजिक और आर्थिक श्रेणियों के बीच स्वास्थ्य क्षेत्र में विद्यमान अनुचित एवं निवारण योग्य असमानताओं को समाप्त करना है।

भारत सरकार ने 2013 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की शुरुआत की थी। इसकी रूपरेखा में पहले यानी 2005 में स्थापित किए गए राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन और 2013 में शुरू किए गए राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन को शामिल किया गया है। स्वास्थ्य की तमाम चुनौतियों के बावजूद जनता की सेहत को बेहतर बनाने का लक्ष्य लेकर शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना दुनिया में स्वास्थ्य की सबसे महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। इसके तहत दो मुख्य कार्यक्रमों-हेल्थ ऐंड वेलनेस केंद्रों और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के जरिए देश के 50 करोड़ कमजोर लोगों को वित्तीय संरक्षण देना है। फिर भी भारत जैसे बहुसांस्कृतिक देश में विशेष रूप से स्वास्थ्य समानता की राह कठिनाइयों से भरी है जिसमें गहराई तक व्याप्त सामाजिक अन्याय से लेकर वैश्विक प्रणालीगत स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं शामिल हैं। भारत के लिए ये सुनिश्चित करना जरूरी है कि आम लोगों को उचित कीमत पर स्वास्थ्य की देख-रेख की अच्छी सुविधा मिल सके। स्वास्थ्य सेवा के मूलभूत ढांचे में निवेश और कर्मचारियों की तादाद बढ़ाने और सरकारी संस्थाओं, नागरिक संगठनों और निजी भागीदारों के बीच सहयोग बढ़ाना भी जरूरी है।

पूरक आहार के सेवन से भी होती है विषाक्तता



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

लोगों में डिब्बा बंद या पैक्ड पूरक आहार के सेवन की आवृत्ति क्या बढ़ गई थी और इसके प्राकृतिक और बाहरी अन्य क्या कारण क्या हो सकते थे, ऐसी जांच की गई? मालूम हुआ कि पूरक आहार की श्रेणी में शामिल खाद्य पदार्थों के निर्माण के दौरान विशुद्ध हार्मोन्स की 15.1, बोटैनिकल स्रोत से ली गई सामग्री की 31.9 और अन्य पूरक पदार्थों का इस्तेमाल की गयी कुल मात्रा का प्रतिशत हिस्सा 5.1 था।

जर्नल ऑफ़ मेडिकल टॉक्सिकोलॉजी के सन 2017 के अंक 13 में छपे हुए एक शोधपत्र से मालूम हुआ है कि सन् 2000 से 2012 तक के अरसे के बीच अमरीका में पूरक आहार (डाइटरी सप्लीमेंट्स) का सेवन करने से हुई विषाक्तता के 2,74,998 व्यक्ति-मामले 'पाइजन कण्ट्रोल सेंटर्स' में रिपोर्ट हुए थे। सन् 2000 से 2002 के बीच के तीन वर्षों के समय में अमेरिका में प्रति एक लाख व्यक्तियों में विषाक्तता के मामलों में पिछले आंकड़ा के दृष्टिगत 46.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी, लेकिन अगले चार वर्षों में यह घटकर 8.8 प्रतिशत हुई लेकिन 2005 से लेकर 2012 के बीच यह फिर आश्चर्यजनक रूप से अधिक होकर 49.3 प्रतिशत हो गई।

लोगों में डिब्बा बंद या पैक्ड पूरक आहार के सेवन की आवृत्ति क्या बढ़ गई थी और इसके प्राकृतिक और बाहरी अन्य क्या कारण क्या हो सकते थे, ऐसी जांच की गई? मालूम हुआ कि पूरक आहार की श्रेणी में शामिल खाद्य पदार्थों के निर्माण के दौरान विशुद्ध हार्मोन्स की 15.1, बोटैनिकल स्रोत से ली गई सामग्री की 31.9 और अन्य पूरक पदार्थों का इस्तेमाल की गयी कुल मात्रा का प्रतिशत हिस्सा 5.1 था। शरीर में पहुंचने के बाद रासायनिक विघटन होकर इनके पदार्थ जब विलग हो जाते हैं और चयापचयी प्रक्रिया-एब्जॉर्प्शन और एडजॉर्प्शन, शुरू हो जाती है तब इनके घटक विषाक्तता पैदा करते हैं।

भारत में पूरक आहार (हेल्थ फ़ूड सप्लीमेंट्स-न्युट्रास्युटिकल्स) का सेवन करने की प्रवृत्ति तेज़ हो चुकी है। 1850 आदि दशक से ही अमीर परिवारों में बच्चों को इसे दिया जाता रहा है, लेकिन प्रोटीन और विटामिन रिच न्युट्रास्युटिकल्स का इस्तेमाल खिलाड़ियों (पहलवान, वेट लिफ्टर्स, धावक) में अब अधिक है। इनमें ग्लुटामीन और ट्रिप्टोफेन जैसे एमिनो एसिड्स, एनाबोलिक एण्ड्रोजैनिक स्टेरॉयड्स एवं एम्फिटामीन्स जैसे स्टिमुलैंट्स के अलावा संश्लेषित 'ब्रांचर्ड-चेन एमिनो एसिड्स' शामिल हैं। विज्ञापनों के प्रभाव में संभावित कुपोषण के दुष्प्रभाव से बचाने या फिर तेज़ी से शारीरिक वृद्धि होने एवं खेल और अध्ययन दोनों में मेधावी बनाने के लिए पेरेंट्स में किशोर वय के अपने बच्चों को

सभी देशों के 'फ़ूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन' के डिपार्टमेंट और अथॉरिटीज संबंधित नियमों के अंतर्गत इनकी प्रोडक्शन और गुणवत्ता को कंट्रोल करने के अलावा लोगों को नियमित रूप से इनसे होने वाले संभावित खतरों से सावधान करने के लिए सार्वजनिक मीडिया पर सक्रिय होकर और परोक्ष रूप से पोस्टर और बिलबोर्ड लगवाकर शैक्षिक कार्यक्रम चलाते हैं।

पूरक आहार और न्यूट्रास्युटिकल्स देने का चलन बढ़ा है। ट्रेंड डॉक्टर या फिजिशियन की सलाह के बिना या एक समय बाद सलाह की उपेक्षा करके जो जहां मिला या जिसने बता दिया, प्रकार के फ़ूड सप्लीमेंट्स खरीदकर बच्चों को दिए जा रहे हैं। यह द्रुतगति से बढ़ कर अब चिंताजनक स्तर तक पहुंचा हुआ है। देश में ही नहीं दुनिया भर में न्युट्रास्युटिकल्स और फ़ूड सप्लीमेंट्स का कारोबार और सेवन कुलांचे भर रहा है।

सभी देशों के 'फ़ूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन' के डिपार्टमेंट और अथॉरिटीज संबंधित नियमों के अंतर्गत इनकी प्रोडक्शन और गुणवत्ता को कंट्रोल करने के अलावा लोगों को नियमित रूप से इनसे होने वाले संभावित खतरों से सावधान करने के लिए सार्वजनिक मीडिया पर सक्रिय होकर और परोक्ष रूप से पोस्टर और बिलबोर्ड लगवाकर शैक्षिक कार्यक्रम चलाते हैं। परन्तु विज्ञापन और घरेलू स्टार की डायरेक्ट मार्केटिंग का पुश इतना जबरदस्त है कि लोगों में पूरक आहार को एक चिकित्सकीय जरूरत के हिसाब से इन्हें न लेने या हिदायतों की उपेक्षा करके दीर्घावधि तक इनका नियमित सेवन या आवृत्ति बढाकर सेवन करने की प्रवृत्ति धीरे-धीरे बढ़ कर एक दिन महामारी की रूप धर लेगी, ऐसी आशंका शोधकर्ताओं द्वारा निकाले गए नतीजों के आधार पर व्यक्त की जा चुकी है। संबंध में भारत में टॉक्सिकोलॉजी से संबंधित केस रिपोर्टिंग और डेटा मिलने और जमा होने की बाबत कुछ अधिक एनालिसिस उपलब्ध नहीं है, लेकिन पेस्टिसाइड, इंसेक्टिसाइड और अन्य प्रकार के अनेक जहर और जहरीले जीव-जंतुओं द्वारा शरीर में एक्सीडेंटल स्थिति में जहर प्रवेश हो जाने मामले तो रिपोर्ट होते हैं, जैसे कि सांप और बिच्छू का दंश। इसके अलावा विषाक्त प्रभाव पैदा करने वाली धातुओं जैसे कि वायु, पानी और खाद्य प्रणाली के जरिये मरकरी, लेड, आर्सनिक और चाय बनाने वाले बर्तन के जरिये से भी एल्युमिनियम टॉक्सिसिटी होने के केस अस्पताल के डाक्टरों द्वारा दर्ज किये जाते रहे हैं। अस्पताल से यह जानकारी डेटा कलेक्शन सेंटर की मार्फ़त नई दिल्ली के एम्स में नेशनल पाइजन्ज़ इनफार्मेशन सेंटर के संग्रह में चली जाती है जिसकी स्थापना सन् 1995 में की गई थी। इसका काम देश में ज़हर से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों के संबंध में सभी किस्म की सूचना यथा, ज़हर की किस्म, इसका प्रभाव, ज़हर के स्रोत और इसकी किस्म, मात्रा, और प्रत्येक किस्म की विषाक्तता को तोड़ने वाले बायो-केमिकल मेथड्स और उपचार पद्धितियों पर काम करना भी है।

समस्याएं विकट है और अनेक प्रकार की हैः आमजन को ऐसा आभास जर्राभर नहीं है कि भारत सरकार के स्तर पर अनजानी और अनदेखी समस्याओं की पूर्ति और समाधान के लिए ही नहीं बल्कि शोधकार्य के लिए भी करोड़ों रुपया खर्च करके एक बड़ा तंत्र खड़ा किया जाता है। इस खतरे से निपटने के लिए अमरीका ने सन 1994 में 'डाइटरी सप्लीमेंट हेल्थ एंड एजुकेशन एक्ट ऑफ़ 1994-पब्लिक लॉ 103-117' को कांग्रेस के 103-वें सत्र में पास कर दिया था। भारत में इस एक्ट जैसी कार्रवाई ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट एवं फ़ूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड आर्गेनाईजेशन के अंतर्गत ली जाती है। लेकिन ग्राउंड स्तर पर यह पर्याप्त नहीं है क्योंकि फ़ूड इंडस्ट्री के लिए आगे बढ़ने और नियंत्रित और कंट्रोल करने की दो परस्पर जुड़वां स्थितियों के मद्दे नज़र भारत की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के साथ इनका आपस में 'कनफ्लिक्ट ऑफ़ इंटरेस्ट' अनेक नुक्तों पर मौजूद है जिसके लिए फिलहाल कोई समाधान नहीं है। अर्थात जिसकी जैसी मर्जी है वैसा चलेगा या दौड़ेगा। पाइजनिंग और एंटीडॉट्स (विषहर) के मामले में बिना जानकारी के, अनुमान भर से, निंदा कार्य में लगे रहना अब आमजन की मानसिकता हो गयी है, जबकि ऐसे ही और अन्य छिपे-दबे कार्य के लिए देश में बहुत ही कम एक्सपर्ट्स हैं। बावजूद इसके, बड़े अस्पतालों में क्रिटिकल केयर में दक्ष फिजिशियन इस कार्य के लिए उपलब्ध हैं जो कोशिश करके विषाक्तता की चपेट में आये व्यक्तियों की जान बचाने की कोशिश तो करते ही हैं।

शोध के नतीजों के अनुसार न्युट्रास्युटिकल्स और फ़ूड सप्लीमेंट्स के सेवन से स्वास्थ्य के लिए सीमित फायदे हासिल होते हैं। इनकी कम्पोजीशन में खनिजों का मिश्रण करके यह आभास दिया जाता है कि इनके नियमित सेवन से शारीरिक ताकत और क्षमता, अर्थात स्टेमिना बढ़ाया जा सकता है। जिस पैकेट या डिब्बे में ये पेश किये जाते हैं इनके लेबल पर इनके प्रतिकूल प्रभाव के बारे में कुछ खास नहीं लिखा जाता और न ही यह सूचना होती है की सेवन से अगर गड़बड़ महसूस हो तो उपचार क्या हो सकता है। 'न्यूट्रीएंट्स' जर्नल के सन् 2002के अंक-14 में प्रकाशित लेख 'मिनरल कंपोजीशन ऑफ़ डाइटरी सप्लीमेंट्सः एनालिटिकल एंड कीमोथेरेपी एप्रोच' में बताया गया है कि न्युट्रास्युटिकल्स और फ़ूड सप्लीमेंट्स एक सघन कंसंट्रेट में सूखे, दानेदार या अवलेह के रूप में बाज़ार में मिलते हैं जिनमें 22 मिनरल एलिमेंट्स, जैसे कि सोडियम, कैल्शियम, पोटैशियम, मैग्निशियम, सिल्वर, सेलेनियम, जिंक, कॉपर, आर्सेनिक, निकल, मोलिब्डेनम, एल्युमीनियम, मैंगनीज, लिथियम, पारा और कैडमियम की मिलावट हो सकती है। मिनरल्स के नाम पर यह मिलावट उन वानस्पति स्रोतों से आती है जो खेत की धरती से इन्हें ग्रहण करते हैं। विषाक्तता पैदा करने का संबंध न्युट्रास्युटिकल्स और फ़ूड सप्लीमेंट्स में इनकीमात्रात्मक मौजूदगी से होता है जिसे जानने या टेस्ट करने के लिए कीमो-मीट्रिक पद्धति का इस्तेमाल किया जाता है। तत्पश्चात यह निर्धारित किया जाता है मनुष्य उपभोग हेतु ये सुरक्षित हैं। अगर उक्त वैल्यूज (मात्रात्मक) मनुष्य के लिए 'रिक्मेंडेड डाइटरी अलाउंसेस' (आरडीए) के भीतर हैं तो चिंता की बात नहीं। लेकिन भरोसा तभी होता जब ऐसे प्रोडक्ट्स को देश में फ़ूड सेफ्टी एंड स्टैण्डर्ड अथॉरिटी जैसी एजेंसी सत्यापित करे।

प्रसंगवश

जश्न-ए-ईद

इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार रमजान का महीना 9 वां महीना है। इस दृष्टि 10 वां महीने के स्वागत का महीना है रमजान। अंक के हिसाब से देखें तो 9 का अंक इकाई ही है और 10 वां माह इकाई से दहाई में बदल जा रहा है।

इसके सूक्ष्मभाव पर नजर डालें तो रमजान का महीना व्यक्ति को समूह में जीने का संदेश भी दे रहा है। समूह में जीने के लिए स्नेह, प्रेम, दया की जरूरत होती है। 10 वें माह में आने वाले ईद पर्व के लिए तन-मन को तैयार करने हेतु रमजान महीने के कुछ नियम बने ताकि व्यक्ति अपने निजी जीवन में भी नियम के साथ रह सके। इस समय में शरीर की तंत्रिका प्रणाली आंतरिक सफाई का काम करती हैं। उसके बाद सूरज डूबने के समय मगरिब की नमाज के समय अफ्तार (सूरज डूबने के पहले) का वक्त भी बहुत महत्वपूर्ण है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

इस समय वातावरण में ऐसी तरंगें होती हैं जिसमें किए गए भोजन से तन और मन स्वस्थ रहता है। विभिन्न धर्मावलंबी भी सूर्य डूबने के पहले भोजन कर लेते हैं। रमजान महीने में रात को एशा के नमाज में कुरान पढ़ी और सुनी जाती है। इसमें तीस "पारे", छोटी -बड़ी 114 "सूरतें", 6640 'आयतें' और 540 'रकूअ' हैं। एक रकूअ में एक बार खड़े होकर बैठने तक शामिल है जिसमें 2 सजदे (जमीन पर माथा टेकना) भी किए जाते हैं। ईद के आने के पहले मन-मस्तिष्क में आनंद का सैलाब पैदा करने के पीछे पूरा विज्ञान शामिल है।

एक माह कुरान को पढ़ या सुनकर शव्वाल महीने में आने वाले ईद के लिए पूरी तरह दुरुस्त होने का यह रिहर्सल का महीना है। ईद भी 'ऊद' शब्द से बना है जिसका मतलब सुगंध है। जीवन को सुगंधित बनाने का रमजान का माह यह संदेश लेकर हर साल आता है कि इस्लाम धर्मावलंबी ऐसा कार्य करें जिससे वह जहां रहे और जहां जाएं खुशबू बिखेर दें।

ईद की नमाज़ के वक्त दिए जाने वाले खुतबे में 'या अल्लाह-नेकी में लगाओ और बुराइयों से बचाओ' का को संकल्प दिलाया जाता है, उसे लागू करना भी त्योहार का मकसद है। संकल्पों को सुनकर भूल जाना नींद की स्थिति है और अपना लेना ईद पर्व का जश्न है।

हथियारों के निर्यात में भारत की कूटनीतिक पहल

ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर,
केआईटी, कानपुर

सबसे बड़ी बात तो यह है कि भारत दुनिया में हथियारों का सबसे बड़ा खरीददार देश होते हुए भी रक्षा के क्षेत्र में अब स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने की ओर अग्रसर है।

स्वतंत्र भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब भारत ने रक्षा निर्यात के मामले में 21 हजार करोड़ रुपये का आंकड़ा छुआ है। पिछले एक वर्ष में इसमें 32.5 प्रतिशत और पिछले नौ वर्षों में इसमें लगभग तीन हजार प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत ने कुल मिलाकर 21 हजार 83 करोड़ रुपए के हथियारों का निर्यात किया है। जबकि पिछले साल भारत ने 15920 करोड़ रुपए के हथियारों का निर्यात किया था। हमारा देश दुनिया के 85 से ज्यादा देशों को हथियारों का निर्यात कर रहा है।

इस सूची में भारत से सबसे ज्यादा 31 प्रतिशत हथियार म्यांमार खरीद रहा है तो वहीं 19 प्रतिशत श्रीलंका, 12 प्रतिशत मॉरीशस, 6 प्रतिशत नेपाल, 5.1 प्रतिशत अर्मेनिया, 4.3 प्रतिशत वियतनाम, 4.2 प्रतिशत मालदीव और 2.2 प्रतिशत अफगानिस्तान खरीद रहा है। इसके अलावा भारत जिन हथियारों को दूसरे देशों को बेच रहा है उनमें सबसे ज्यादा 61 प्रतिशत समुद्री युद्धपोत हैं, 20 प्रतिशत लड़ाकू विमान तेजस हैं, 14 प्रतिशत सेंसर्स हैं, 2.9 प्रतिशत बख्तर बंद गाड़ियां, 1.1 प्रतिशत तोप और 0.9 प्रतिशत मिसाइल्स हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इस समय दुनिया के 42 से ज्यादा देश भारत से आर्टिलरी गन्स, ब्रह्मोस मिसाइल्स, आकाश मिसाइल्स सिस्टम, पिनाका रॉकेट्स एंड लॉन्चर्स, गोला-बारूद, बॉडी आर्मर्स और तेजस जैसे लड़ाकू विमान खरीदने की डील करने के लिए आगे आ रहे हैं।

इस समय रक्षा निर्यात में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी भारत की प्राइवेट कंपनियों की है और 40 प्रतिशत हिस्सेदारी सरकारी कंपनियों की है। भारत की 'हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड' (एचएएल) इस क्षेत्र में दुनिया की 41 वीं सबसे बड़ी कंपनी बन चुकी है। भारत जिन देशों को अपने हथियार निर्यात कर रहा है उनमें से कुछ हमारे पड़ोसी देश हैं। जबकि बाकी के छोटे-छोटे देश हैं।

अमेरिका और रूस जैसे पश्चिमी देश बड़ी डील्स पर नजर लगाकर रखते हैं, क्योंकि उन्हें ज्यादा पैसा और ज्यादा लाभ का सौदा चाहिए होता है। इसलिए वे बड़े देशों को अपना ग्राहक (क्लाइंट्स) बनाने की सोचते हैं जिसके फलस्वरूप वो इन छोटे देशों को कभी इतना ज्यादा महत्व नहीं देते और न ही इन छोटे देशों को उनसे कोई अच्छी डील मिलती है। यानी कि जो बड़ी शक्तियां (अथवा बड़े देश) हैं, जो कि हथियारों के बड़े निर्यातक अथवा सौदागर हैं, वे इन छोटे देशों को कभी भी गंभीरता से नहीं लेते हैं। इसलिए यहां पर हथियारों के व्यापार के स्तर पर एक बड़ा खालीपन (गैप) बन जाता है।

हथियारों के बाजार में इन छोटे देशों को भी ऐसे लोग चाहिए, जो इन्हें गंभीरता से लें और इन्हें सस्ते दामों पर अच्छे हथियार दे सकें और अब भारत इस कमी को पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस समय दुनिया में हथियार बनाने और बेचने वाले सिर्फ 48 देश हैं और इनमें से भी प्रमुख पांच देश ही हैं, जो कि दुनिया के लगभग 76.5 प्रतिशत हथियार निर्यात करते हैं जिसमें पूरी दुनिया के बाजार में अमेरिका 40 प्रतिशत, रूस 16 प्रतिशत, फ्रांस 11 प्रतिशत, चीन 5.2 प्रतिशत और जर्मनी 4.2 प्रतिशत हथियारों का निर्यात करता है। जबकि भारत इन 48 देशों की सूची में वैसे तो अभी 40 वें स्थान पर है और अभी भी हम दुनिया के 0.0003 प्रतिशत हथियार ही निर्यात कर पा रहे हैं।

ये आंकड़ा वैसे तो अभी काफी हद तक कम ही माना जाएगा, लेकिन जिस देश ने यूपीए की दस वर्षों की सरकार के दौरान सिर्फ 4300 करोड़ हथियार ही निर्यात किए थे वो देश अब अगर सिर्फ एक साल के भीतर 21 हजार करोड़ से ज्यादा के हथियार निर्यात कर रहा है और इस वर्ष 35 हजार करोड़ रुपये के हथियार निर्यात करने का लक्ष्य तय करने वाला है तो ये उस देश के लिए वाकई में एक अभूतपूर्व बात है।

सबसे बड़ी बात तो यह है कि भारत दुनिया में हथियारों का सबसे बड़ा खरीददार देश होते हुए भी रक्षा के क्षेत्र में अब स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने की ओर अग्रसर है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिप्री) की पिछले साल की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2018 से 2022 के बीच भारत ने दुनिया में सबसे ज्यादा 11 प्रतिशत हथियार खरीदे, लेकिन इसी के साथ वर्ष 2013 से 2017 के मध्य एवं 2018 से 2022 के मध्य भारत ने अपने रक्षा आयात को 11 प्रतिशत तक कम कर लिया है और ऐसा इसलिए संभव हो सका, क्योंकि भारत अब अपने स्वनिर्मित हथियार बना रहा है। जिसे हमारी सेनाएं भी इस्तेमाल कर रही हैं। साथ ही हम इन हथियारों को दूसरे देशों को भी निर्यात कर रहे हैं।

सोशल फोरम

भारतीय संस्कृति के गुण

पिछली दो सदियों से भारत जिस बुद्धिपरक, राष्ट्रीय और मानवीय संस्कृति की खोज में है, वह धर्मों की विरोधी नहीं है। उसमें सिर्फ धार्मिक अंधविश्वास, असहिष्णुता और कुप्रथाओं से एतराज है।

भारतीय संस्कृति के चार मुख्य गुण हैं-निरंतरता, पुनर्रचनात्मकता, आलोचनात्मक समावेशिकता और नवोन्मेष। इन गुणों को पहचाने बिना भारतीय संस्कृति को जाना नहीं जा सकता। इस देश की संस्कृति सिर्फ प्राचीन नहीं है। इसने अपने को बार-बार रचा है। इसका शुद्धतावाद की जगह ज्ञान की विभिन्न धाराओं से संबंध बना है। वह एक या दो परंपराओं में कैद रहने वाली न होकर विविधतापूर्ण, परिवर्तन-संवेदी और नवोन्मेषशील है। रामकथा भवभूति और तुलसीदास के यहां बिल्कुल वही नहीं है, जो वाल्मीकि की रामायण में थी। भारत का मनुष्य गहरा है। निश्चय ही वह अपने 'प्राचीन' से विच्छिन्न होना नहीं चाहता, पर वह नवोन्मेषों को पसंद करता रहा है। किसी प्रदेश में नवोन्मेषों की ग्राह्यता ज्यादा रही है, किसी में कम। दरअसल भारत की सांस्कृतिक बहुलता किसी डिपार्टमेंटल स्टोर या कबाड़खाने की बहुलता नहीं है। उसमें संवाद, अंतर्क्रिया और अंतर्मिश्रण की प्रवृत्तियां पहले भी रही हैं और अब भी है। भारत एक देश भर नहीं है। वह एक विजन है जिसमें हमेशा खुलापन रहा है। हम जानते हैं कि हमारे देश ने पुनर्निर्माण की अपनी क्षमता का परिचय ध्वंसावशेषों पर खड़ा होकर भी दिया है। इसने शून्य से भी शुरू किया है। भारत लंबे-लंबे समय तक बौद्धिक मूर्च्छा में रहा हो, पर इसने बार-बार उठकर नया इतिहास रचा है। पिछली दो सदियों से भारत जिस बुद्धिपरक, राष्ट्रीय और मानवीय संस्कृति की खोज में है, वह धर्मों की विरोधी नहीं है। उसमें सिर्फ धार्मिक अंधविश्वास, असहिष्णुता और कुप्रथाओं से एतराज है। इसमें सभी धर्मों के प्रति आदर भाव है। पहले भी उदारवादी भारतीय संस्कृति में मनुष्य और मनुष्य के बीच 'कृत्रिम भिन्नता' का विरोध हुआ। आज भी जहां भारतीय संस्कृति के गुण बचे हैं, वहां कृत्रिम भिन्नता का विरोध किया जा रहा है।

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

-फेसबुक वॉल से

कम्युनिकेशन का बदलता चरित्र

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

संचार रूपों के बारे में विचार करते समय वर्तमान अपरिहार्य और निर्णायक संदर्भ है। संचार या मीडिया के समस्त विमर्श इसी अर्थ में वर्तमान से जुड़े होते हैं। इस परिप्रेक्ष्य में देखें तो संचार, अंतर्वस्तु और अवधारणाएं वर्तमान में संचार की अवस्था से पुनर्परिभाषित होती हैं।

इंटरनेट आने के साथ ही मीडिया और कम्युनिकेशन का समूचा परिवेश बुनियादी रूप से बदल गया है। इससे मानवीय व्यवहार में बुनियादी बदलाव भी आ रहे हैं। पुरानी दूरियां घटी हैं। नई दूरियों ने जन्म लिया है। पुरानी पहचान नष्ट हुई है। नई पहचान सामने आई है। बातचीत की पुरानी आदतों को नई आदतों ने अपदस्थ करना आरंभ कर दिया है। कहने का अर्थ यह है कि नए संचार माध्यमों ने नए मानवीय व्यवहार, आदतें, संस्कार, एटीट्यूड आदि को जन्म दिया है। इसने संचार के नए असंख्य नए संकेतों को जन्म दिया है। संकेतों के कम्युनिकेशन को नई ऊंचाईयां दी हैं। कैरोलिन मारविन द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार 'इलेक्ट्रॉनिक संचार का इतिहास संचार में तकनीकी क्षमताओं के विकास के बजाय सामाजिक जीवन के व्यवहार संबंधी प्रश्नों पर विचार अधिक करता है। इन प्रश्नों में शामिल हैं, कौन बोल सकते हैं और कौन नहीं, किसके पास अधिकार हैं और किस पर विश्वास करना चाहिए, इत्यादि जैसी समस्याएं।'

कैरोलिन दर्शाती हैं कि टेलीफोन के प्रयोग से मात्र दूर-स्थित लोगों के बीच बातचीत ही संभव नहीं हुई : इससे परस्पर बातें करने वालों के बीच की सीमाएं समाप्त होने लगीं अर्थात् कौन किससे बातें कर सकता है और किससे नहीं और इस प्रकार वर्तमान वर्ग-संबंधों पर खतरा पैदा हो गया। इसने प्रेम-संबंध स्थापित एवं विकसित करने के तौर-तरीकों में भी परिवर्तन ला दिया। इसी प्रकार बिजली के बल्बों ने जन-पैमाने के मनोरंजन के स्वरूपों एवं संस्कृति में बदलाव ला दिए। उदाहरण के लिए इन बल्बों के कारण रात में खेलों का आयोजन संभव हुआ जिसका जन-संस्कृति पर गहरा प्रभाव पड़ा। स्पष्ट है कि इलेक्ट्रॉनिक महत्वपूर्ण सामाजिक प्रश्न खड़े करता है। मारविन ने लिखा नई इलेक्ट्रॉनिक टेक्नोलॉजी का उद्देश्य हमारी सामान्य सामाजिक गतिविधियां बढ़ाना, उन्हें सरल बनाना और अधिक चुस्त-दुरुस्त करना होता है, लेकिन वे उन्हें इस प्रकार पुनर्गठित करते हैं कि वे स्वयं ही नई घटनाएं बन जाते हैं। मारविन की उपरोक्त धारणाएं महत्वपूर्ण हैं, लेकिन संचार माध्यमों के स्वामित्व के सवाल को दरकिनार नहीं किया जा सकता।

संकेत, संचार और व्यवहार के अंतस्संबंध की खोज करते हुए मार्क पोस्टर ने लिखा है "हर युग में संकेतों के विनिमय के अपने आंतरिक और बाहरी ढांचे होते हैं तथा संकेतीकरण के माध्यम व संबंध भी। सूचना पद्धति की निम्नलिखित मंजिलें दर्शायी जा सकती हैं। आमने-सामने मौखिक विनिमय, छपाई के जरिए लिखित विनिमय और इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के जरिए विनिमय। पहले वाले में संकेतों का आदान-प्रदान होता है तो दूसरे में संकेतों के प्रतिनिधि का, तीसरे में सूचना का चित्रण होता है। प्रथम, मौखिक मंजिल में आत्म का निर्माण आमने-सामने के संबंधों की संपूर्णता में उसके स्थान के निर्णय से होता है। दूसरी अर्थात् छपाई की मंजिल में आत्म का निर्माण तार्किक काल्पनिक स्वायत्तता के माध्यम के रूप में होता है, लेकिन तीसरी अर्थात् इलेक्ट्रॉनिक मंजिल में व्यक्ति का मनोगत अस्तित्व निरंतर अस्थिरता में विकेंद्रित, छितराया हुआ और संख्या में बढ़ता हुआ होता है।" प्रत्येक मंजिल में भाषा और समाज, विचार और कार्य, आत्म (अस्तित्व) तथा इतर-अस्तित्व के परस्पर संबंध अलग-अलग होते हैं। संचार माध्यमों की खूबी है कि इसमें हमेशा वर्तमान काल में रखकर विचार कर सकते हैं। मसलन आप कितनी ही पुरानी किताब पढ़ें, पढ़ते समय बार-बार वर्तमान के नजरिए से पढ़ते हैं। यानी कम्युनिकेशन के रूप एक ही साथ ऐतिहासिक और वर्तमान दोनों ही स्थितियों से बंधे होते हैं। संचार के नए और पुराने रूप एक ही साथ वर्तमान में अवस्थित रहते हैं। संचार रूपों पर विचार करते समय यह भी ध्यान रहे कि नया रूप हमेशा पुराने रूप के पूरक के रूम में जन्म लेता है, वह पुराने को अपदस्थ या नष्ट नहीं कर देता। इस तरह संचार रूपों में निरंतरता बनी रहती है। एक-दूसरे के बीच में अंतर्क्रिया चलती रहती है।

संचार रूपों के बारे में विचार करते समय वर्तमान अपरिहार्य और निर्णायक संदर्भ है। संचार या मीडिया के समस्त विमर्श इसी अर्थ में वर्तमान से जुड़े होते हैं। इस परिप्रेक्ष्य में देखें तो संचार, अंतर्वस्तु और अवधारणाएं वर्तमान में संचार की अवस्था से पुनर्परिभाषित होती हैं। सूचना को समकालीन जीवन की सफलता की कुंजी के रूप में पेश किया जाता है। समाज को सूचना में धनी और सूचना में गरीब के बीच विभाजित किया जाता है।

उत्तराखंड कला जगत को आघात

प्रह्लाद मेहरा जो की अपनी जड़ों से बेहद गहराई से जुड़े कुमाऊं के प्रसिद्ध लोक गायक थे, मात्र 53 वर्ष की आयु में उनकी मृत्यु हो गई। इस समय दुखद समाचार के साथ ही सार्वजनिक जीवन में बेहद सक्रिय रहे उन बहुत से मित्रों एवं आदरणीय जन भी स्मरण स्मृति में उभर रहे हैं, जिन्होंने अपनी सक्रियता के कारण स्वास्थ्य की उपेक्षा की, जिस कारण समाज की बेहद महत्वपूर्ण पूंजी समय से पहले हमने खो दी। अब जबकि श्री मेहरा की रचनाओं में वेग के साथ, एक गंभीर ठहराव दिखाई दे रहा था, जब वह लोक और लोक की खुशहाली के लिए संगीत और उसकी परंपरा के महत्व को बड़ी शिद्दत से समझ रहे थे। उनकी विदाई दुखदाई है। उनके कर्ण प्रिय गीत "तू एजा मेरा दानपुरा" में ऐतिहासिक दानपुर क्षेत्र की समृद्ध लोकसंस्कृति के साथ ही, क्षेत्र की वर्तमान प्राथमिकताओं का मार्मिक आह्वान भी छिपा था।

प्रमोद साह
पुलिस उपाधीक्षक
चमोली

इन दिनों क्षेत्र में हो रहे विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों, जैसे किताब कौतिक आदि में भी एक लोक कलाकार के रूप में प्रहलाद मेहरा की लगातार सक्रियता इस बात का संकेत दे रही थी कि भविष्य में उनकी प्रतिभा के पिटारे से कुछ बेहद महत्वपूर्ण लोक महत्व की रचनाएं निकलने वाली हैं। मैं बीते 25 वर्षों से प्रहलाद मेहरा से आत्मीय रूप से जुड़ा था और उनकी रचना यात्रा को नजदीक से देख रहा था। बीते कुछ वर्षों में जिन महत्वपूर्ण शख्सियतों ने स्वास्थ्य के कारणों से हमसे बिछोह लिया, उनमें पूर्व में भिक्यासैण के विधायक रहे प्रताप बिष्ट, विपिन त्रिपाठी, शमशेर सिंह बिष्ट व गिरीश तिवारी गिर्दा के नाम स्मृति में उभर रहे हैं। हालांकि जीवन और मृत्यु विधि के हाथ है, यह भी परम सत्य है, लेकिन सार्वजनिक जीवन की हमारी व्यस्तता हमें स्वास्थ्य के कारणों की उपेक्षा करने का अभ्यस्त बना देती है, जिस कारण हमारे मन में एक पश्चाताप रह जाता है कि समाज की यह महत्वपूर्ण पूंजी कहीं उपेक्षा के कारण समय से पहले काल कवलित तो नहीं हो गई? एक बहुत महत्वपूर्ण, लोक गायक की मात्र 53 वर्ष की आयु में इस प्रकार विदाई बेहद दुखद है। तमाम सामाजिक विभूतियों और सक्रिय व्यक्तित्वों से अनुरोध है कि स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें और समझें आप स्वयं से ज्यादा समाज की जरूरत और धरोहर हैं।

दूसरे चरण के रण में ये सूरमा

मेरठ

भाजपा	अरुण गोविल
सपा	सुनीता वर्मा
बसपा	देववृत त्यागी

बागपत

सपा	मनोज चौधरी
रालोद	राजकुमार सांगवान
बसपा	प्रवीण बैसला

गाजियाबाद

भाजपा	अतुल गर्ग
कांग्रेस	डॉली शर्मा

गौतमबुद्ध नगर

भाजपा	डॉ. महेश शर्मा
सपा	डॉ. महेंद्र सिंह नागर
बसपा	राजेंद्र सिंह सोलंकी

मथुरा

भाजपा	हेमा मालिनी
कांग्रेस	मुकेश धनगर
बसपा	सुरेश सिंह

अलीगढ़

भाजपा	सतीश कुमार गौतम
सपा	चौधरी बिजेंद्र सिंह
बसपा	हितेंद्र कुमार बंटी

बुलंदशहर

भाजपा	डॉ. भोला सिंह
कांग्रेस	शिवराम वाल्मीकि
बसपा	गिरीश चंद

अमरोहा

कांग्रेस	कुंवर दानिश अली
भाजपा	कंवर सिंह तंवर
बसपा	मुजाहिद हुसैन

अमरोहा में त्रिकोणात्मक संघर्ष का फायदा उठाना चाहती भाजपा

- भाजपा त्रिकोणात्मक संघर्ष का फायदा उठाने की जुगत भिड़ा रही है। भाजपा 2019 में अमरोहा सीट पर चुनाव हार गई थी, इसलिए पार्टी इस बार यह सीट जीतने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ना चाहती है। बागपत सीट पर समाजवादी पार्टी ने मनोज चौधरी को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा के साथ समझौते में मिली इस सीट पर राष्ट्रीय लोकदल ने राजकुमार सांगवान को उतारा है, तो बसपा ने प्रवीण बैसला को प्रत्याशी बनाया है। तीनों ही दल बड़ी ही मजबूती से यहां समर में उतरे हुए हैं।

प्रदेश में दूसरे चरण में जिन आठ सीटों पर चुनाव होगा, उसमें चार सीटों मेरठ, बागपत, गौतम बुद्ध नगर व अलीगढ़ में समाजवादी पार्टी तथा चार सीटों अमरोहा, गाजियाबाद, बुलंदशहर और मथुरा में कांग्रेस की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। 2019 के चुनाव में इन आठ सीटों में सपा केवल गाजियाबाद लोकसभा सीट पर ही चुनाव लड़ी थी और वह भाजपा से पांच लाख से अधिक मतों से हार गई थी। अबकी के चुनाव में मेरठ और गौतम बुद्ध नगर सीट पर सपा ने तीन बार अपने प्रत्याशी बदले तो बागपत में दो बार प्रत्याशी बदला गया। बार-बार टिकट बदलने से अंदरखाने नेताओं में गुटबाजी व नाराजगी है।

दूसरे चरण में बसपा का त्रिकोण, सपा की चुनौती प्रत्याशी बदलने से बढ़ी

दिग्विजय सिंह

दूसरे चरण के चुनाव में अगर सिने तारिका हेमा मालिनी के कारण मथुरा सीट पर सबकी निगाहें रहेंगी तो मेरठ लोकसभा सीट सबसे हॉट सीट मानी जा रही है। मेरठ में भाजपा ने अपने वर्तमान सांसद राजेन्द्र अग्रवाल का टिकट काटकर टीवी धारावाहिक रामायण में राम का किरदार अदा करने वाले अरुण गोविल को उम्मीदवार बनाया है। उनके सामने सपा ने मेरठ सीट पर दो बार अपना प्रत्याशी बदला। पहले भानु प्रताप सिंह को टिकट दिया। बाद में भानु प्रताप का टिकट काटकर सपा विधायक अतुल प्रधान को टिकट थमा दिया। प्रधान के नामांकन के बाद उनका टिकट काटकर पूर्व विधायक योगेश वर्मा की पत्नी सुनीता वर्मा को टिकट दे दिया। ऐसे में सपा को इस सीट पर अपनी ही कलह भारी पड़ सकती है। बसपा ने मेरठ सीट पर देवव्रत त्यागी को उतारा है। इस बार अमरोहा सीट भी चर्चा में है। यहां कांग्रेस ने मौजूदा सांसद कुंवर दानिश अली को प्रत्याशी बनाया है। दानिश अली 2019 के चुनाव में बसपा से चुनाव जीते थे। लेकिन कुछ दिन पहले कांग्रेस में शामिल हो गए थे। भाजपा ने कंवर सिंह तंवर को उतारा है। बसपा ने फिर अमरोहा सीट पर मुस्लिम कार्ड खेलते हुए मजाहिद हुसैन को टिकट दिया है। बसपा के मुस्लिम उम्मीदवार उतारने से इंडिया गठबंधन के दानिश अली मुश्किल में फंसते नजर आ रहे हैं।

मथुरा में हेमा मालिनी की राह फिर दिख रही आसान

- मथुरा सीट पर भी भाजपा ने फिर से हेमा मालिनी पर भरोसा जताया है। हेमा मालिनी का मुकाबला कांग्रेस के मुकेश धनगर और बसपा के सुरेश सिंह से होगा। उनकी राह आसान दिख रही है। पहले कांग्रेस यहां से बॉक्सर विजेंदर सिंह को उतारने वाली थी, लेकिन वह प्रत्याशी घोषित होने से पहले भाजपा में शामिल हो गए थे।

- २०१९ के चुनाव में दूसरे चरण के मतदान वाली आठ सीटों में सपा केवल गाजियाबाद सीट पर ही चुनाव लड़ी थी
- मेरठ व गौतम बुद्ध नगर में सपा ने तीन बार प्रत्याशी बदले, तो बागपत में भी दो बार टिकट बदलने से उपजा असंतोष

अलीगढ़ और बुलंदशहर में त्रिकोणीय चुनौती

- सपा का साथ मिलने से कांग्रेस मथुरा सीट पर भाजपा को टक्कर देने की उम्मीद कर रही है। अलीगढ़ सीट पर भाजपा ने दोबारा सतीश कुमार गौतम को उम्मीदवार बनाया है। उनके मुकाबले सपा ने चौधरी बिजेंद्र सिंह और बसपा ने हितेंद्र कुमार बंटी को मैदान में उतारा है। बुलंदशहर लोकसभा सीट पर भाजपा के डॉ. भोला सिंह का मुकाबला कांग्रेस के शिवराम वाल्मीकि और बसपा के गिरीश चंद से है। इस सीट पर जानकार त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना जता रहे हैं।

बागपत में भाजपा ने झोंकी ताकत

- बागपत सीट रालोद के खाते में होने के बावजूद भाजपा यहां जीत के लिए पूरी ताकत लगा रही है। बात गाजियाबाद लोकसभा सीट की करें तो यहां भाजपा ने जनरल वीके सिंह का टिकट काटकर विधायक अतुल गर्ग को उम्मीदवार बनाया है। यहां अतुल गर्ग का मुकाबला कांग्रेस की डॉली शर्मा से होगा।

मथुरा और गौतम बुद्ध नगर में 15-15, गाजियाबाद-अलीगढ़ में 14-14 प्रत्याशी

प्रदेश की मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, अमरोहा, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा लोकसभा सीटों पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोट पड़ेंगे। दूसरे चरण की आठ सीटों पर कुल 91 प्रत्याशी मैदान में हैं। मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट पर भाजपा के अरुण गोविल सहित आठ प्रत्याशी हैं। बागपत में सात, गाजियाबाद और अलीगढ़ में 14-14, गौतम बुद्ध नगर में 15, बुलंदशहर में छह, अमरोहा सीट पर 12 जबकि मथुरा से भाजपा प्रत्याशी फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी समेत 15 प्रत्याशी हैं।

गौतमबुद्ध नगर में भी कलह

- गाजियाबाद के बगल में स्थित गौतमबुद्धनगर सीट भी सपा के टिकट बदलने से कलह में घिरी है। सपा ने इस सीट पर डॉ. महेंद्र सिंह नागर को उम्मीदवार बनाया फिर उनका टिकट काटकर राहुल अवाना को टिकट थमा दिया। बाद में फिर से डॉ. महेंद्र सिंह नागर पर भरोसा जताया। भाजपा ने डॉ. महेश शर्मा को यहां एक बार फिर मैदान में उतारा है, बसपा से राजेंद्र सिंह सोलंकी मैदान में हैं।



पर्चा रद फिर भी सपा का बसपा को समर्थन नहीं

खजुराहो संसदीय क्षेत्र

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

अमृत विचार: मध्य प्रदेश की खजुराहो सीट इंडिया गठबंधन के लिए मुसीबत बनती जा रही है। यह सीट कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी को दी थी। लेकिन सपा उम्मीदवार का नामांकन रद होने के बाद साझा उम्मीदवार को लेकर दोनों दलों में तकरार सामने आई है। सपा ने पूर्व आईएएस अधिकारी राजा भैया को समर्थन दिया है।

सपा ने बसपा उम्मीदवार कमलेश पटेल को समर्थन देने से मना कर दिया है। जबकि कांग्रेस का तर्क है कि यदि बसपा उम्मीदवार को समर्थन दिया जाए तो प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा की जीत मुश्किल हो जाएगी। सपा ने कहा है कि निर्दलीय राजा भैया को पार्टी इसलिए समर्थन दे रही है क्योंकि राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन में बसपा शामिल नहीं है। किसी एक सीट पर बसपा को समर्थन करना सैद्धांतिक रूप से गलत होगा।

राजा भैया शहडोल में आयुक्त थे। वह बांदा जिले से लगे हुए ग्राम खड्डी के निवासी हैं। उन्हें ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक ने उम्मीदवार बनाया है। लेकिन अब इंडिया गठबंधन का कोई उम्मीदवार न होने की वजह से सपा उनका समर्थन करेगी। जबकि बसपा के कमलेश पटेल ने भी कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से मुलाकात कर समर्थन मांगा है। कुल मिलाकर सपा, बसपा कांग्रेस में एकजुटता न होने से अब यह सीट बीजेपी के लिए बहुत आसान हो गई है। क्योंकि 14 उम्मीदवारों के बीच मत विभाजन की संभावना है और त्रिकोणीय संघर्ष होगा जिसका लाभ भाजपा को मिलेगा।

भाजपा को भितरघात का अंदेशा

- भाजपा को यहां पर भितरघात का भी बहुत अंदेशा है। जिसके चलते छतरपुर और पन्ना में नुकसान हो सकता है लेकिन अब यह वोट बसपा और इंडिया गबंधन के साझा उम्मीदवार के बीच विभाजित होगा। भाजपा को दूसरा नुकसान यहां पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं इसी संसदीय क्षेत्र से चार बार सांसद रहीं उमा भारती की चुप्पी से भी है। लेकिन इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार मीरा यादव का नामांकन निरस्त होने के बाद अब भाजपा के लिए यहां ज्यादा दिक्कत नहीं है।
- इसी क्षेत्र के पूर्व बसपा उम्मीदवार अवधेश राठौर ने बसपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद रामजी गौतम से बात करके खजुराहो में कमलेश पटेल की स्थिति को मजबूत बताया है और वह अभी भी इसी प्रयास में है कि बसपा उम्मीदवार को इंडिया गठबंधन का समर्थन मिल जाए।

मीनाक्षी को चंडीगढ़ से भी निराशा हाथ लगी

नई दिल्ली, ब्यूरो

अमृत विचार। नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र से दो बार की सांसद और केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी को चंडीगढ़ संसदीय क्षेत्र से भी निराशा हाथ लगी है। वहां से मौजूदा सांसद किरण खेर का टिकट काटकर संजय टंडन को दिया है। नई दिल्ली से मीनाक्षी का टिकट पहले ही कट चुका था।

पश्चिम बंगाल की आसनसोल सीट से भाजपा ने एसएस अहलूवालिया को टिकट दिया है उनका मुकाबला फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा से होगा। भाजपा हाई कमान ने बुधवार को 9 उम्मीदवारों की सूची जारी की है। जिसमें चंडीगढ़ की सीट पर सबको यह उम्मीद थी कि यहां से मीनाक्षी लेखी को टिकट मिलेगा क्योंकि मीनाक्षी का चंडीगढ़ और पंजाब से काफी ताल्लुक रहा है। नई दिल्ली से टिकट कटने के बाद उन्होंने चंडीगढ़ से भी टिकट का दावा किया था।

पश्चिम बंगाल की आसनसोल सीट से एसएस अहलूवालिया को उम्मीदवार बनाया है। उनका मुकाबला पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा से होगा। अहलूवालिया पहले दार्जिलिंग से सांसद थे। पहले यहां से भोजपुरी गायक पवन सिंह को टिकट दिया गया था पर उन्होंने उसे वापस कर दिया था। उत्तर प्रदेश से बीजेपी ने सात उम्मीदवार घोषित किए हैं। रीता बहुगुणा सहित पांच वर्तमान सांसदों के टिकट काट दिए गए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के पुत्र नीरज बलिया से उम्मीदवार बनाए गए हैं।

जीत को भरी हुंकार बुधवार को मुजफ्फरनगर में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान व संगीत सोम ने उन्हें सम्मानित किया।

बैतूल में अब सात मई को पड़ेंगे वोट

भोपाल। बैतूल लोकसभा सीट से 26 अप्रैल को प्रस्तावित मतदान था लेकिन बसपा के उम्मीदवार अशोक भलावी के निधन के बाद अब यहां इस तिथि पर मतदान नहीं होगा। निर्वाचन आयोग ने नई तिथि की घोषणा कर दी है। अब 12 अप्रैल को चुनाव की अधिसूचना जारी होगी और 19 अप्रैल को बसपा प्रत्याशी अपना नामांकन कर सकते हैं। 20 अप्रैल को नामांकन पत्र की जांच और 22 अप्रैल को नाम वापसी का मौका मिलेगा। अब इस सीट पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा।

सियासत | मुरादाबाद मंडल में सपा-बसपा का किला ढहाने की कोशिश में जुटी भाजपा

भाजपा का धुआंधार प्रचार, गठबंधन की नहीं हुई अभी कोई सभा

इरफान अहमद, मुरादाबाद

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के गढ़ रहे मुरादाबाद मंडल की छह लोकसभा सीटों पर इस बार आम चुनाव में भाजपा ने जीत के लिए पूरा जोर लगा रखा है। राष्ट्रीय लोकदल का साथ मिलने से भाजपा को संभावनाएं भी नजर आ रही हैं। मंडल में बिजनौर की नगीना सीट से भाजपा-रालोद के संयुक्त प्रत्याशी ओम कुमार और बिजनौर सीट से रालोद के प्रत्याशी चंदन सिंह चौहान चुनाव मैदान में हैं। इसलिए जयंत चौधरी बिजनौर और अमरोहा में सभाएं कर चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संभल में सभा कर चुके हैं। गृहमंत्री अमित शाह मुरादाबाद में जोश भर गए हैं। रामपुर व बिजनौर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सभाएं कर चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अमरोहा, रामपुर, संभल, बिजनौर और मुरादाबाद में कई सभाएं संबोधित चुके हैं। दोनों उपमुख्यमंत्री कार्यकर्ताओं सम्मेलनों में आ चुके हैं। भाजपा प्रदेश के अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह भी जुटे हैं। इसके मुकाबले सपा, बसपा और कांग्रेस के कार्यक्रम सिर्फ औपचारिक तौर पर हुए हैं। बसपा सुप्रीमो का कोई कार्यक्रम नहीं हुआ है। उनके भतीजे आकाश आनंद जरूर नगीना में सभा कर गए हैं। अखिलेश यादव की अभी कोई सभा नहीं हुई है।

भाजपा की कोशिश राजग गठबंधन को 400 पार ले जाने के लिए यूपी की सभी 80 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाने की है। मुकाबले में कांग्रेस-सपा गठबंधन और बसपा है। बात सपा की करें तो रामपुर से सांसद और विधायक रहे आजम खां सीतापुर की जेल में होने के चलते सपा मुखिया अखिलेश यादव अकेले पड़ते दिख रहे हैं। उधर, बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को चुनाव मैदान में उतार कर अपनी जीती हुईं सीटों को बचाने के साथ ही सपा की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

बसपा प्रमुख मायावती।

नगीना में आकाश आनंद ने की पहली जनसभा

आकाश नगीना में बसपा के उम्मीदवार सुरेंद्र पाल के समर्थन में अपने राजनीति करियर की पहली जनसभा कर चुके हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा के प्रत्याशियों के सामने अमरोहा, बिजनौर की सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा था। अमरोहा लोकसभा सीट पर बसपा के टिकट से चुनाव लड़े कुंवर दानिश अली जीते थे। बिजनौर में नगीना सीट से बसपा के गिरीश चंद्र और बिजनौर सीट से मलूक नागर के सामने भाजपा उम्मीदवारों को हार का समना करना पड़ा था। इस बार बसपा ने अमरोहा और बिजनौर की दोनों सीटों पर अपने प्रत्याशी बदले हैं। दानिश अली बसपा से निष्कासित होने पर कांग्रेस का हाथ थामकर चुनाव लड़ रहे हैं तो बसपा ने मुसाहिद चौधरी को टिकट थमाया है। इन दोनों प्रत्याशियों के बीच मुसलमान और जाटव वोटरों का बिखराव होने पर भाजपा के कंवर सिंह तंवर की राह आसान होती दिख रही है। बिजनौर सीट पर सपा ने युवा चेहरे पर दांव लगाया है। नूरपुर सीट से सपा विधायक रामअवतार सैनी के बेटे दीपक सैनी सपा के प्रत्याशी हैं।

बसपा और सपा ने बदले अधिकतर प्रत्याशी

लोकसभा चुनाव में मंडल की कई सीटों पर सपा और बसपा ने अपने पुराने व मौजदा सांसदों को टिकट नहीं दिया। दोनों पार्टियों ने नए चेहरों पर भरोसा जताया है। बसपा ने नगीना से सांसद गिरीश चंद्र और बिजनौर से सांसद मलूक नागर, अमरोहा से सांसद कुंवर दानिश अली का टिकट काटा है। सपा ने भी मुरादाबाद, रामपुर, संभल, बिजनौर की दों सीटों पर अपने प्रत्याशी बदले हैं। हालांकि गठबंधन होने पर अमरोहा की सीट कांग्रेस के खाते में गई है। गठबंधन की वजह से रामपुर में नवाब खानदान इस लोकसभा चुनाव से दूर हो गया है। हालांकि सपा-कांग्रेस का गठबंधन नहीं होने तक नवाब घराने की बहू बेगम नूरबानो मजबूती से चुनाव लड़ रही थीं। वह जिताऊ प्रत्याशी मानी जा रही थीं। लेकिन गठबंधन होने से वह प्रत्याशी नहीं बन सकीं।

रामपुर और संभल में सपा ने उतारे नए चेहरे

- रामपुर और संभल में स्थिति कुछ अलग है। यहां सपा ने भाजपा को टक्कर देने के लिए दो नए चेहरों पर दांव खेला है। रामपुर में नामांकन के अंतिम समय तक अखिलेश यादव और आजम खां के बीच प्रत्याशी को लेकर सहमति नहीं बन सकी थी। हालांकि बाद में रामपुर के ही रहने वाले मौलाना मोहिबुल्लाह को प्रत्याशी बनाया गया। वह राजनीति में नए हैं। उनका सामना भाजपा के मौजूदा सांसद घनश्याम सिंह लोधी से है।
- संभल में सपा ने सांसद डॉ. शफीकुर्रमान बर्क का निधन होने पर उनके विधायक पौत्र जियाउर्रमान बर्क को टिकट दिया गया। वह भाजपा के अनुभवी नेता परमेश्वर सैनी के सामने करियर का पहला लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। मुरादाबाद सीट पर सपा ने प्रत्याशी बदला है। सांसद डॉ. सैयद तुफैल हसन का टिकट काटकर बिजनौर की रहने वाली रुचि वीरा को प्रत्याशी बनाया है। रुचि वीरा का मुकाबला भाजपा के दिग्गज नेता कुंवर सर्वेश सिंह से है। सर्वेश सिंह मुरादाबाद की राजनिति में बड़ा नाम है। लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्हें सपा के एसटी हसन ने हराया था।

चुनावी गतिविधियां

- **कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बूथ पर दिया जोर :** बूथों की संख्या बढ़ाने के साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गठबंधन उम्मीदवार के लिए घर-घर जाकर प्रचार किया और लोगों से गठबंधन उम्मीदवार को जिताने का आग्रह किया। जिला कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता मतदाताओं के बीच जाकर उनके दुख-दर्द को बांट रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा से परेशान है और सत्ता परिवर्तन चाह रहीं हैं। आटा, दाल से लेकर रोजमर्रा की वस्तुएं मंहगी होती जा रहीं है। जनता अबकी बार भाजपा को मुहतोड़ जवाब देगी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की संख्या बूथों पर बढ़ाई जा रही है जिससे लोकसभा चुनाव में सभी मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सके और किसी भी मतदाता का नाम सूची से वंचित न रहें। उन्होंने आगे कहा कि जनता भाजपा के झूठे वादों को जान गई है। सरकार किसान और बेरोजगार विरोधी है। सेवानिवृत्त व्यक्ति का पेंशन एक सहारा होता है जो कई राज्यों में लागू भी है लेकिन उत्तर प्रदेश की सरकार पेशनरों की समस्या को अनदेखा कर रहीं है। जबकि कई बार पेंशनर प्रदेश से लेकर दिल्ली के जंतर-मतर पर धरना दे चुके है। अब जनता ने सरकार बदलने का मन बना लिया है।

पहले चरण में कुल 80 उम्मीदवार, महिलाएं मात्र सात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में उप्र. के आठ निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने वाले सभी 80 उम्मीदवारों के शपथपत्रों का विश्लेषण किया गया है। उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स का यह विश्लेषण बिजनौर, कैराना, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, नगीना, पीलीभीत, रामपुर और सहारनपुर से चुनाव लड रहे उम्मीदवारों पर हैं। इन सीटों पर केवल सात महिला प्रत्याशी चुनाव लड़ रही हैं।

उम्मीदवारों की उम्र को देखें तो 80 में से 23 (28.75 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी आयु 25 से 40 वर्ष के बीच घोषित की है, जबकि 47 (58.75 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी आयु 41 से 60 वर्ष के बीच घोषित की है। मात्र 10 (12.50 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी उम्र 61 से 80 वर्ष के बीच घोषित की है। इसी प्रकार 80 में से 30 (38 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता 5वीं और 12वीं के बीच घोषित की है, जबकि 41 (51 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज्यादा घोषित की है।

एक उम्मीदवार ने अपनी शैक्षिक योग्यता डिप्लोमाधारक, एक उम्मीदवार ने अपनी शैक्षिक योग्यता असाक्षर घोषित जबकि सात उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता साक्षर और घोषित की है।

लोकतंत्र के महापर्व में नाव का लेते सहारा

मतदान केंद्र पहुंचने के लिए जंगल और नदी पार करते हैं मतदाता

राजू जायसवाल, बहराइच

अमृत विचार: जिले के मतदान केंद्र भरथापुर में मतदान करना किसी युद्ध के जीतने से कम नहीं हैं। इस मतदान केंद्र पर दो नदियों को पार कर मतदाता नाव से मतदान के लिए जाते हैं। कुछ तो जान का हवाला देकर मतदान करने के लिए ही नहीं जाते हैं। जिसके चलते यहां मत प्रतिशत भी नहीं बढ़ रहा है।

जनपद के मोतीपुर तहसील का मतदान केंद्र भारथापुर जंगल के बीच में स्थित है। इस मतदान केंद्र पर पहुंचने के लिए मतदान कर्मियों के साथ मतदाताओं को नाव का सहारा लेना पड़ता है। इसका मुख्य कारण राजस्व ग्राम भरथापुर जंगल के अंदर बसा हुआ है। इस गांव के पूरब में गेरुआ नदी और पश्चिम में नेपाल से आने वाली कौड़ियाला नदी है। गांव में ही पोलिंग केंद्र बना है। यहां मतदान कर्मियों को नाव के द्वारा ड्यूटी के लिए जाना पड़ता है। भवानीपुर, बिछिया और तेला गौढ़ी, आंबा ग्राम के मतदाताओं को ऐसे में जंगल और दो नदियों के बीच में बसे इस गांव में जाकर मतदान करना किसी युद्ध जीतने से कम नहीं है। एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि बिछिया के लोग पांच किलोमीटर तो दूसरे मजरे के 10 किलोमीटर की दूरी तय कर मतदान के लिए जाते हैं। नदी होने के चलते इस गांव में नाव के द्वारा ही जाना पड़ता है।

भरथापुर गांव को नाव से जाते लोग। अमृत विचार

खतरे के चलते नहीं जाते हैं मतदाता

मतदान केंद्र भरथापुर को जंगल और नदी के बीच से जाना पड़ता है। ऐसे में लोगों को अपने जीवन का भी भय सताने लगता है। इसको देखते हुए लोग यहां कम ही मतदान के लिए जाते हैं। जिसके चलते 20 से 25 प्रतिशत मतदान ही इस केंद्र पर हो पाता है। यह प्रतिशत जिले में सबसे कम है।

जंगल के बाहर केंद्र बनाने की उठ रही मांग

भरथापुर गांव मतदान जाने के लिए नाव का ही एकमात्र सहारा है। ऐसे में हादसे और वन्य जीवों के हमले को देखते हुए यहां के मतदान केंद्र को गिरिजापुरी और बिछिया में स्थापित करने की मांग की गई है, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों की इस समस्या को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन जंगल के बाहर मतदान केंद्र बनवाना चाहिए। यह हम सभी की मांग की है।

जंग हिंदुस्तानी सामाजिक कार्यकर्ता

मशक्कत

- मतदान करने के लिए10 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है
- मतदान केंद्र भारथापुर जंगल के बीच में है स्थित

एक मंच पर दिखेंगे राजा भैया और अखिलेश

राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक और समाजवादी पार्टी के गठबंधन की सुगबुगाहट तेज

आरपी सिंह प्रतापगढ़

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनाव की तारीखों का भी ऐलान हो चुका है। लेकिन सियासत का ऊंट किस करवट बैठेगा अभी इसकी जद्दोजहद जारी है। कौशाम्बी सीट से भाजपा प्रत्याशी के घोषणा के बाद सुगबुगाहट है कि जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कुण्डा विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया को सपा समर्थन दे सकती है। जल्द ही इसकी घोषणा भी हो जाएगी।

कौशाम्बी सीट से भाजपा और राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के समझौते की चर्चा थी। बुधवार को कौशाम्बी सीट से भाजपा ने सांसद विनोद सोनकर को उम्मीदवार बनाये जाने की घोषणा की। इसके बाद एक नई सुगबुगाहट शुरू हो गई कि राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक और समाजवादी पार्टी एक हो सकती हैं।

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक गठबंधन से ही कौशाम्बी सीट से चुनाव में ताल ठोंक सकती है। इसकी पूरी कार्य योजना भी बन गई है।

सूत्रों की माने तो प्रत्याशी उतारने के बारे में मंथन चल रहा है, जल्द ही ऐलान हो जाएगा। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अगर ऐसा हुआ तो कौशाम्बी, प्रतापगढ़, फूलपुर समेत प्रदेश की कई सीटों पर इसका लाभ समाजवादी पार्टी को मिलेगा।

2018 में गठित जनसत्ता दल के हैं एक एमएलसी व दो विधायक

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक का गठन 30 नवंबर 2018 को हुआ। 2019 के लोकसभा चुनाव में पहली बार पार्टी ने अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतारा था। प्रतापगढ़ लोकसभा से पूर्व सांसद अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी और कौशांबी लोकसभा सीट से पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार को प्रत्याशी बनाया। जिसमें अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी चौथे और शैलेंद्र कुमार तीसरे स्थान पर रहे थे। हालांकि अक्षय प्रताप भाजपा प्रत्याशी को शिकस्त देकर एमएलसी निर्वाचित हुए। इसके बाद जब 2022 के विधानसभा चुनाव हुए तो पार्टी ने प्रतापगढ़, प्रयागराज, अमेठी समेत अन्य जनपद की सीटों से अपने दावेदारी ठोंकी। कुंडा और बाबागंज में पुन: रिकॉर्ड बना। रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया यहां से सातवीं और विनोद सरोज चौथी बार विधायक बने।

राज्यसभा के चुनाव से बदली हवा

- बीते दिनों राज्यसभा सदस्य के लिए हुए चुनाव में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में वोट किया था। इसके बाद से सियासी गलियारों में गठबंधन की चर्चा बढ़ गई थी। हालांकि लोकसभा चुनाव में भाजपा ने दोनों सीटें प्रतापगढ़ और कौशाम्बी पर पिछली बार जीते उम्मीदवारों पर भरोसा जताया है।

तीन बार सांसद निर्वाचित हुए शैलेंद्र

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रधान राष्ट्रीय महासचिव शैलेंद्र कुमार राजा भैया के साथ लंबे समय से राजनीति में सक्रिय हैं। वह कौशांबी संसदीय सीट से तीन बार सांसद चुने गए हैं, जबकि दो बार से लगातार सांसद विनोद सोनकर हैं। शैलेंद्र कुमार पहली बार 1998 में 12 वीं लोकसभा के लिए सदस्य निर्वाचित हुए।वर्ष 2004 में दूसरी बार 14 वीं लोकसभा के लिए सदस्य निर्वाचित हुए। 2009 में 15 वीं लोकसभा के लिए तीसरी बार सदस्य निर्वाचित हुए। उसके बाद 2014 में भाजपा से विनोद सोनकर सांसद बने। वर्ष 2019 में वह दोबारा लोकसभा का चुनाव जीतकर सांसद बने।

- **सियासत का ऊंट किस करवट बैठेगा अभी इसकी जद्दोजहद**
- **भाजपा और राजा भैया की पार्टी की समझौते की थी चर्चा**

> हमारी पार्टी लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशी को उतारेगी। पार्टी कुल कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी, इसका निर्णय संगठन करेगा। पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता चुनाव के लिए तैयार हैं। कार्ययोजना बनाई जा रही है,जल्द ही घोषणा की जाएगी।
>
> **-विनोद सरोज,** विधायक, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक

आईना : बहराइच लोकसभा सीट

2019 चुनाव का लेखा जोखा



उम्मीदवार	वोट
अक्षयबर लाल	5,25,982
शब्बीर अहमद	3,97,230
सवित्री बाई फुले	34,454

2014 में किसको कितने वोट



दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	सवित्री बाई फुले	4,32,392
सपा	शब्बीर अहमद	3,36,747
बसपा	डॉ.विजय कुमार	96,904
कांग्रेस	कमल किशोर	24,421

बहराइच के क्षेत्र

निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1952	रफी अहमद किदवई	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1957	जोगेंद्र सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1962	कुँवर राम सिंह	स्वतंत्र पार्टी
1967	केके नायर	भारतीय जनसंघ
1971	बदलू राम शुक्ला	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	ओम प्रकाश त्यागी	जनता पार्टी
1980	सैयद मुजफ्फर हुसैन	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1984	आरिफ मोहम्मद खान	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1989	आरिफ मोहम्मद खान	जनता दल
1991	रूद्रसेन चौधरी	भारतीय जनता पार्टी
1996	पदमसेन चौधरी	भारतीय जनता पार्टी
1998	आरिफ मोहम्मद खान	बहुजन समाज पार्टी
1999	पदमसेन चौधरी	भारतीय जनता पार्टी
2004	बाब सईदा	समाजवादी पार्टी
2009	कमल किशोर	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2014	सवित्री बाई फुले	भारतीय जनता पार्टी
2019	अक्षयबर लाल	भारतीय जनता पार्टी

2009 चुनाव के आंकड़े

2019 नोटा 13,189

2014 नोटा 13,498



पहले रैली बाद में चुनाव पाठशाला से देंगे संदेश

अमृत विचार : जिले में ग्रामीण इलाकों में मतदान फीसद बढ़ाने के लिए हर शनिवार को चुनाव पाठशाला लगेगी। इसकी शुरुआत 13 अप्रैल से होगी। पंचायती राज विभाग ने तैयारी कर ली है।जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने बताया कि चुनाव पाठशाला के माध्यम से मतदाताओं को 20 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्हें मतदान करने के अधिकार बताएंगे। जिनके सूची में नाम नहीं इसकी जानकारी इस आयोजन से होगी और नाम दर्ज कराएंगे। पाठशाला मतदेय स्थलों पर लगेगी। जो 909 प्राथमिक विद्यालय, 151 पूर्व माध्यमिक विद्यालय, 52 पंचायत भवन, पांच सामुदायिक केंद्र व सात आंगनबाड़ी केंद्र बनाए गए हैं। मतदेय स्थल से सबसे पहले सुबह 9 से 10 बजे तक जागरूकता रैली निकलेगी। इसके बाद सुबह 10 से दोपहर 12 :50 तक पाठशाला लगेगी।

निवासी बाराबंकी के, चुनते हैं अयोध्या का सांसद

अयोध्या लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र

चार लाख से अधिक मतदाता निभाते हैं अहम रोल

काशीनाथ दीक्षित दरियाबाद, बाराबंकी

अमृत विचार: जिले की दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के 4 लाख 17 हजार 751 मतदाता अपना सांसद रामनगरी अयोध्या का चुनते हैं।

अयोध्या लोकसभा क्षेत्र में आने वाला दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र सांसद चुनने में एक अहम भूमिका अदा करता है। सभी दलों की निगाहें इस क्षेत्र के वोटरों पर रहती हैं, क्योंकि इस विधानसभा क्षेत्र में 4,17,751 मतदाता अयोध्या का सांसद चुनने में अहम भूमिका निभाता हैं। यही वजह है कि भाजपा, कांग्रेस, सपा और बसपा प्रत्याशियों की रैलियों के साथ इस विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान तेजी से चलता है। इस बार भी चार लाख से अधिक वोटर अयोध्या के सांसद का चुनाव करेंगे।

यह सीट एक मामले में और भी सुर्खियों में है, क्योंकि इस सीट से जहां लगातार दूसरी बार भाजपा के सतीश चंद्र शर्मा विधायक हैं वहीं योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल में राज्यमंत्री भी हैं। पिछले दो बार से अयोध्या लोकसभा चुनाव में भाजपा सांसद लल्लू सिंह की तरफ यहां के आधे से ज्यादा वोटरों का रुझान रहा है।

आंकड़ों पर एक नजर

लोकसभा क्षेत्र 54, अयोध्या
वि.स. क्षेत्र दरियाबाद, बाराबंकी

मतदान केंद्र	295
मतदेय स्थल	458
जोन	03
सेक्टर	31
मतदान तिथि	20 मई



कांग्रेस के घोषणा पत्र को घर- घर ले जाएंगे पार्टी कार्यकर्ता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ: लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों को जिताने के लिए पार्टी कार्यकर्ता शहरों व गावों में लोगों के घर-घर जाएंगे और उन्हें पार्टी का घोषणा पत्र देकर उन्हें पार्टी पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। प्रदेश कांग्रेस की ओर से इस सिलसिले में जिला व शहर अध्यक्षों को निर्देश जारी किये गये हैं।

प्रदेश कांग्रेस ने प्रदेश के पांच करोड़ से ज्यादा लोगों तक पार्टी का घोषणा पत्र पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। कांग्रेस अपने घोषणा पत्र को चुनाव अभियान का आधार स्तंभ बनाने में जुटी है। पार्टी सूत्रों के अनुसार कांग्रेस ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी नेता प्रियंका गांधी के पत्र को घर-घर पहुंचाने का अभियान चलाया था। इसी तर्ज पर इस बार भी चुनाव अभियान को चलाने के लिए कार्यकर्ताओं को कहा गया है। विधानसभा चुनाव में भले ही पार्टी लोगों को अपने पक्ष में न कर पाई हो, पर इस बार घोषणा पत्र में दी गई बातों को ज्यादा प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचाने में की तैयारी है, ताकि मतदाता पार्टी के पक्ष में आ सकें। कांग्रेस का अभियान इंडिया गठबंधन में मिली 17 सीटों के साथ ही बाकी सीटों पर भी चलेगा। इसके लिए गठबंधन में शामिल सपा नेताओं-कार्यकर्ताओं से समन्वय बनाकर अभियान को चलाने के निर्देश दिये गये हैं।

गोंडा : सियासत में विरासत की दखल

शिव अंकम ओझा, गोंडा

अमृत विचार : इस बार का गोंडा संसदीय सीट का सियासी सफर विरासत संभालने के दांव से शुरू हो रहा है। आजादी के बाद से मनकापुर राजघराने की आम चुनाव में दखल रहा। संसदीय चुनावों में राजा आनंद सिंह की बादशाहत 18 सालों तक कायम रही। 1977 में कांग्रेसी विरोधी लहर को छोड़ दें तो वह 1971 से 1989 तक सांसद रहे। उनकी विरासत 1996 में बेटे कीर्तिवर्धन सिंह ने संभाली, उस साल तो हार गए लेकिन 1998 के चुनाव में जीत हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने तीन चुनावों में बाजी मारी और वर्तमान में भी भाजपा से मैदान में हैं। वह राजघराने की विरासत को आगे बढ़ा रहें हैं, जिससे सियासत में विरासत की दखल कायम रख सकें।

यह तो बात राजघराने की हुई, जो कई दलों का साथ लेते हुए साल 2014 से भाजपा की झोली में आ चुका है। इसी कड़ी में गोंडा के सियासी समर में साल 2009 में संसदीय सीट की नुमाइंदगी कर चुके बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा भी बाबा की सियासी विरासत को संभालने को आगे आईं हैं। सपा के कद्दावर नेताओं में शुमार रहे बेनी प्रसाद वर्मा ने 2009 में पार्टी से रूठ कर कांग्रेस का दामन थाम लिया था और गोंडा से संसद पहुंचे थे। कांग्रेस ने भी बेनी बाबू के कद को देखते हुए केंद्रीय इस्पात मंत्री बनाया था। यही नहीं 2014 में उन्हें फिर गोंडा से टिकट दिया, यह अलग बात रही कि बेनी प्रसाद वर्मा मोदी लहर में पार्टी की नैय्या को पार नहीं लगा सके। उसके बाद उन्होंने फिर सपा में वापसी कर ली थी। अब सपा ने अपने पार्टी के संस्थापक सदस्यों में शामिल बेनी प्रसाद वर्मा के परिवार पर एक बार फिर भरोसा जताया है।

गोंडा से बाबा की विरासत को कायम करने की जिम्मेदारी पौत्री को सौंपी है। उनके पिता राकेश वर्मा भी अपने पिता के संसदीय सीट पर परिवार की वापसी के लिए बेटी के साथ खड़े हैं। संयोग ही है कि सपा के साथ ही कांग्रेस का साथ भी पौत्री को मिल रहा है।

इस तरह दोनों दलों के नेता रहे बेनी प्रसाद वर्मा के परिवार को टिकट मिलने से दोनों दलों में उत्साह है। फिलहाल अभी बसपा ने टिकट तय नहीं किया, उस पर दोनों दलों की निगाहें टिकी हैं।

राजा आनंद सिंह की बादशाहत 18 सालों तक रही कायम

कुंवर आनंद सिंह | कीर्तिवर्धन सिंह | श्रेया वर्मा | बेनी प्रसाद वर्मा

बसपा के दांव से तय होगी सियासी दिशा

सपा व भाजपा के टिकट तय होने के बाद बसपा की चुप्पी पर सियासतदान निगाहें टिकाए हैं। माना जा रहा है कि जातीय समीकरण साधने में बसपा का दांव काफी अहमियत रखेगा। प्रत्याशी तय होने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि वह किस दल को चोट देगा और किस दल के लिए संजीवनी बनेगा या फिर वह दोनों दलों के बीच अपना रास्ता निकाल सकेगा। अभी बसपा जिले की स्थितियों और समीकरणों की समीक्षा कर रही है। प्रत्याशी का इंतजार दोनों दलों के साथ ही आम लोग भी बेसब्री से कर रहे हैं।

- **राजघराने की विरासत का कारवां आगे बढ़ा रहे कीर्तिवर्धन**
- **तो बाबा की विरासत संभालने की सपा ने पौत्री को सौंपी कमान**



अगले 1000 वर्ष तक सुरक्षा बने रहने के लिए 3 चरणों में होगा निर्माण, मंदिरों में भी लगेंगे राजस्थानी पत्थर

जन्मभूमि परिसर में शेषावतार मंदिर और सप्त मंडप की भरी गई नींव

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: राम जन्मभूमि परिसर में राम मंदिर की तर्ज पर भगवान लक्ष्मण के शेषावतार मंदिर और सप्त मंडप का भी निर्माण किया जा रहा है। यह निर्माण इसलिए किया जा रहा है कि श्रीराम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा अगले एक हजार वर्ष तक बनी रहे।

इन मंदिरों का निर्माण भी तीन चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में सीमेंट, मोरंग और कंक्रीट से नींव को तैयार किया जा रहा है, जिस पर बलुआ पत्थर को लगाकर प्लिंथ को तैयार किया जाएगा। फिर राजस्थान के पत्थरों से मंदिर के स्ट्रक्चर को खड़ा किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम मंदिर को पूर्ण करने का कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही परकोटा और उसमें बनने वाले 6 देवी देवताओं के मंदिर का भी निर्माण किया जा रहा है। अब मंदिर परिसर में राम मंदिर के दक्षिण दिशा की ओर शेषवतार, महर्षि वाल्मिकी, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि, अगस्त्य, निषाद राज, अहिल्या का भी मंदिर बन रहा है। निर्माण कार्य के लिए आर्किटेक्ट आशीष सोनपुर उनकी टीम ने राम मंदिर से मिलता जुलता मॉडल को तैयार किया है। यह मंदिर परिसर और भव्य बनाएगा।

अयोध्या में सीमेंट, मोरंग व कंक्रीट से तैयार की गई नींव। ● अमृत विचार

दो हजार वर्कर निर्माण कार्य में लगे: श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ अनिल मिश्रा ने बताया कि राम मंदिर के प्रथम, द्वितीय तल और अन्य मंदिरों के कार्य को दिसंबर 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। ऐसी योजना एलएंडटी ने तैयार की है, जिसके लिए बड़ी संख्या में वर्करों को उतार कर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया है, जिसके लिए लगभग 2000 वर्कर मंदिर निर्माण के कार्य में लगे हुए हैं। इसके अलावा परिसर में प्रारंभ होने वाले अन्य निर्माण कार्य भी शुरू कर दिए गए हैं। जिससे काम जल्द ही पूरा हो जाए।

अब बदलेगा रामपथ का लुक, दिखने लगे के फूल

एंट्री प्वाइंट से कुछ किमी दूर तक रामपथ का लुक जल्दी बदला दिखेगा। बोगेन बेलिया की हरियाली होगी। तरह-तरह के फूल लहराते दिखेंगे। डिवाइडर के बीच लगी फूल-पत्तियां अब आकर्षित करने लगी हैं। राम पथ के एंट्री प्वाइंट से पोस्ट आफिस चौराहे तक रामपथ चौड़ा है। इसके बीच चौड़ा डिवाइडर बनाया गया है। इसके बीच बोगेन बेलिया के पौधे लगाए गए हैं। इनमें कई प्रजाति के हैं। हरियाली के बीच इनमें तरह-तरह के फूल खिलने लगे हैं। लाल, पीले, सफेद के साथ कई अन्य तरह के फूल दिखने लगे हैं। इतने हिस्से पर फोकस ज्यादा है। कलेक्ट्रेट, कचहरी के साथ अधिकारियों के बंगले इसी मार्ग पर है। वीआईपी की आमद इसी मार्ग से होती है।अब बोगेन बेलिया में हरियाली आ गई है। फूल लहराने लगे हैं।

यादव सिंह के आय से अधिक संपत्ति के मामले में फैसला सुरक्षित

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 13(1)(डी) और 13(2) तथा आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमे का सामना कर रहे नोएडा प्राधिकरण के पूर्व इंजीनियर यादव सिंह के मामले में लंबी सुनवाई के बाद बुधवार को फैसला सुरक्षित कर लिया है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई। अभियुक्त पर आरोप है कि लोक सेवक के रूप में अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग कर नियमों और विनियमों का घोर उल्लंघन किया है।

सार-संक्षेप

लोकसभा चुनाव के दिन हाईकोर्ट में अवकाश घोषित

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट और इसकी लखनऊ खंडपीठ में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मतदान के दिन अवकाश घोषित किया गया है। हाईकोर्ट के महानिबंधक राजीव भारती की ओर से जारी सूचना के अनुसार नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट, 1881 की धारा 25 के तहत लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए 20 मई (सोमवार) को लखनऊ खंडपीठ और 25 मई (शनिवार) को इलाहाबाद हाईकोर्ट (प्रधान पीठ) में अवकाश घोषित किया गया है।

हाईकोर्ट ने न्यायिक अधिकारियों के किए स्थानांतरण

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुधवार को एक अधिसूचना के माध्यम से कुछ न्यायिक अधिकारियों के स्थानांतरण की पुष्टि की है। स्थानांतरित अधिकारियों में संजीव पांडेय जिला एवं सत्र न्यायाधीश बागपत को जिला एवं सत्र न्यायाधीश वाराणसी, संजय कुमार मलिक जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिद्धार्थ नगर को जिला एवं सत्र न्यायाधीश बागपत, विरजेंद्र कुमार सिंह पीठासीन अधिकारी भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन प्राधिकरण बस्ती को जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिद्धार्थनगर, चंद्रोदय कुमार जिला एवं सत्र न्यायाधीश ललितपुर को जिला एवं सत्र न्यायाधीश कन्नौज, रविंद्र विक्रम सिंह पीठासीन अधिकारी वाणिज्य न्यायालय झांसी को जिला एवं सत्र न्यायाधीश सोनभद्र स्थानांतरित किया गया है। इसके अलावा कार्यालय ज्ञापन द्वारा साकेत बिहारी 'दीपक' जिला एवं सत्र न्यायाधीश भदोही (ज्ञानपुर) को स्पेशल ऑफिसर विजिलेंस हाईकोर्ट इलाहाबाद में, दिवेश चंद्र सामंत स्पेशल ऑफिसर विजिलेंस हाईकोर्ट इलाहाबाद को निर्देशक न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान लखनऊ, दुर्ग नारायण सिंह प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बाराबंकी को जिला एवं सत्र न्यायाधीश भदोही (ज्ञानपुर), वीरेंद्र कुमार पांडेय पीठासीन अधिकारी वाणिज्य न्यायालय लखनऊ को प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बलिया, राम प्रकाश पांडेय पीठासीन अधिकारी मोटर एक्सीडेंट क्लेमस ट्रिब्यूनल सिद्धार्थनगर को पीठासीन अधिकारी वाणिज्य न्यायालय लखनऊ और कुमारी आराधना रानी प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय हमीरपुर को प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बस्ती में स्थानांतरित किए जाने की सूचना दी गई है। यह जानकारी इलाहाबाद उच्च न्यायालय के महानिबंधक राजीव भारती ने जारी की है।

बलरामपुर की बेटी रागिनी बनीं मिसेज उत्तर प्रदेश

बलरामपुर, अमृत विचार : बलरामपुर की बेटी रागिनी सोनी ने मिसेज उत्तर प्रदेश बनने का गौरव हासिल किया। उसने बताया कि बचपन से मेरा सपना मिस इंडिया बनने का था लेकिन सही मार्गदर्शन न मिलने की वजह से मैं वहां तक नहीं पहुंच सकी। एक समय ऐसा लगा शायद मेरा यह सपना एक सपना ही रह जायेगा। फिर बीते वर्ष मेरी शादी हो गई और इस कॉन्टेस्ट के बारे में मुझे सोशल मीडिया के माध्यम से पता चला कि मिस इंडिया की तर्ज पर आप मिसेज उत्तर प्रदेश बन सकती हैं और अपने सपनों को सच कर सकती हैं। फिर मैंने डा. आकांक्षा गोगना द्वारा आयोजित मिसेज उत्तर प्रदेश क्वींस आफ एक्सीलेंस 2024 सीजन -2 कॉन्टेस्ट में हिस्सा लिया और कई महीनों की मेहनत के बाद मुझे इसमें सफलता मिली। इस कॉन्टेस्ट को जीतने के बाद मैं रुकने वाली नहीं, अब मैं मिसेज इंडिया कॉन्टेस्ट और मिसेज वर्ल्ड कॉन्टेस्ट में हिस्सा लूंगी और अपने जिले के साथ साथ पूरे प्रदेश व देश का नाम रोशन करूंगी।

भाजपा और बसपा छोड़ सपा में शामिल

लखनऊ : अमृत विचार : समाजवादी पार्टी की नीतियों एवं नेतृत्व के प्रति आस्था जताते हुए अंबेडकरनगर की जलालपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक सुभाष राय भाजपा छोड़कर और जलालपुर से ही विधानसभा चुनाव में बसपा प्रत्याशी रहे राजेश सिंह अपने समर्थकों के साथ बुधवार को पार्टी में शामिल हो गए। साथ में रामपुर के निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रपाल भी भाजपा छोड़कर सपा में शामिल हुए। सपा प्रमुख अखिलेश यादव समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारियों ने शामिल होने वाले सभी नेताओं का स्वागत किया।

कुछ ने रोजे रखे तो कई ने मनाई ईद

धर्मगुरु के बयान से रही ऊहापोह, ईद आज व नमाज का समय घोषित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मंगलवार को देर रात में शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास द्वारा बुधवार को ईद-उल-फितर का ऐलान किया गया। इसके एक घंटे बाद ही शिया धर्मगुरू मौलाना कल्बे जवाद द्वारा ईद-उल-फितर 11 अप्रैल को मनाये जाने की घोषणा के बाद शिया मुसलमानों में ऊहापोह की स्थिति बन गई। इसका नतीजा यह हुआ कि बुधवार को कुछ लोगों ने ईद मनाई और कुछ ने रोजा भी रखा। अब गुरुवार 11 अप्रैल पूरे हर्षोल्लास के साथ ईद मनाई जायेगी। राजधानी की विभिन्न मस्जिदों की तरफ से ईद की नमाज का समय घोषित कर दिया गया है।

मंगलवार की देर रात शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास की तरफ से बुधवार को ईद मनाये जाने के एलान के बाद बनी स्थितियों की वजह से इतिहास में यह पहला मौका है कि तहसीनगंज स्थित जमा मस्जिद में बुधवार को नमाजी ज्यादा होने की वजह से दो बार नमाज अदा कराई गई। सुबह 10 बजे ईद-उल-फितर की पहली नमाज मौलाना सैफ अब्बास ने पढ़ाई और दोपहर 12 बजे दूसरी नमाज मौलाना शमीम ने अदा कराई। गुरुवार 11 अप्रैल को जब अन्य मुसलमान ईद मनाएंगे और नमाज पढ़ेंगे तब सुबह 10 बजे मौलाना आरिफ रिजवी नमाज अदा कराएंगे।

मौलाना शाहकार जैदी ने मंगलवार की रात ईद को लेकर शुरू हुई बयानबाजी के बाद लखनऊ से लेकर ईरान तक से संपर्क साधा और सुबह चार बजे तक यह पता करने की कोशिश करते रहे कि ईद का त्योहार है या नहीं है।

बहुत याद आए मौलाना डॉ. कल्बे सादिक

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के उपाध्यक्ष मौलाना डॉ. कल्बे सादिक एक महीना पहले ही ईद की तारीख का ऐलान कर देते थे। उनकी बताई तारीख को ईद होती थी। उनके निधन के बाद से उनके पुत्र मौलाना डॉ. कल्बे सिब्तैन भी ईद की तारीख बता देते हैं। इस बार भी उन्होंने 11 अप्रैल को ईद होने की बात कही थी। लेकिन कल देर रात जब बयानबाजी का सिलसिला शुरू हुआ तो डॉ. कल्बे सिब्तैन ने भी 10 अप्रैल को ही ईद मनाने का ऐलान कर दिया। जबकि उनके चचेरे बड़े भाई मौलाना कल्बे जवाद 11 अप्रैल को ईद होने का ऐलान कर चुके थे। मंगलवार की रात को 10 अप्रैल की ईद का ऐलान करने वाले डॉ. कल्बे सिब्तैन ने 10 अप्रैल की सुबह सोशल मीडिया पर लिखा कि आज डॉ. कल्बे सादिक मरहूम की कमी महसूस हो रही है। वह अकेले आलिम थे जो एक महीना पहले ही ईद का ऐलान कर देते थे। खुदा हमें फिर से कल्बे सादिक जैसा रहनुमा अता करें।

गृहमंत्री अमित शाह के मामले में परिवाद खारिज

सुलतानपुर, अमृत विचार: राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में बुधवार को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने परिवाद खारिज कर दिया है। बुधवार को परिवादी की तरफ से तलबी बहस होना था। परिवादी व उसके दो गवाहो का साक्ष्य कोर्ट में दर्ज हो चुका था। अधिवक्ता के अस्वस्थ होने का हवाला देते हुए बुधवार को तलबी बहस के लिए मौके का प्रार्थनापत्र एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में दिया गया। कोर्ट मजिस्ट्रेट योगेश यादव ने प्रार्थनापत्र नामंजूर कर परिवाद पत्र व उसके साक्ष्यों का अवलोकन करते हुए खारिज कर दिया है। यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह , पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था।

पीएमटी पास कर पीजीआई में लिया प्रवेश, वहीं बना साजिशकर्ता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सॉल्वर रवि अत्री ने हरियाणा पीएमटी की परीक्षा उत्तीर्ण करते समय भी पर्चा आउट कराया

अमृत विचार: आरओ-एआरओ प्रारंभिक परीक्षा-2023 प्रश्नपत्र लीक कराने वाला मुख्य साजिशकर्ता रवि अत्री ने वर्ष 2006 में श्रीराम इंटर कॉलेज थोरा, जनपद गौतमबुद्धनगर से इंटर की परीक्षा पास की थी। वर्ष 2007 में एलन कोचिंग सेंटर, कोटा, राजस्थान में मेडिकल की तैयारी करने के लिए गया और वहीं पर परीक्षा माफियाओं के संपर्क में आया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सॉल्वर बनकर बैठने लगा। वर्ष 2012 में हरियाणा पीएमटी की परीक्षा पास करने के बाद रवि का पीजीआई एमएस, रोहतक में एडमिशन हो गया। वर्ष 2018 में तृतीय वर्ष पास किया तथा चौथे वर्ष की परीक्षा नहीं दी।

रवि अत्री 2012 में नीट पीजी की परीक्षा का पेपर लीक मामले में दरियागंज क्राईम ब्रान्च दिल्ली से जेल गया था। वर्ष 2012 में ही एसबीआइ की परीक्षा का पेपर आउट कराने में थाना शाहबाद डेरी, दिल्ली से जेल गया था। वर्ष 2015 में एआईपीएमटी का पेपर आउट कराने में थाना पीजीआईएमएस, रोहतक से अपने साथियों के साथ जेल गया था।

यहां से हुई प्रश्नपत्र लीक की शुरुआत

अंकित मिश्रा नामक व्यक्ति ने रवि अत्री को बताया था कि वह टीसीआई, गति, ब्लू डाट ट्रांसपोर्ट कम्पनी में नौकरी लगवाता है। रवि अत्री को पता था कि इसी प्रकार की ट्रांसपोर्ट कम्पनी में पेपर आता है और इसे इस प्रकार के व्यक्ति की आवश्यकता थी तो इसने उससे दोस्ती कर ली और आपस में मुलाकात व बात होने लगी। रवि अत्री ने अंकित मिश्रा से कहा कि ट्रांसपोर्ट के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षा के पेपर आते-जाते हैं। अंकित को परीक्षा का पेपर आने की सूचना से अवगत कराने व इसकी एवज में काफी धन देने की बात कही थी।

मथुरा में कुट्टू के आटे की पकौड़ी खाने से कई लोग हुए बीमार

मथुरा, एजेंसी :

मथुरा जनपद में नवरात्रि के पहले ही दिन व्रत के दौरान कुट्टू के आटे की पकौड़ी एवं पूड़ी खाने पर लगभग तीन दर्जन लोग बीमार हो गए। सभी लोगों को बीमारी की हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसकी जानकारी जिला प्रशासन ने दी।

जिले में कई स्थानों पर कुट्टू के आटे से बने व्यंजन खाकर व्रती लोग बीमार हो गए। उन्हें उल्टी, मिचली, उबकाई एवं दस्त होने लगी। उन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। फिलहाल इनकी संख्या लगभग तीन दर्जन तक बताई जा रही है, जो ज्यादा भी हो सकती है। मंगलवार से चैत्र नवरात्रि प्रारंभ हो गया। इस दौरान व्रत रखने वाले लोग कुट्टू के आटे से बनी पूड़ी-पकौड़ी आदि खाकर व्रत तोड़ते हैं। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने भर्ती मरीजों का निरीक्षण करने के बाद बताया कि इनमें से कुल 14 लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराए जाने की पुष्टि हुई है।

अब्बास को जेल में ही पढ़ा दी जाए ईद की नमाज

गाजीपुर, एजेंसी

- मऊ सदर से विधायक के बड़े पिता अफजाल अंसारी ने प्रशासन से की मांग

बाहुबली पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के बेटे और मऊ सदर से विधायक अब्बास अंसारी ने बुधवार शाम गाजीपुर के यूसूफपुर मोहम्मदाबाद काली बाग स्थित पैतृक कब्रिस्तान पर पहुंचकर पिता की आत्मा शांति के लिए फातिया पढ़ा। इस दौरान उन्होने अपने पिता मुख्तार अंसारी व दादा-दादी के कब्र पर फूलों की चादर चढ़ाई व मिट्टी भी डाली। अब्बास के बड़े पिता ने बताया कि हमने प्रशासन से मांग की है कि अब्बास को ईद की नमाज जेल में ही पढ़ा दी जाए।

अब्बास अंसारी के बड़े पिता और सांसद अफजाल अंसारी ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर कस्टडी पैरोल पर गाजीपुर जेल पहुंचे अब्बास अंसारी को शाम को आवास पर लाया गया, जहां उन्होंने परिजनों संग रमजान के आखिरी दिन अफ्तारी किया। उसके बाद शाम को वह कब्रिस्तान पहुंचे और कुरान की तिलावत पढ़ते हुए आत्मा शांति के लिए फ़ातिया पढ़ा। इस दौरान उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का पालन भी किया गया है।

मोदी के बात करने के बाद सैनिकों की माफ हुई सजा

सहारनपुर/ बुलंदशहर, एजेंसी:

- सहारनपुर में चुनाव प्रचार के दौरान बोले राजनाथ सिंह



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि कतर के राष्ट्रपति से फोन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बात करने के बाद वहां पूर्व नौसैनिकों की सजा माफ हुई थी और वे स्वदेश लौटे थे। सहारनपुर में भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान एक जनसभा में सिंह ने कहा-मैं एक घटना की जानकारी आप लोगो को देना चाहता हूं, कुछ महीने पहले, कतर में भारतीय नौसेना के कुछ पूर्व अधिकारियों को किन्ही मामलों में वहां की अदालत ने फांसी की सजा सुनायी थी। ये लोग किन्हीं कंपनियों में काम कर रहे थे।

उन्होंने कहा-वे भारत के ही नागरिक थे और हमारी नौसेना में भी अपनी सेवाएं दे चुके थे। स्वाभाविक है कि हम लोगों को इससे परेशानी हुई। कोई ऐसा अपराध नहीं था कि उन्हें फांसी की सजा दी जाए।

वहीं बुलंदशहर में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि 2014 के चुनावी घोषणापत्र में भाजपा ने जो वादे किये थे, उन्हें उसने अक्षरशः पूरा किया। उन्होंने कहा-2019 के घोषणा पत्र समिति की अध्यक्षता मैंने की।

अलीगढ़ के होटल में लगी भीषण आग, एक अतिथि की मौत

संवाददाता, अलीगढ़

अमृत विचार: शहर के रेलवे स्टेशन के बुधवार की सुबह अचानक अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्टेशन के पास स्थित एक होटल में शॉर्ट सर्किट से लगी आग में कमरे में फंसे एक अतिथि की आग से झुलसकर मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन दुकानें भी आग की चपेट में आ गईं। काफी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया है और होटल में फंसे अन्य लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक अलीगढ़ रेलवे स्टेशन के बाहर होटल रोशनी है। उन्होंने बताया कि बुधवार की सुबह लगभग 4:30 बजे प्रतापगढ़ का संदीप कुमार भी इसी होटल के एक कमरे में आकर रुका। थोड़ी ही देर बाद अचानक शॉर्ट सर्किट से होटल के कमरे में आग लग गई। इस दौरान संदीप गहरी नींद में सो रहे थे। । जब तक उनकी नींद खुलती तब तक वह आग की लपटों में घिर चुके थे।

वर्ग पहेली-36

बाएं से दाएं

1.1. कान के पास मुंह ले जाकर धीमी आवाज़ में की जाने वाली बातें, धीरे-धीरे बात करना, फुसफुसाना 2. कानाबाती, कानाफूसी।

5.1. कीचड़, गारा, पंक 2. ऐसी गीली भूमि जिसपर खड़े होने पर गहराई में धंसते जाते हैं 3. वह संकट या परेशानी जिसमें से निकलना कठिन हो। [मु.] -में फंसना : मुसीबत में पड़ना।

7.1. झील

8. बांस या बेंत का बना आसन, मूढ़ा।

9.1. एक ऋतु 2. हिंदी माह आश्विन की ऋतु 3. वर्ष, वत्सर।

ऊपर से नीचे

2. दुर्गा।

3.1. पोस्ते का फल 2. फलांकुर, कली 3. गांव या शहर में होने वाली मुनादी, डुगडुगी 4. टोंटी।

4.1. स्वभाववश, अभ्यासवश 2. किसी कार्य को बार-बार करते रहने के कारण कार्य का आदत बन जाना।

5.1. किसी सिद्ध पुरुष का समाधि-स्थल, मकबरा, मज़ार 2. दरबार; कचहरी 3. देहरी, चौखट।

6.1. समूह 2. साधुओं की ज़मात या जमावड़ा।

8.1. मन को प्राप्त, मुग्ध 2. मोह 3. आसक्त, लुभाया हुआ।



वर्ग पहेली -35 का हल

1 पि	टा	ना	■	2 सा	नु	3 ज
सा	■	■	4 त	न	■	ल
न	■	5 ढी	ल	ना	■	म
■	6 च	■	बा	■	■	य
■	7 म	च	ना	■	8 वे	■
■	र	■	■	■	दि	■
9 सु	ख	दा	ता	■	10 का	ज़ी

सुडोकू -115

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	6					9		2
8		2		1	5			
				2		8		5
		8			3			
		1				6		
9			8			7		
		5		9				
3			5			1		7
2		6					5	

सुडोकू -114 का हल

2	6	8	7	9	5	1	4	3
5	3	4	8	6	1	9	7	2
9	1	7	2	3	4	8	6	5
7	5	6	4	1	8	2	3	9
1	2	9	5	7	3	6	8	4
8	4	3	9	2	6	7	5	1
3	9	5	1	8	7	4	2	6
6	7	2	3	4	9	5	1	8
4	8	1	6	5	2	3	9	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 अप्रैल गुरुवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया 15 .03 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ। ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-कृत्तिका 12 अप्रैल 01 .38 तक तत्पश्चात रोहिणी।

मेष — आज सहकर्मी आपको धोखा दे सकते हैं। कारोबार से संबंधित यात्रा होने के योग बन रहे हैं। धन सोच-समझकर ही खर्च करें। नए कार्यों की शुरुआत करना उचित नहीं है। अधिकारी वर्ग की आज्ञा का उल्लंघन न करें।

वृष — आज यदि आप नयी नौकरी ढूंढ रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करें। सम्मानित लोगों के बीच आपकी पैठ मजबूत होगी। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा।

मिथुन — आज अपने प्रतिद्वंद्वियों को हल्के में न लें। आपका मन उदास हो सकता है। व्यवसाय में अपेक्षित परिणाम न मिलने के कारण कुछ बदलाव को लेकर सोच सकते हैं। विवाहेतर संबंधों से दूर रहें। परिवार व समाज में प्रतिष्ठा की चिंता रहेगी।

कर्क — आज आपकी एकाग्रता में वृद्धि होगी। सभी तरफ से शुभ समाचार मिलेंगे। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। व्यापार में नए अनुबंध होने की संभावना बन रही है। धार्मिक क्रियाकलापों में आप भाग लेंगे।

सिंह — आज आय के साधनों में वृद्धि होगी। विवाह योग्य लोगों को उत्तम प्रस्ताव मिलेंगे। अपनी कार्यशैली से अधिकारी वर्ग संतुष्ट रहेंगे। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेगी। परिजनों के साथ अपने मन की बातें शेयर करेंगे।

कन्या — आज उच्च शिक्षा में सफलता मिलेगी। गुरुजनों से चर्चा और राय लेकर नया काम शुरू करें। आपके सद्गुणों की लोग प्रशंसा करेंगे। घर की बातें बाहर वाले लोगों से शेयर न करें। रिटेल व्यवसाय में उत्तम धन लाभ होगा। मन की नकारात्मकता दूर होगी।

तुला — आज धन से जुड़े मामलों में लापरवाही करना उचित नहीं है। अनावश्यक खर्चों में कटौती करें। अपने आसपास के लोगों से सावधान रहें। आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कर सकते हैं। थकान की वजह से आप अपने कार्यों में ज्यादा ध्यान नहीं दे पाएंगे।

वृश्चिक — आज दिन का शुरुआती भाग बहुत शुभ रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। विद्युत उपकरणों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। जिस किसी बात से आप प्रसन्न होंगे उसी बात पर आपको दुखी होना पड़ेगा।

धनु — आज आय के नए स्रोत विकसित होंगे। शेयर मार्केट से बड़ा लाभ हो सकता है। अपने काम दूसरों के भरोसे छोड़ने से बचें। अविवाहित लोगों के विवाह संबंधित बात आगे बढ़ सकती है। बहुत शुभ व उत्साहवर्धक रहेगा। आपके पक्ष में रहने वाला है।

मकर — आज अपने खर्चो पर धीरे-धीरे नियंत्रण पा लेंगे। प्रेमी जन के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। व्यापार में अपेक्षा से अधिक लाभ होगा। जॉब में उच्चाधिकारी आपसे बेहद प्रसन्न रहेंगे। लोग आपके विचारों से सहमत होंगे।

कुंभ — आज व्यर्थ की बातों पर ज्यादा समय बर्बाद न करें। आपके स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। वैवाहिक जीवन में कुछ अनबन रहने की आशंका है। धैर्य और संयम के साथ काम करें। किसी पर भी आवश्यकता से अधिक भरोसा न करें।

मीन — आज पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों को बड़ी बिजनेस डील मिल सकती है। अपने मन की बातें प्रेमी जन से साझा कर सकते हैं। आपकी व्यवहार कुशलता की प्रशंसा होगी। अपने काम का विस्तार करने का विचार बनाएंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- नजर के सामने — सुबह : 10 .53
- धड़कन — रात : 07 .00

&pictures
- पुलिसगिरी — सुबह : 11 .19
- जनहित में जारी — रात : 08 .00

SONY PIX
- मोर्टल कॉम्बेट — सुबह : 10 .53
- स्पाइडर मैन — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- बीवी हो तो ऐसी — सुबह : 10 .45
- कंजूस मक्खी चूस — रात : 08 .05

StarGold SELECT
- मोना डार्लिंग — सुबह : 10 .30
- ए थर्सडे — शाम : 06 .45

आज की सुपरहिट फिल्म

बी 4 यू पर रात : 07 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

मास्टर जी क्लास में आए तो पप्पू हल्ला मचा रहा था।
मास्टर जी (पप्पू से) - गजल और भाषण में क्या अंतर होता है?
पप्पू ने कुछ देर सोचा फिर बोला- पराई स्त्री का हर शब्द गजल होता है और बीवी का हर शब्द भाषण...
पप्पू की बात सुनकर मास्टर जी दंग रह गए।

पत्नी- सुनो जी, आज से तुम रोजाना शराब पिया करो।
पति- क्यों?
पत्नी - क्योंकि, आप नशे में ज्यादा काम करते हो।
पति- मैं कुछ समझा नहीं?
पत्नी- अरे कल तुम शराब पीकर आए तो नशे में सारे गंदे पड़े बर्तन धो डाले और तो और आपने मेरे पांव भी दबाए...

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव : दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये ।

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 1010, फ्लैग- 1110, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 890

रामपुर : शिवालिक-1000, फ्लैग-1110, डीएमओ-890, बोल्ड-1170

सर्राफा

कानपुर

चांदी 999 (प्रति किलो)	.....
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73750
सोना गिन्नी (प्रति नग)	55000-55200

लखनऊ

सोना स्टैंडर्ड	73,650
सोना रवा	73,500
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	81,300
चांदी (999)	81,200
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000

बरेली

गोल्ड (पक्के जेवर)	73000
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	72000
सिल्वर (पक्की)	800 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	72,900
चांदी आभूषण	80,800

बहुराष्ट्रीय कंपनियों की भारत को लेकर बढ़ती रूचि से हो रहा लाभ

संरा की रिपोर्ट में वित्तपोषण 4,200 अरब डॉलर तक का अनुमान

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

बहुराष्ट्रीय कंपनियों की भारत को लेकर दिलचस्पी बढ़ रही है और इससे देश को फायदा हो रहा है। ये कंपनियां विकसित अर्थव्यवस्थाओं की आपूर्ति व्यवस्था को विविध रूप देने की रणनीतियों के संदर्भ में भारत को एक वैकल्पिक विनिर्माण आधार के रूप में देख रही हैं। इससे भारत में निवेश मजबूत बना हुआ है।

संयुक्त राष्ट्र की सतत विकास वित्तपोषण रिपोर्ट 2024 विकास के लिए वित्तपोषण एक चौराहे पर (एफएसडीआर 2024)' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि विकास के लिए जरूरी

वित्तपोषण अंतर को कम करने के लिए बड़े पैमाने पर राशि जुटाने को लेकर तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। रिपोर्ट के अनुसार, वित्तपोषण का यह अंतर अब सालाना 4,200 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। कोविड-19 महामारी से पहले यह 2,500 अरब डॉलर था। इस बीच, वैश्विक स्तर पर बढ़ते राजनीतिक तनाव, जलवायु आपदाओं और जीवनयापन के स्तर पर वैश्विक संकट ने अरबों लोगों को प्रभावित किया है। इससे स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य विकास लक्ष्यों के मामले में प्रगति प्रभावित हुई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर निवेश नरम रहने की संभावना है। इसमें कहा गया है, इसके उलट, दक्षिण एशिया, विशेष रूप से भारत में निवेश मजबूत बना हुआ है। भारत को लेकर बहुराष्ट्रीय कंपनियों की बढ़ती रुचि से देश को लाभ हो रहा है। ये कंपनियां इसे विकसित अर्थव्यवस्थाओं की आपूर्ति व्यवस्था को विविध रूप देने की रणनीतियों के संदर्भ में एक वैकल्पिक विनिर्माण आधार के रूप में देख रही हैं।

एनआईआईएफ ने आईबस में किया 20 करोड़ डॉलर का निवेश

मुंबई। नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एनआईआईएफ) ने डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर प्लेयर आईबस नेटवर्क एंड इंफ्रास्ट्रक्चर में 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 1,660 करोड़ रुपये) के निवेश की बुधवार को घोषणा की।

बयान के अनुसार, आईबस अपनी क्षमताओं का विस्तार करने के लिए परिचालन बढ़ाने और अधिग्रहण के जरिए वृद्धि को गति देने को लेकर कोष का इस्तेमाल करेगी। एनआईआईएफ ने अपने 'मास्टर फंड' से कंपनी में निवेश किया है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी (समूह) राम सेल्लारत्नम ने कहा, हम सही निवेश साझेदार की तलाश में थे। मास्टर फंड के मुख्य कार्यकारी विनोद गिरी ने कहा कि यह इंफ्रास्ट्रक्चर फंड द्वारा आठवां और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में दूसरा निवेश है।

मॉल, व्यावसायिक में खुदरा की मांग 15% तक हो सकती है कम

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीबीआरई ने रिपोर्ट में कहा 2024 में खुदरा स्थान का पट्टा 60-65 लाख वर्ग फुट के बीच रहने का अनुमान

शॉपिंग मॉल और व्यावसायिक (हाई-स्ट्रीट) क्षेत्र में खुदरा स्थानों की मांग इस साल 15 प्रतिशत तक घट सकती है। कैलेंडर वर्ष 2023 में यह रिकॉर्ड 71 लाख वर्ग फुट रही थी। रियल एस्टेट सलाहकार सीबीआरई ने अपनी रिपोर्ट '2024 इंडिया मार्केट आउटलुक' में 2024 में खुदरा स्थान का पट्टा 60-65 लाख वर्ग फुट के बीच रहने का अनुमान लगाया है।

रिपोर्ट के अनुसार, देश के आठ प्रमुख शहरों में शॉपिंग मॉल और व्यावसायिक (हाई-स्ट्रीट) क्षेत्र में खुदरा स्थान का पट्टा 2023 में 48 प्रतिशत बढ़कर 71 लाख वर्ग फुट रहा था जबकि कैलेंडर वर्ष 2022 में यह 48 लाख वर्ग फुट था। सीबीआरई के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया तथा अफ्रीका) अंशुमन मैगजीन ने कहा कि मजबूत उपभोक्ता मांग से भारत के खुदरा क्षेत्र में 2023 में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। 2024 को देखते हुए, खुदरा विक्रेता और उपभोक्ता दोनों सावधानी बरत रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां बड़े शहर प्रमुख विस्तार केंद्र बने हुए हैं, वहीं मझोले बाजार नई कंपनियों को आकर्षित कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में खुदरा श्रेणियों के बीच 'होम डेकोर' (घर सजावट) खंड का ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह विस्तार होने की संभावना है।

एनएसई ने मुखिया के डीपफेक वीडियो पर निवेशकों को किया सजग

नई दिल्ली। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने अपने प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीष कुमार चौहान के उस डीपफेक वीडियो को लेकर निवेशकों को आगाह किया है जिसमें वह कथित तौर पर कुछ शेयरों की सिफारिश करते हुए नजर आ रहे हैं। एनएसई ने बुधवार को कहा कि प्रौद्योगिकी का दुरुपयोग कर बनाए गए कुछ निवेश एवं सलाह संबंधी ऑडियो-वीडियो क्लिप में चौहान के चेहरे एवं आवाज और एनएसई के प्रतीक चिह्न का इस्तेमाल किया गया है। एक्सचेंज ने कहा कि ऐसा लगता है कि ऐसे वीडियो चौहान की आवाज और चेहरे के भावों की नकल करने के लिए परिष्कृत प्रौद्योगिकी की मदद से बनाए गए हैं। डीपफेक का आशय कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल कर किसी व्यक्ति को गलत ढंग से पेश करना है। इसमें हेराफेरी के जरिए किसी व्यक्ति को ऐसी हरकत करते हुए या ऐसी बात कहते हुए दिखाया जाता है जो उसने कभी कहा और किया ही नहीं है। इस तरह गलत सूचना फैलने और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचने का खतरा होता है।

हार्टेक पावर को 474 करोड़ की सौर परियोजना का मिला ठेका

नई दिल्ली। हार्टेक पावर को राजस्थान में 300 मेगावाट की सौर परियोजना के विकास के लिए 474 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। कंपनी ने कहा, एक प्रमुख वैश्विक नवीकरणीय स्वतंत्र बिजली उत्पादक से यह ठेका मिला है। परियोजना में राजस्थान में 1,209 एकड़ में फैले 300 मेगावाट के 'ग्राउंड-माउंट' सौर पीवी बिजली संयंत्र शामिल है। कंपनी हार्टेक समूह की बिजली प्रणाली व नवीकरणीय ढांचा शाखा है। हार्टेक की स्थापना 1991 में की गई थी। यह सबसे तेजी से बढ़ती कंपनियों में से एक है जो इंजीनियरिंग, निर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, ईंधन और विनिर्माण क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करती हैं।

मार्च में इक्विटी म्यूचुअल फंड में आया 22,633 करोड़ का निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश मार्च में एक महीने पहले की तुलना में 16 प्रतिशत घटकर 22,633 करोड़ रुपये रहा है। म्यूचुअल फंड कंपनियों के निकाय एम्फी ने मार्च महीने के आंकड़े जारी किए।

आंकड़ों के मुताबिक, इक्विटी फंड में शुद्ध प्रवाह का सिलसिला लगातार 37वें महीने यानी मार्च में भी जारी रहा। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के मुताबिक, म्यूचुअल फंड उद्योग ने कुल मिलाकर फरवरी में 1.2 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह देखा गया था, जबकि मार्च में 1.6 लाख करोड़ रुपये की बड़ी निकासी हुई। इस निकासी की बड़ी वजह यह रही कि ऋण-आधारित म्यूचुअल फंड योजनाओं में 1.98 लाख करोड़ रुपये की निकासी की गई। आंकड़ों के मुताबिक, इक्विटी-आधारित म्यूचुअल फंड योजनाओं में मार्च में 22,633 करोड़ रुपये का प्रवाह देखा गया जबकि फरवरी में यह 26,866 करोड़ रुपये था।

'कलेक्टिव न्यूजरूम' के साथ बीबीसी का पुनर्गठन पूरा

नई दिल्ली/लंदन। भारत के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों के अनुपालन के लिए ब्रिटेन की मीडिया कंपनी ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) का पुनर्गठन एक स्वतंत्र इकाई 'कलेक्टिव न्यूजरूम' की

शुरुआत के साथ पूरा हो गया है। बीबीसी इसकी पहली ग्राहक है।

भारतीय के स्वामित्व वाली कलेक्टिव न्यूजरूम ने भाषा आधारित कंटेंट (सामग्री) उपलब्ध कराना जारी रखने के लिए बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया का स्थान लिया है। पुनर्गठन के तहत, प्रसारणकर्ता लंदन में मुख्यालय वाले अंग्रेजी भाषा के डिजिटल, टेलीविजन और रेडियो खंड के लिए भारत में समाचार एकत्र करने वाली टीम को बनाए रखेगा। यह कदम कथित एफडीआई उल्लंघनों के मामले में पिछले साल फरवरी में ईडी और कर अधिकारियों द्वारा तलाशी अभियान के करीब एक साल बाद उठाया है।



राष्ट्रीय

एक नजर

धनखड़ ने 10 नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्यों को दिलाई शपथ

नई दिल्ली। भारत के उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को संसद के उच्च सदन के 10 नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। जिन लोगों को शपथ दिलाई गई उनमें मयंकभाई जयदेवभाई नायक, नारायणसा के. भंडागे, मिलिंद मुरली देवड़ा, अजीत माधवराव गोपछड़े, रेणुका चौधरी, अमरपाल मौर्य, संजय सेठ, रामजी लाल सुमन, सागरिका घोष और ममता ठाकुर शामिल हैं। इन सदस्यों को नये संसद भवन में शपथ दिलाई गई।

अदालत ने मेवात दोहरा हत्याकांड व सामूहिक दुष्कर्म में चार दोषी करार

नई दिल्ली। हरियाणा के पंचकूला स्थित विशेष सीबीआई अदालत ने राज्य के मेवात क्षेत्र के नूंह जिले में 2016 में हुए चर्चित दोहरे हत्याकांड और सामूहिक दुष्कर्म के मामले में बुधवार को गिरोह के चार सदस्यों को दोषी करार दिया। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अदालत ने हेमंत चौहान, अयान चौहान, विनय और जय भगवान को दोषी करार दिया। उन्होंने कहा कि ये सभी कुख्यात अपराधी हैं और उनके खिलाफ जघन्य अपराध के कई मामले दर्ज हैं। अदालत ने कहा कि मामले में सजा 15 अप्रैल को सुनाई जाएगी। सीबीआई के मुताबिक आरोपी 24-25 अगस्त 2016 की दरमियानी रात पीड़ित के घर में लाठी, डंडों और पिस्तौल जैसे हथियारों के साथ दाखिल हुए। अपराधियों ने घर में मौजूद महिला और नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और गहने तथा नकदी लूटकर फरार हो गए।

नाबालिग गर्भवती को कोर्ट ने दी सरकारी अस्पताल में उपचार कराने की अनुमति

मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने बुधवार को एक 17 वर्षीय गर्भवती लड़की को मुंबई के सरकारी जेजे अस्पताल में इलाज कराने की अनुमति दी। लड़की को कुछ अस्पतालों ने चिकित्सा सहायता देने से इनकार कर दिया था। लड़की ने अपनी मां के माध्यम से उच्च न्यायालय में दायर की गई याचिका में कहा कि अस्पतालों ने इसलिए उसका इलाज करने से इनकार कर दिया क्योंकि वह उस लड़के के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराना चाहती है जिसके साथ उसके संबंध थे। याचिका में कहा गया है कि लड़की और लड़के के बीच सहमति से संबंध थे। लड़के की उम्र भ्री 17 वर्ष है। याचिका में कहा गया कि चिकित्सकीय उपचार से इनकार लड़की के उन मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है जो संविधान में दर्ज हैं। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि लड़की शुक्रवार तक अपने वकील के माध्यम से आपात पुलिस रिपोर्ट के रूप में अपना बयान प्रस्तुत करे। अदालत ने उसे सरकारी जेजे अस्पताल में उपचार कराने की अनुमति दी।

मलाप्पुरम में मंदिर बना हिंदू मुस्लिम सद्भावना की मिसाल

मलाप्पुरम (केरल)। केरल के मुस्लिम बहुल मलाप्पुरम में सदियों पुराना मंदिर हिंदू-मुस्लिम सद्भावना की मिसाल पेश कर रहा है जिसके जीर्णोद्धार में मुस्लिम समुदाय से खुलकर दान दिया और अब मंदिर में स्थापित देवी की नई प्रतिमा की अगले महीने प्राण प्रतिष्ठा होगी। एक अधिकारी ने बताया कि कोंडोट्टी के मुथुवल्लूर स्थित 400 साल पुराने श्रीदुर्गा भगवती मंदिर के जीर्णोद्धार में हिंदुओं और मुस्लिमों ने कंधे से कंधा मिलाकर काम किया है। मंदिर प्रशासन ने बताया कि मंदिर के जीर्णोद्धार पर अब तक करीब 50 लाख खर्च किए हैं और इनमें से करीब आधी राशि मुस्लिम समुदाय ने दान में दी है। जीर्णोद्धार के पहले चरण का काम पूरा हो गया है और 173 सेंटीमीटर लंबी देवी दुर्गा की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा के लिए सात मई को तीन दिवसीय समारोह का आयोजन होगा।

प्रधानमंत्री का द्रमुक पर हमला, बोले- घृणा और विभाजनकारी राजनीति करती है यह पार्टी

भ्रष्टाचार का दूसरा नाम द्रमुक : नरेन्द्र मोदी

वेल्लोर (तमिलनाडु), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर तीखा हमला बोलते हुए उस पर घृणा और विभाजनकारी राजनीति में लिप्त होने, भ्रष्टाचार का पर्याय होने और राज्य के विकास की कोई चिंता नहीं करने का आरोप लगाया।

लोकसभा चुनाव के तहत 19 अप्रैल को होने वाले मतदान से पहले राज्य के वेल्लोर और मेट्टुपलयम में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस की भी कड़ी आलोचना की तथा उसे और द्रमुक को पारिवारवादी दल बताया।

उन्होंने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर द्रमुक को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि इस मुद्दे पर पहला कॉपीराइट सत्तारूढ़ पार्टी के पास है तथा मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के परिवार का इरादा राज्य को लूटने का है। उन्होंने द्रमुक पर एक पारिवारिक कंपनी होने का

तमिलनाडु में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते नेतागण। ● एजेंसी

आरोप लगाया, जो पुरानी सोच के कारण राज्य के युवाओं की प्रगति में बाधा बन रही है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करते हुए उन्होंने वेल्लोर की रैली में कहा, भ्रष्टाचार पर द्रमुक का पहला कॉपीराइट है, पूरा परिवार तमिलनाडु को लूट रहा है।

द्रमुक पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इसके तीन मानदंड हैं- पारिवारिक राजनीति, भ्रष्टाचार और तमिल संस्कृति का विरोध। उन्होंने कहा कि द्रमुक लोगों को भाषा, क्षेत्र, धर्म और जाति के आधार पर बांटती है। वह जानती है कि जिस दिन लोग इसे पहचान जाएंगे, उसे एक भी वोट नहीं मिलेगा। मैंने द्रमुक की दशकों पुरानी खतरनाक राजनीति का पर्दाफाश करने का फैसला किया है। मोदी ने आरोप लगाया कि एक तरफ देश मेक इन इंडिया पहल के साथ प्रगति कर रहा है लेकिन द्रमुक उन लोगों के साथ खड़ी है जो देश में निवेश को खत्म करना चाहते हैं। मोदी ने कांग्रेस पर भेदभाव और बंटवारे का खतरनाक खेल खेलने का आरोप लगाया और कहा कि यही काम तमिलनाडु में द्रमुक करती है।

उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार ने तमिलनाडु में करोड़ों घरों में पाइप से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की है लेकिन सत्तारूढ़ द्रमुक ने इसे पार्टी के कार्यकर्ताओं या मतदाताओं के लिए प्राथमिकता दी। द्रमुक ने हमेशा नफरत और विभाजनकारी राजनीति की है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि राजग अपने तीसरे कार्यकाल में कोंगू क्षेत्र के विकास के लिए और अधिक उत्साह के साथ काम करेगा। तमिलनाडु के पश्चिमी क्षेत्र को कोंगु क्षेत्र कहा जाता है। द्रमुक और 'इंडी' गठबंधन के घटक दल तुष्टीकरण के अलावा कुछ नहीं कर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने लॉटरी किंग सेंटियागो के धनशोधन मामले पर लगाई रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने 'लॉटरी किंग' सेंटियागो मार्टिन के खिलाफ एक विशेष अदालत में जारी धनशोधन के एक मामले की कार्यवाही पर बुधवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने मार्टिन की याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें केरल के एर्नाकुलम में एक विशेष पीएमएलए अदालत के 16 मार्च के आदेश को चुनौती दी गई थी।

इस आदेश में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धनशोधन के एक मामले में सुनवाई के स्थगन संबंधी उनकी याचिका को खारिज कर दिया गया था। मार्टिन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील आदित्य सोंढी और वकील रोहिणी मूसा ने दलील दी कि विशेष अदालत को इस पर विचार करना चाहिए था कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) मामले में सुनवाई मूल मामले में मुकदमे के

● ईडी के मामले की सुनवाई के स्थगन के अनुरोध को भी विशेष अदालत ने कर दिया था खारिज

समाप्त होने के बाद ही शुरू हो सकती है। विशेष अदालत ने 16 मार्च को मार्टिन की उस अर्जी को खारिज कर दिया था जिसमें ईडी के मामले की सुनवाई के स्थगन का अनुरोध किया गया था। मार्टिन ने सीबीआई की ओर से दाखिल आरोपपत्र विधेय (मूल) मामला है जिसके आधार पर ईडी ने उसके और अन्य के खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया है। ईडी आमतौर पर सीबीआई और आयकर विभाग जैसी संबंधित केंद्रीय एजेंसियों द्वारा भ्रष्टाचार या कर चोरी के मामलों में की गई प्राथमिकी या जांच के आधार पर धनशोधन का मामला दर्ज करता है।

बेधड़क नागरिकता के लिए आवेदन करें शरणार्थी : शाह

बालुरघाट (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) पर गुमराह करने और वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठियों की मदद करने का आरोप लगाया और इस बात पर जोर दिया कि शरणार्थियों को बिना किसी शंका के बेधड़क नागरिकता के लिए आवेदन करना चाहिए।

बालुरघाट में एक चुनावी रैली में शाह ने भूपतिनगर बम विस्फोट मामले में दोषियों को बचाने की कोशिश और एनआईए अधिकारियों के खिलाफ मामले दर्ज करने के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा ममता दीदी सीएए के बारे में लोगों को गुमराह कर रही हैं। मैं शरणार्थियों से अनुरोध करता हूं कि वे डरें नहीं, कृपया नागरिकता के लिए आवेदन करें, कोई समस्या नहीं होगी।

केरल में चर्च ने ईद की नमाज के लिए अपने द्वार खोले

मलप्पुरम (केरल)। सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देने वाले एक कदम के तहत केरल के मलप्पुरम जिले में एक चर्च ने बुधवार को अपने द्वार खोल दिए ताकि उसके परिसर में मुसलमान ईद की नमाज अदा कर सकें। मंजेरी स्थित निकोलस मेमोरियल सीएसआई चर्च के विशाल मैदान में बुधवार सुबह सैकड़ों मुस्लिम एकत्र हुए। वे संयुक्त ईद समिति, मंजेरी द्वारा आयोजित ईद की नमाज में भाग लेने के लिए एक साथ आए थे। ईद की नमाज के लिए चर्च के दरवाजे खोलने का फैसला उस सरकारी स्कूल के मैदान को बंद किए जाने के कारण लिया गया, जहां आमतौर पर मुस्लिम ईद की नमाज अदा करते थे। स्कूल का मैदान आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में बंद किया गया है।

शांति, समृद्धि और प्रगति भाजपा का वादा

ईटानगर, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और प्रदेश अध्यक्ष बियूराम वाहगे के साथ बुधवार को राज्य विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र (घोषणापत्र) जारी किया। अरुणाचल प्रदेश में भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रभारी एवं असम के मंत्री अशोक सिंघल भी मौजूद थे।

नड्डा ने विकसित अरुणाचल प्रदेश के लिए घोषणापत्र का अनावरण करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक दस्तावेज नहीं है, बहुत अच्छी तरह से विचार-विमर्श के बाद बनाया गया दस्तावेज है, जिसमें उन सभी चीजों के बारे में विस्तार से बताया गया है, जो हम अगले पांच वर्षों में अरुणाचल प्रदेश को एक विकसित राज्य बनाने के लिए करने जा रहे हैं। उन्होंने खांडू के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की विभिन्न उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुझे यह कहते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि अरुणाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री पेमा खांडू के नेतृत्व में तथा प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और समर्थन में पिछले पांच वर्षों में बहुत सकारात्मक बदलाव

● अरुणाचल विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र जारी

अरुणाचल प्रदेश में जनसभा को संबोधित करते भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ● एजेंसी

आया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पूर्वोत्तर से तुलना करते हुए कहा कि मोदी के सत्ता में आने से पहले, पूर्वोत्तर एक अलग भूमि थी, जो बंद संस्कृति, नाकाबंदी, उग्रवाद, अपहरण, लक्षित हत्या और लक्षित हमलों से त्रस्त थी- हम पूर्वोत्तर के बारे में यही जानते थे। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले 'उपेक्षित' रहे पूर्वोत्तर में उग्रवाद में 80 प्रतिशत की कमी देखी गयी है, और सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा) के तहत आने वाले क्षेत्रों को घटाकर 66 प्रतिशत कर दिया गया है। नड्डा ने कहा, घोषणापत्र प्रधानमंत्री के अष्ट लक्ष्मी के दृष्टिकोण- शांति, आत्मनिर्भरता के लिए बिजली उत्पादन, अरुणाचल को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थल बनाने, 5जी कनेक्टिविटी, प्राकृतिक खेती, खेल और राज्य की क्षमता को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए तैयार किया गया है। हमारा लक्ष्य शांति, समृद्धि और प्रगति है।

विपक्षी गठबंधन भ्रष्ट नेताओं से भरा : नड्डा

दोईमुख (अरुणाचल प्रदेश)। विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडी) पर कटाक्ष करते हुए भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने बुधवार को इसे 'घमंडिया' गठबंधन करार दिया, जो भ्रष्ट नेताओं से भरा हुआ है। यहां चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा विपक्षी गठबंधन वास्तव में अहंकारी लोगों का गठबंधन है जो भ्रष्टाचार और वंशवाद की राजनीति में लिप्त हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जहां भ्रष्टाचार के खिलाफ हैं, वहीं विपक्षी गुट के कई नेता घोटालों में लिप्त हैं।

माकपा के 80 अघोषित खाते व 100 अचल संपत्तियां

नई दिल्ली, एजेंसी

- ईडी ने निर्वाचन आयोग को लिखा पत्र केरल की सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ धनशोधन जांच में सच आया सामने

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर दावा किया है कि धनशोधन से संबंधित जांच में पाया गया है कि केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के पास लगभग 80 अघोषित बैंक खाते और लगभग 100 अघोषित अचल संपत्तियां हैं।

संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि त्रिशूर स्थित करुवन्नूर सेवा सहकारी बैंक से संबंधित जांच के दौरान उसे इन संपत्तियों का पता चला, जिसमें उसने माकपा विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री ए सी मोइदीन से पूछताछ की थी। आधिकारिक सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि एजेंसी ने निर्वाचन आयोग को सूचित किया है कि पार्टी करीब 80 अघोषित बैंक खातों से संबद्ध है, जिनमें करीब 25 करोड़ रुपये जमा हैं। ईडी ने दावा किया है कि इन बैंक खातों में मिली जमा राशि मुख्य रूप से नकदी में भेजी गई थी। इसने चुनाव आयोग को यह भी सूचित किया है कि पार्टी के पास त्रिशूर जिले में कार्यालय भवनों के रूप में लगभग 100 अघोषित अचल संपत्तियां हैं। एजेंसी ने चुनाव आयोग को दी गई अपनी रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि इन बैंक खातों और कार्यालयों का इस्तेमाल माकपा द्वारा राजनीतिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। एजेंसी को संदेह है कि इन चल और अचल संपत्तियों की जानकारी पार्टी द्वारा जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निर्वाचन आयोग और आयकर विभाग को नहीं दी गई है। सूत्रों ने कहा कि चुनाव आयोग ने आयकर विभाग के प्रशासनिक प्राधिकरण केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड को ईडी द्वारा उसे बताए गए इन आरोपों की जांच करने का निर्देश दिया है।

खेल डायरी

सिंधू जीतीं, सेन और श्रीकांत पहले दौर में हारे

निंगबो। अनुभवी भारतीय खिलाड़ी पीवी सिंधू मुश्किल परिस्थितियों से पार पाकर बुधवार को बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के महिला एकल के दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रहीं तो वही पुरुष एकल वर्ग में लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत का सफर हार के साथ खत्म हो गया। सिंधू ने मलेशिया की दुनिया की 33वें नंबर की खिलाड़ी गोह जिन वेई के खिलाफ निर्णायक गेम में पांच अंकों की बढ़त को लगभग गंवाने के बाद 18-21, 21-14, 21-19 से जीत दर्ज की। सिंधू इस खिलाड़ी के खिलाफ सुदीरमन कप में खेले गये पिछले मुकाबले को हार गयी थीं।

आनंदी ने यूरोचैलेंज सेलिंग स्पर्धा में कांस्य जीता

मुंबई। भारत की 15 वर्षीय आनंदी नंदन चंदावरकर ने इटली में आयोजित ओपन स्किफ यूरोचैलेंज सेलिंग (नौकायन) प्रतियोगिता मिश्रित वर्ग में कांस्य पदक जीतने के साथ लड़कियों की अंडर-17 वर्ग की स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में अंडर-15 और अंडर-17 आयु वर्ग में 130 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगिता का आयोजन पांच से सात अप्रैल तक सिरकोलो वेला अरको के गार्डा ट्रेनटिनो में हुआ था। इसमें 10 देशों से लगभग 200 नौकायन खिलाड़ियों ने भाग लिया।

गुकेश को नेपोम्नियाशिच के साथ संयुक्त बढ़त

टोरंटो। ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने अजरबैजान के निजात अबासोव को हराकर रूस के इयान नेपोम्नियाशिच के साथ संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है और फिडे शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में जीत दर्ज करने वाले वह इकलौते भारतीय बने। सत्रह वर्ष के गुकेश और नेपोम्नियाशिच 3-5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फेबियानो कारूआना उनसे आधा अंक पीछे हैं। अमेरिका के हिकारू नकामूरा ने फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को हराया जबकि भारत के आर प्रज्ञानानंदा ने नेपोम्नियाशिच के साथ ड्रॉ खेला। विदित गुजराती ने कारूआना के साथ ड्रॉ खेला।

नीरज चोपड़ा पावो नूरमी खेलों में भाग लेंगे

नयी दिल्ली। सुपरस्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 18 जून को फिनलैंड के तुर्कू में प्रतिष्ठित पावो नूरमी खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जहां उन्हें जर्मनी के 19 वर्षीय मैक्स डेह्निंग से कड़ी चुनौती मिल सकती है। यह जानकारी पावो नूरमी खेलों के आयोजकों ने दी। डेह्निंग हाल ही में 90 मीटर की बाधा पार करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने हैं। छब्बीस साल के चोपड़ा 10 मई को दोहा डायमंड लीग मीट से अपने सत्र की शुरुआत करेंगे। उन्होंने पावो नूरमी खेलों के 2022 सत्र में 89 .30 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता था। यह उनके करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो है।

बिली जीन किंग कप टेनिस: भारत चीन से 0-3 से हारा

चांगशा (चीन)। भारतीय महिला टेनिस टीम को बुधवार को यहां बिली जीन किंग कप के ग्रुप चरण मैच में चीन से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। सहजा यमलापल्ली को एक घंटे और 33 मिनट तक चले शुरुआती मुकाबले में विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज जिन्यू वांग से 2-6, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। एकल वर्ग के दूसरे मैच में अंकिता रैना को दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी क्विनवेन झेंग ने 6-0, 6-0 से मात दी। रुतुजा भोसले और प्रार्थना थेंबारे की जोड़ी को हानयू गो और शियू वांग की जोड़ी ने 56 मिनट तक चले एकतरफा मुकाबले में 6-1, 6-1 से हराया।

फार्मूला ई को भारत के लिए नया मीडिया साझेदार मिला

लंदन। फार्मूला ई ने बुधवार को भारतीय उपमहाद्वीप में इलेक्ट्रिक रेसिंग शृंखला के सभी दौर प्रसारित करने के लिए सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया के साथ तीन साल की मीडिया साझेदारी की घोषणा की। एसपीएनआई चैंपियनशिप के 10वें सत्र की सभी रेस को अपने टेलीविजन चैनलों के नेटवर्क पर प्रसारित करेगा और प्रशंसक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म 'सोनी लिव' पर भी इसे देख सकेंगे। फार्मूला ई ने एक बयान में कहा, ''फार्मूला ई के 10वें रेसिंग सत्र का सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर पूरे भारत में सीधा प्रसारण किया जाएगा, जिसकी कवरेज अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका तक होगी।''

स्वर्ण विजेताओं को मिलेंगे 50,000 डॉलर

मोनाको। पेरिस ओलंपिक में ट्रैक एवं फील्ड की 48 स्पर्धाओं के स्वर्ण पदक विजेताओं को विश्व एथलेटिक्स (डब्ल्यूए) ने पहली बार 50,000 डॉलर (41.60 लाख रुपये) की पुरस्कार राशि देने की बुधवार को घोषणा की। विश्व एथलेटिक्स के इस कदम से 2028 में लॉस एंजिलिस (एलए) में होने वाले खेलों में तीनों पदक विजेताओं को पुरस्कार देने का मार्ग प्रशस्त होगा। भारत को पेरिस ओलंपिक में भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा से स्वर्ण पदक की उम्मीद है। नीरज ने तोक्यो ओलंपिक में देश के लिए एथलेटिक्स का पहला स्वर्ण पदक जीता था। वह इसके साथ ही व्यक्तिगत स्पर्धा में निशानेबाज अभिनव बिंद्रा के बाद स्वर्ण पदक जीतने वाले देश के दूसरे खिलाड़ी बने थे। डब्ल्यूए ओलंपिक खेलों में पुरस्कार राशि देने वाला पहला अंतरराष्ट्रीय महासंघ बन जाएगा।

बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी मोंटे कार्लो में हारी

मोंटे कार्लो। भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन बुधवार को यहां मोंटे कार्लो मास्टर्स में पुरुष युगल के अंतिम-16 दौर के मैच में क्रोएशिया के मेट पाविक और अल साल्वाडोर के मार्सेलो एरेवलो से हार गये। बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी को 3-6, 6-7 (6-8) से हार का सामना करना पड़ा। बोपन्ना और एबडेन पहले सेट में जल्दी पिछड़ गए और फिर उबर नहीं पाए। दूसरे सेट में भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों की जोड़ी वापसी करती दिखी लेकिन प्रतिद्वंद्वी जोड़ी ने टाई-ब्रेकर में बेहतर खेल के दम पर उन्हें वापसी का मौका नहीं दिया। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल पुरुषों के दूसरे दौर के मुकाबले को बारिश के कारण रोके जाते समय डेनमार्क के होल्गर रूणे के खिलाफ पिछड़ रहे थे।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस आमने-सामने

मुंबई, एजेंसी

खराब फॉर्म से जूझ रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में गुरुवार को मुंबई इंडियंस से खेलेगी, जिस पर खुद अच्छे प्रदर्शन का भारी दबाव है। पांच में से चार मैच हार चुकी आरसीबी ने टीम चुनने में गलतियां की और मैदान पर भी प्रदर्शन से उसकी भरपाई नहीं कर सकी। अंकतालिका में वह मुंबई से एक ही पायदान नीचे है। मुंबई चार में से एक मैच जीतकर नौवे स्थान पर है। उसने पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 29 रन से हराया था।

विराट कोहली के शानदार प्रदर्शन के बावजूद आरसीबी के अभियान की बेहद खराब शुरूआत हुई है। अब आईपीएल के आधे मैच जल्दी ही खत्म होने को है और ऐसे में आरसीबी के विदेशी खिलाड़ियों को लय तलाशनी होगी जिनमें कप्तान फाफ डु प्लेसी (109 रन), ग्लेन मैक्सवेल (32) और कैमरन ग्रीन (68 रन) शामिल हैं। कोहली अभी तक एक शतक और दो अर्धशतक समेत 316 रन बना चुके हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से साथ नहीं मिल सका। पांच महीने पहले विश्व कप सेमीफाइनल में वानखेड़े स्टेडियम पर शतक जमाने वाले कोहली एक बार फिर उसी मैदान पर अपने बल्ले का जलवा बिखेरना चाहेंगे।

गेंदबाजी में मैक्सवेल चार विकेट ले चुके हैं लेकिन मुख्य गेंदबाज प्रभावहीन रहे हैं। मुंबई के खिलाफ उन्होंने हालांकि पिछले पांच में से चार मैच जीते हैं। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए 32 मुकाबलों में से 18 मुंबई ने और 14 आरसीबी ने जीते हैं। आम तौर पर आईपीएल में धीमी शुरूआत करने वाली मुंबई टीम को पता है कि अब देर करने से परिणाम प्रतिकूल हो सकते हैं। आरसीबी को हराकर उसका इरादा लगातार दूसरी जीत दर्ज करने का होगा ताकि टीम का मनोबल बढ सके चूंकि अगले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स से खेलना है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान। **मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	05	316
रियान पराग (राजस्थान)	05	261
शुभमन गिल (गुजरात)	06	255

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	05	10
मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई)	04	09
अर्शदीप सिंह (पंजाब)	05	08

रोमांचक मुकाबले में गुजरात की जीत

राजस्थान को तीन विकेट से हराया, संजू सैमसन और रियान पराग की पारी काम नहीं आई



शुभमन गिल

जयपुर, एजेंसी

कप्तान शुभमन गिल के अर्धशतक के बाद राशिद खान और राहुल तेवतिया की ताबड़तोड़ पारियों से गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को बेहद रोमांचक मुकाबले में अंतिम गेंद पर राजस्थान रॉयल्स को तीन विकेट से हराकर उसके लगातार चार जीत के क्रम को तोड़ दिया।

राजस्थान रॉयल्स के 197 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात टाइटंस की टीम ने राशिद नाबाद 24 और तेवतिया 21 रन के बीच 36 रन की साझेदारी से 20 ओवर में सात विकेट पर 199 रन बनाकर जीत दर्ज की। कप्तान शुभमन गिल (72) और साई सुदर्शन (35) ने पहले विकेट के लिए 64 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। राजस्थान रॉयल्स के लिए कुलदीप सेन तीन विकेट और युजवेंद्र चहल दो विकेट चटकाए। रियान पराग 76 रन और कप्तान संजू सैमसन नाबाद 68 रन ने इससे पहले अर्धशतक जड़ने के अलावा तीसरे विकेट के लिए 78 गेंद में 130 रन की साझेदारी की, जिससे राजस्थान रॉयल्स ने तीन विकेट पर 196 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे टाइटंस को गिल और सुदर्शन की जोड़ी ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 44 रन जोड़े। तेज गेंदबाज सेन ने सुदर्शन को पगबाधा करके इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बारिश के कारण कुछ मिनटों के लिए खेल रुका और ब्रेक के बाद सेन की पहली ही गेंद को मैथ्यू वेड (04) विकेटों पर खेल गए। सेन ने दो गेंद बाद अभिनव मनोहर (01) को भी बोल्ड किया। विजय शंकर (16) चहल की गेंद पर बोल्ड हो गए। टाइटंस को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 73 रन की दरकार थी। आवेश ने 18वें ओवर में शाहरूख (14) को पगबाधा किया। टाइटंस को अंतिम दो ओवर 35 रन की जरूरत थी। राशिद ने अंतिम ओवर में तेवतिया के रन आउट होने के बावजूद आवेश पर तीन चौके जड़कर टाइटंस को जीत दिला दी। इससे पहले गिल ने टॉस जीतकर रॉयल्स को बल्लेबाजी का न्योता दिया और उनके गेंदबाजों ने विरोधी बल्लेबाजों को शुरुआत में खुलकर नहीं खेलने दिया।

राशिद खान — राहुल तेवतिया

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	5	4	1	8	+0.871
कोलकाता	4	3	1	6	+1.528
लखनऊ	4	3	1	6	+0.775
चेन्नई	5	3	2	6	+0.666
हैदराबाद	5	3	2	6	+0.344
गुजरात	6	3	3	6	-0.637
पंजाब	5	2	3	4	-0.196
मुंबई	4	1	3	2	-0.704
बेंगलुरु	5	1	4	2	-0.843
दिल्ली	5	1	4	2	-1.370

राजस्थान 196/3

20 ओवर, अतिरिक्त : 07

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल का वेड बो उमेश	24	19	5/0
जोस बटलर का तेवतिया बो राशिद	08	10	0/0
संजू सैमसन नाबाद	68	38	7/2
रियान पराग का शंकर बो मोहित	76	48	3/5
शिमरोन हेटमायर नाबाद	13	05	1/1

गेंदबाजी : उमेश यादव 4-0-47-1, स्पेंसर जॉनसन 4-0-37-0, राशिद खान 4-0-18-1, नूर अहमद 4-0-43-0, मोहित शर्मा 4-0-51-1

गुजरात 199/7

20 ओवर, अतिरिक्त : 11

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
साई सुदर्शन पगबधा बो सेन	35	29	3/1
शुभमन गिल स्टं सैमसन बो चहल	72	44	6/2
मैथ्यू वेड बो सेन	04	06	0/0
अभिनव मनोहर बो सेन	01	02	0/0
विजय शंकर बो चहल	16	10	3/0
राहुल तेवतिया रन आउट	22	11	3/0
शाहरूख खान पगबाधा बो आवेश	14	08	1/1
राशिद खान नाबाद	24	11	4/0
नूर अहमद नाबाद	00	00	0/0

गेंदबाजी : बोल्ट 2-0-8-0, आवेश 4-0-48-1, महाराज 2-0-16-0, अश्विन 4-0-40-0, चहल 4-0-43-2, सेन 4-0-41-3

आरसीबी के पास वापसी के लिए काफी समय : रीस टॉप्ली

मुंबई। तेज गेंदबाज रीस टॉप्ली ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले से पहले बुधवार को कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विदेशी बल्लेबाजों के पास खराब शुरुआत से उबरने और लड़खड़ाते अभियान को पटरी पर लाने के लिए अब भी काफी समय है। अब तक अपने पांच में से चार मैच हार चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम पर वापसी करने का भारी दबाव है।

डोपिंग के लिए तीन भारतीय एथलीटों को अस्थाई निलंबन

नयी दिल्ली, एजेंसी

- धावक जी लक्ष्मणन और धाविका हिमानी चंदेल पर भी क्रमश : दो और चार साल का प्रतिबंध

गोवा राष्ट्रीय खेलों के रजत पदक विजेता स्टीपलचेज खिलाड़ी मोहम्मद नूर हसन के साथ भारत के विश्व क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप के प्रतिभागी हेमराज गुर्जर और अंजलि कुमारी को प्रतिबंधित पदार्थों की जांच में पॉजिटिव पाये जाने के बाद अस्थायी निलंबन के तहत रखा गया है। भारतीय एथलेटिक्स में डोपिंग के नवीनतम मामलों में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी पैनल द्वारा लंबी दूरी के धावक जी लक्ष्मणन और धाविका हिमानी चंदेल पर भी क्रमशः दो और चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है। हसन ने पिछले साल फेडरेशन कप और नेशनल ओपन चैंपियनशिप में 3000 मीटर स्टीपलचेज में स्वर्ण पदक जीता था।

गुर्जर ने जनवरी में गया में राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप जीती थी लेकिन मार्च में बेलग्रेड में विश्व क्रॉस कंट्री में वह 88वें स्थान पर रहे थे। अंजलि कुमारी जनवरी में नेशनल क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रही थीं। इस प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन वैश्विक प्रतियोगिता के लिए हुआ था जिसमें वह 80वें स्थान पर रहीं। इन तीनों को नाडा द्वारा अस्थाई निलंबन सौंपे गए लोगों की नवीनतम सूची में शामिल किया गया है। यह ज्ञात नहीं है कि नमूने कहां और कब एकत्र किए गए थे। इस बीच यह भी पता चला है कि 2017 एशियाई चैंपियनशिप में 5000 मीटर और 10,000 मीटर में स्वर्ण पदक जीतने वाले लक्ष्मणन पर पिछले साल 10 अगस्त से दो साल का प्रतिबंध लगाया गया है। उनका नाम उन लोगों में शामिल था जिन पर या तो डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल या नाडा के डोपिंग रोधी अपील पैनल द्वारा प्रतिबंध लगाए गए थे।

भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी सरिता मोर

बिश्केक। भारत के स्टार पहलवानों की गैरमौजूदगी में गुरुवार से यहां शुरू हो रही एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में देश की अगली पीढ़ी के खिलाड़ी खुद को बड़े मंच पर साबित करने की कोशिश करेंगे जबकि अनुभवी सरिता मोर पर भी नजरें होंगी। 21 मार्च को ट्रायल के दौरान यह निर्णय लिया गया था कि 17 ओलंपिक भार वर्ग के विजेता 19 अप्रैल से बिश्केक में एशियाई क्वालीफायर के जरिए पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने का प्रयास करेंगे जबकि इन वर्गों के उप विजेता को एशियाई चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा का अवसर दिया जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे मैच में भारत को 2-1 से हराया

पर्थ, एजेंसी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को हॉकी टेस्ट सीरीज के तीसरे मुकाबले में भी ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में 3-0 की बढ़त बना ली है। ऑस्ट्रेलिया के पर्थ हॉकी स्टेडियम में बुधवार को खेले गए मुकाबले में मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय टीम को 2-1 से हराया। भारत के लिए जुगराज सिंह ने 41वें मिनट में एकमात्र गोल किया। वहीं ऑस्ट्रेलिया की ओर से जेरेमी हेवार्ड ने 44वें और 49वें मिनट में दो गोल दागे।

ऑस्ट्रेलिया ने खेल के तीसरे मिनट में ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया लेकिन भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने शानदार बचाव किया। मैच का दूसरा क्वार्टर भी गोलरहित रहा। खेल के तीसरे क्वार्टर के 41वें मिनट में भारतीय टीम के जुगराज सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोल दागकर भारत को बढ़त दिलाई। हालांकि, ऑस्ट्रेलियाई टीम ने जेरेमी हेवार्ड के गोल से 1-1 की बराबरी कर ली। जेरेमी ने दूसरा गोल करते हुए भारत को पांच मैचों की हॉकी टेस्ट सीरीज के तीसरे मैच में हरा दिया। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज का चौथा मुकाबला शुक्रवार को खेला जायेगा।

बॉलीवुड हलचल

राजकुमार राव की फिल्म 'श्रीकांत' का ट्रेलर रिलीज, 10 मई को होगी रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव की आने वाली फिल्म 'श्रीकांत' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। टी-सीरीज़ फिल्म्स और चॉक एन चीज़ फिल्म्स के बैनर तले तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित फिल्म 'श्रीकांत' में राजकुमार राव की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म इस साल अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर 10 मई को रिलीज़ होने के लिए तैयार है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर की शुरुआत एक लाइन .. सपने वो नहीं जो आप सोते हुए देखते हैं, यह वह जो आपको सोने नहीं देता से होती है।ट्रेलर में दिखाया जाता है कि कैसे नेत्रहीन होने के बावजूद श्रीकांत खुद को कमजोर नहीं बल्कि मजबूत मानता है। रोशनी न होने के बावजूद उसने कड़ी मेहनत से 12वीं में 98 प्रतिशत हासिल किया और आईआईटी में पढ़ने का सपना देखा। उसे साइंस से पढ़ना था, लेकिन नेत्रहीन होने की वजह से उसे बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। हार मानने की बजाय उसने एजुकेशन सिस्टम के खिलाफ केस ठोका। कड़ी मेहनत के बाद आखिरकार श्रीकांत का यूएस में एक इंजीनियरिंग कॉलेज में एडमिशन हो जाता है, लेकिन नेत्रहीन होने की वजह से फ्लाइट में उन्हें बैठने नहीं दिया जाता है। इसके बाद श्रीकांत अपना बिजनेस शुरू करते हैं, जिसमें विकलांग लोगों को काम देते हैं। फिल्म श्रीकांत उद्योगपति श्रीकांत बोला की बायोपिक है।



28 साल बाद मनीषा कोईराला ने भंसाली के साथ किया काम

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री मनीषा कोईराला ने फिल्मकार संजय लीला भंसाली के साथ 28 साल बाद काम किया। वेबसीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं।

मनीषा कोईराला ने फिल्मकार संजय लीला भंसाली के साथ 28 साल बाद काम किया। मनीषा कोईराला ने इससे पूर्व संजय लीला भंसाली के साथ वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म खामोशी द म्यूजिकल में काम किया था। इस फिल्म से संजय लीला भंसाली ने बतौर निर्देशक डेब्यू किया था। फिल्म खामोशी द म्यूजिकल में सलमान खान और नाना पाटेकर ने भी अहम भूमिका निभायी थी। मनीषा कोइराला ने बताया कि मैंने संजय के कॉल का 28 साल तक इंतजार किया है और यह खुशी की बात है। ऐसे जीनियस के साथ काम करना सम्मान की बात है। बहुत सारी मेहनत, प्यार और मोहब्बत से हमने इसे (हीरामंडी) बनाया है। आशा करते हैं कि आप सभी को ये पसंद आए। हमने ऐसा पहली बार देखा है। हीरामंडी : द डायमंड बाज़ार वेश्याओं और उनकी जिंदगी को लेकर बुनी गई है। वर्ष 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित, ''हीरामंडी''' ''कोठों'' में प्यार, विश्वासघात, उत्तराधिकार और राजनीति की कहानी को बयां करती है। हीरामंडी : द डायमंड बाज़ार 01 मई 2024 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है।

प्रियंका सिंह और माही श्रीवास्तव का गाना 'जग सूना सूना लागे' रिलीज

मुंबई, एजेंसी। गायिका प्रियंका सिंह और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का गाना ''जग सूना सूना लागे'' रिलीज हो गया है। ''जग सूना सूना लागे'' गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिशल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने को प्रियंका सिंह ने गाया है जबकि माही श्रीवास्तव ने गाने में अभिनय किया है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत गाना ''जग सूना सूना लागे'' के निर्माता रतनाकर कुमार हैं। इस गाने को संतोष उत्पाती ने लिखा है, जबकि संगीतकार विनीत शाह हैं। वीडियो डायरेक्टर विझेल, डीओपी राजन वर्मा हैं। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

संयुक्त राष्ट्र के कई निकायों में चुना गया भारत

वाशिंगटन, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड समेत संयुक्त राष्ट्र के कई प्रमुख निकायों के लिए भारत का चयन किया गया है। भारत की जगजीत पवाडिया ने अंतर्राष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड (आइएनसीबी) में तीसरी बार निर्वाचित होकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पवाडिया को संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) द्वारा आयोजित अत्यधिक प्रतिस्पर्धी चुनाव में सबसे अधिक वोट प्राप्त हुए हैं। पावडिया को गुप्त मतदान के जरिए मार्च 2025 से 2030 तक पांच साल के तीसरे कार्यकाल के लिए आईएनसीबी में फिर से चुना गया।

भारत को ईसीओएसओसी के मतदान करने वाले 53 सदस्यों में से 41 के वोट मिले, जो सभी विजेता सदस्य देशों में सबसे अधिक हैं। पावडिया ने 41 वोट के साथ कठिन चुनाव में शानदार जीत हासिल की, जबकि दूसरे स्थान पर रहे उम्मीदवार को 30 वोट मिले। बोर्ड की पांच सीट के लिए 24 उम्मीदवार थे, जिस कारण चुनाव अत्यधिक प्रतिस्पर्धी था। पावडिया 2015 से अंतरराष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड की सदस्य हैं। उन्हें मई 2019 में 2020 से 2025 के पांच साल के कार्यकाल के लिए परिषद द्वारा फिर से चुना गया था। उन्होंने 2021 से 2022 तक बोर्ड अध्यक्ष के रूप में कार्य किया था।

भारत को 2025 से 2029 तक की अवधि के लिए 'कमीशन ऑन स्टेटस ऑफ विमेन' (महिलाओं की स्थिति पर आयोग) के लिए भी चुना गया है। 2025-2027 की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र बाल कोष के कार्यकारी बोर्ड, 2025-2027 के लिए परियोजना सेवाओं के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम एवं संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के कार्यकारी बोर्ड में भी भारत को चुना गया है। इसके अलावा भारत को 2025 से 2027 तक के कार्यकाल के लिए लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तीकरण के लिए संयुक्त राष्ट्र इकाई के कार्यकारी बोर्ड और 2025-2027 कार्यकाल के लिए विश्व खाद्य कार्यक्रम के कार्यकारी बोर्ड के लिए भी चुना गया।

यूएन में प्रतिबद्धता पर कायम रहा भारतः रूचिरा कंबोज

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'भारत अपने वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत को कायम रखते हुए इन संयुक्त राष्ट्र निकायों के भीतर विमर्श में सक्रिय रूप से शामिल होने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है। उन्होंने कहा कि मार्गदर्शन करने वाला यह दर्शन वैश्विक विचार-विमर्श में रचनात्मक और सहयोगात्मक योगदान देने, एकता की भावना को बढ़ावा देने और सभी की भलाई के लिए साझा जिम्मेदारी के प्रति हमारे समर्पण को रेखांकित करता है।

- भारत की जगजीत पवाडिया तीसरी बार बनीं आइएनसीबी की सदस्य

पीएम मोदी ने मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू को दी ईद की बधाई

माले। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को मालदीव के राष्ट्रपति डॉक्टर मोहम्मद मुइज्जू, सरकार और देशवासियों को ईद-उल-फितर की बधाई दी। पीएम मोदी ने दोनों देशों के बीच पुराने समय से चले आ रहे सांस्कृतिक व सभ्यतागत संबंधों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा-हम पारंपरिक उत्साह के साथ ईद-उल-फितर मना रहे हैं, ऐसे में दुनिया भर के लोग करुणा, भाईचारे और एकजुटता के उन मूल्यों को याद कर रहे हैं, जो एक शांतिपूर्ण व समावेशी दुनिया के निर्माण के लिए आवश्यक हैं, जिसकी हम सभी इच्छा रखते हैं। भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू, सरकार और मालदीव गणराज्य के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

होर्डिंग पर मुद्रक-प्रकाशक का नाम होना जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- चुनाव आयोग ने चुनाव संबंधी सामग्री पर पहचान देने का दिया निर्देश

चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव को लेकर सख्त है। लगातार प्रयास कर रहा है कि इस बार का चुनाव शांतिपूर्ण और पारदर्शिता से हो। आयोग ने बुधवार को चुनाव प्रचार में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए होर्डिंग सहित मुद्रित चुनाव संबंधी सामग्री पर मुद्रक और प्रकाशक की पहचान देने का निर्देश दिया है।

चुनाव अधिकारी का कहना है कि यह फैसला नगर निगम के अधिकारियों के नियंत्रण वाले होर्डिंग स्थानों पर मुद्रक या प्रकाशक की पहचान के बिना होर्डिंग देखे जाने के बाद लिया गया। आम आदमी पार्टी ने भी हाल में इस मुद्दे पर चुनाव आयोग से संपर्क किया था। चुनाव आयोग ने जनप्रतिनिधित्व

कानून, 1951 की धारा 127ए का हवाला दिया है।

बता दें धारा 127ए मुद्रक और प्रकाशक का नाम और पता प्रदर्शित किए बिना चुनावी पर्चे, पोस्टर, तख्तियां या बैनर छापने या प्रकाशित करने पर प्रतिबंध लगाती है। आयोग द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि प्रकाशकों की पहचान होना इसलिए जरूरी है, क्योंकि कोई पैसा खर्च होता है तो उसकी जानकारी मिल सके। वहीं अगर चुनावी अभियान के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन पाया जाता है तो कार्रवाई की जा सके।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने हाल ही में इस बिंदु को उजागर करने के लिए एक दोहा भी पढ़ा था कि गलत सूचना पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है। उन्होंने गलत सूचना को एक बुलबुला के रूप में वर्णित किया था जो छूने पर फट जाता है। बयान में कहा गया है, 'इस निर्देश के साथ आयोग ने शहरी स्थानीय निकायों के प्रिंटरों, प्रकाशकों, लाइसेंसधारियों या ठेकेदारों पर जवाबदेही तय कर दी है, जो राजनीतिक विज्ञापन लगाने के लिए जगह किराए पर देते हैं

एक नजर

रूस की अदालत ने गूगल पर 4.9 करोड़ डॉलर का लगाया जुर्माना

मॉस्को। रूस की राजधानी मॉस्को की एक अदालत ने यूक्रेन में रूस के विशेष सैन्य अभियान के बारे में गलत जानकारी फैलाने, चरमपंथ और एलजीबीटी सामग्री वाले यूट्यूब वीडियो को हटाने से इनकार करने पर गूगल पर 4.6 अरब रूबल (4.9 करोड़ डॉलर) का जुर्माना लगाया है। अदालत के प्रवक्ता ने कहा, मॉस्को के टैगान्स्की जिला न्यायालय के फैसले के खिलाफ एक गूगल प्रतिनिधि की शिकायत को खारिज कर दिया, जिसमें गूगल को प्रशासनिक संहिता के अनुच्छेद 13.41 के भाग 5 के तहत प्रशासनिक अपराध करने का दोषी पाया गया था।

गाजा को संभालने में नेतन्याहू गलती कर रहे : राष्ट्रपति बाइडन

वाशिंगटन। गाजा में इजराइली कार्रवाइयों को लेकर अपने देश में बड़े विरोध का सामना कर रहे अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा को संभालने में गलती कर रहे हैं। बाइडन ने कहा-मैं नेतन्याहू के दृष्टिकोण से सहमत नहीं हूं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बाइडन ने कहा कि सहायता पहुंचाने वाले संगठन के वाहनों पर ड्रोन से हमला किया गया। बता दें, बाइडन को इजराइल पर घरेलू दबाव का सामना करना पड़ रहा है और पिछले हफ्तों में उन्होंने नेतन्याहू सहित छह महीने पुराने युद्ध में इजराइल के आचरण पर अपनी बयानबाजी तेज कर दी है।

नौसेना के लिए पहले स्वदेशी फ्लीट स्पोर्ट शिप का कार्य शुरू

नई दिल्ली। नौसेना के लिए पहले स्वदेशी फ्लीट स्पोर्ट शिप को बनाने का कार्य बुधवार से शुरू कर दिया गया है। यह काम विशाखापत्तनम में हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) कर रही है। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने कहा- जहाज का वजन 44 हजार टन होगा और यह समुद्र में नौसैनिक बेड़े को ईंधन, पानी, गोला-बारूद और अन्य साजो सामान की आपूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे नौसेना की संचालन क्षमताओं का विस्तार होगा और इसकी रणनीतिक पहुंच बढ़ेगी।

एयर इंडिया एक जून से शुरू करेगी वियतनाम के लिए उड़ान सेवा

नई दिल्ली। एयर इंडिया एक जून से राष्ट्रीय राजधानी से वियतनाम के हो ची मिन्ह शहर के लिए सीधी उड़ान सेवा शुरू करेगी। एयरलाइन की ओर से बुधवार को कहा गया है कि, सप्ताह में पांच दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार को उड़ानें संचालित करने करेगी। नई सेवा अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और यूरोप के यात्रियों को दिल्ली होकर वियतनाम जाने की सुविधा भी मुहैया कराएगी। बता दें, एयर इंडिया वर्तमान में सिंगापुर, बैंकॉक और फुकैट (थाइलैंड) और यांगून (म्यामां) के लिए सीधी उड़ाने संचालित करती है।

भारत और अमेरिका की साझेदारी नई ऊंचाई पर पहुंची: जैक सुलिवन

अमेरिका के एनएसए बोले- हिंद-प्रशांत क्षेत्र में और मजबूत हुए दोनों देशों के संबंध

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने कहा कि भारत के साथ प्रौद्योगिकी व अन्य क्षेत्रों में साझेदारी नई ऊंचाई पर पहुंच गई है। उन्होंने ब्रिक्स के विस्तार को अमेरिकी नेतृत्व के लिए झटका मानने से इनकार किया। कहा, हमने हाल में नाटो जैसे संगठनों का विस्तार देखा है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हमारे संबंध और बेहतर हुए हैं।

व्हाइट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में सुलिवन ब्रिक्स को लेकर पूछे गए उस सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें कहा गया कि ब्राजील, रूस, भारत, चीन व दक्षिण अफ्रीका से मिलकर बने संगठन के विस्तार से अमेरिका के नेतृत्व पर अंगुली उठ रही है। हाल ही में ब्रिक्स में ईरान, मिस्त्र, संयुक्त अरब अमीरात और इथियोपिया शामिल हुए हैं और सऊदी अरब शामिल होने पर विचार कर रहा है।

इस पर सुलिवन ने कहा कि ऐसा नहीं है, भारत के साथ अमेरिका की साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है। यदि आप दुनिया के प्रमुख क्षेत्रों में अमेरिका की भूमिका और उसके रुख को देखें तो हम जहां हैं उससे बहुत खुश हैं। आप देखें कि नाटो का क्या हुआ, हमने इसे अब तक का सबसे बड़ा विस्तार दिया है। अगर पिछले सप्ताह की बात करें तो अमेरिका, जापान और फिलीपींस के बीच ऐतिहासिक त्रिपक्षीय सहयोग सामने है। उन्होंने कहा, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में देखें कि कैसे हमने न केवल पारंपरिक सहयोगियों के साथ बल्कि वियतनाम, इंडोनेशिया, आसियान जैसे देशों के साथ भी अपने संबंधों को सुधारा है।' राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा, 'ब्रिक्स में शामिल देश अमेरिका और भारत के बीच साझेदारी प्रौद्योगिकी और सुरक्षा समेत कई अन्य आयामों के साथ नई ऊंचाइयों पर पहुंची है।' दरअसल, सुलविन ईरान, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात और इथियोपिया के ब्रिक्स में शामिल होने के मद्देनजर दुनिया में अमेरिका के नेतृत्व में कमी और सऊदी अरब का हिस्सा बनने पर विचार करने के सवालों का जवाब दे रहे थे।

रूस को लेकर अमेरिका ने चीन को चिंताओं से अवगत कराया

सुलिवन ने कहा कि हमें चीन द्वारा रूस को सीधे सैन्य सहयोग के साक्ष्य नहीं मिले, लेकिन फिर भी हमने चीन से इस पर चिंता जताई है। एनएसए जैक सुलिवन ने कहा कि अगले महीने केन्या के राष्ट्रपति का यहां राजकीय यात्रा के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन स्वागत करेंगे, जो एक ऐतिहासिक पल होगा। उन्होंने कहा कि रूस को लेकर अमेरिका ने चीन को अपनी चिंताओं से अवगत कराया है। हमने इस बात का कोई सबूत नहीं देखा है कि वे रूस को सीधी सैन्य सहायता प्रदान करेंगे, लेकिन हमने अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं। व्हाइट हाउस ने मंगलवार को कहा कि गाजा संघर्ष विराम और काहिरा में चल रही वार्ता में बंधक समझौते के प्रस्तावों पर हमास का रवैया बेहद ढीला रहा है। उन्होंने कहा कि हमने हमास के सार्वजनिक बयान देखे, जो उनके रवैये का दिखाता है। मध्यस्थ कतर को समूह की ओर से अभी तक अंतिम जवाब नहीं मिला है।

भारतवंशी छात्रों की मौत पर अंकुश के लिए बाइडन से किया आग्रह

वाशिंगटन। अमेरिका में बीते दिनों में भारतवंशी छात्रों और युवकों की मौत की घटना में वृद्धि देखी गई है। प्रवासी भारतीयों के एक प्रमुख संगठन ने अमेरिकी सरकार की एजेंसियों, विश्वविद्यालयों और छात्र संघों से पर अंकुश लगाने के लिए आग्रह किया है।

फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज (एफआईआईडीएस) के बताया है कि, संदिग्ध गोलीबारी/अपहरण, सुरक्षा जानकारी के अभाव में पर्यावरण संबंधी मौतें, आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले मानसिक मुद्दे और संदिग्ध दुर्घटनाओं से लेकर हिंसक अपराध तक शामिल हैं।

एफआईआईडीएस ने कहा कि अधिकारियों को सुरक्षा शिक्षा बढ़ानी चाहिए, खोज और बचाव प्रक्रियाओं में सुधार करना चाहिए, भारतीय विद्यार्थियों के विरुद्ध सख्त नियम लागू करना चाहिए, जोखिमों और सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना और मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करनी चाहिए। वर्ष 2024 की शुरुआत से अब तक भारत से अमेरिका आए और भारतीय-मूल के छह छात्रों की मौत हो चुकी है।

अल अक्सा मस्जिद

जेरूसलम : नमाज के लिए सैकड़ों फिलिस्तीनी जेरूसलम के पुराने शहर में अल अक्सा मस्जिद पवित्र स्थल पर दुआ करने के लिए एकत्र हुए। अल-अक्सा मस्जिद परिसर में मण्डली पिछले वर्षों की तुलना में बहुत कम थी। ऐसा इसलिए हुआ है कि, बीते 6 माह से इजराइल गाजा में बमबारी कर रहा है। गाजा में अब तक लगभग 32 हजार लोगों की मौत हो चुकी है। बता दें, यह परिसर इस्लाम का तीसरा सबसे पवित्र स्थल माना जाता है। ● एजेंसी

ईद आते ही पाकिस्तान की सड़कों पर उतरे चार लाख भिखारी

इस्लामाबाद। रमजान के महीने के दौरान पाकिस्तान के छोटे शहरों और गांवों से भिखारी कराची आने लगे हैं। इस वजह से यहां अपराध का ग्राफ भी बढ़ रहा है। कराची के अतिरिक्त महानिरीक्षक इमरान याकूब मिन्हास ने इस चिंताजनक समस्या पर जोर डाला है। उनका कहना है कि ईद के मौसम में तीन से चार लाख भिखारी कराची आते हैं, इस वजह से यह शहर भिखारियों और अपराधियों का अड्डा बन गया है। इमरान याकूब के अनुसार पारंपरिक तरीकों से अपराधों का पता नहीं लगाया जा सका इसलिए कराची पर नजर रखने के लिए अधिकारियों से और अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की गई है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रमजान के दौरान कराची में कम से कम 19 लोग आपराधिक घटनाओं के शिकार हुए।

जैन आचार्य लोकेश मुनि अमेरिकी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित

वाशिंगटन, एजेंसी। अहिंसा विश्व भारती और विश्व शांति केंद्र के संस्थापक जैन आचार्य लोकेश मुनि को वाशिंगटन के कैपिटल हिल में अमेरिकी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वह अमेरिकी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय भिक्षु हैं।

उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार, गोल्डन शील्ड, सम्मान प्रमाण पत्र और राष्ट्रपति बाइडन के हस्ताक्षर वाले प्रशस्ति पत्र दिए गए। अमेरिकी राष्ट्रपति ने आचार्य लोकेश मुनि के वैश्विक शांति प्रयासों की प्रशंसा करते हुए लिखा कि अपना समय देकर आप हमारे सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान खोजने में मदद कर रहे हैं। इनकी हमें पहले से अधिक जरूरत है। हम ऐसे क्षण में जी रहे हैं जिसे आशा, प्रकाश और प्यार की आवश्यकता है आप अपनी सेवा के माध्यम से ये तीनों प्रदान कर रहे हैं। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद जैन आचार्य ने कहा कि इस पुरस्कार ने और जिम्मेदारी बढ़ा दी है। यह सम्मान भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक मूल्यों, भगवान महावीर के जैन सिद्धांतों का सम्मान है।

हेपेटाइटिस बी-सी के मामलों में दूसरे स्थान पर भारत

- डब्ल्यूएचओ ने जारी की हैरान करने वाली रिपोर्ट, संक्रमण के मामलों में चीन पहले पायदान पर

जिनेवा, एजेंसी

भारत में 2022 में हेपेटाइटिस बी और सी संक्रमण के कुल 3.50 करोड़ मामले सामने आए। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के मुताबिक हेपेटाइटिस बी और सी के संक्रमण की संख्या के मामले में भारत चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। हेपेटाइटिस यकृत की सूजन होती है, जिसके कारण कई प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होती हैं और यह जानलेवा भी हो सकती है।

डब्ल्यूएचओ की ओर से मंगलवार को जारी वैश्विक हेपेटाइटिस रिपोर्ट-2024 के अनुसार 2022 में दुनिया भर में 25.40 करोड़ लोग हेपेटाइटिस बी से पीड़ित हुए जबकि हेपेटाइटिस सी से पीड़ित होने वाले लोगों की संख्या पांच करोड़ रही। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार भारत में 2022 में हेपेटाइटिस बी के 2.98 करोड़ मामले सामने आए जबकि हेपेटाइटिस सी से संक्रमित होने वालों की संख्या 55 लाख रही। चीन में हेपेटाइटिस बी और सी के मामलों की कुल संख्या 8.3 करोड़ रही जो विश्व भर में सामने आए कुल मामलों का 27.5 प्रतिशत है। भारत में हेपेटाइटिस बी और सी के कुल 3.5 करोड़ मामले सामने आए जो दुनियाभर में सामने आए कुल मामलों का 11.6 प्रतिशत है। हेपेटाइटिस वायरस के पांच मुख्य प्रकार हैं, जिन्हें प्रकार ए, बी, सी, डी और ई कहा जाता है। हालांकि, वे सभी यकृत रोग का कारण बनते हैं, वे संचरण के तरीकों, बीमारी की गंभीरता, भौगोलिक वितरण और रोकथाम के तरीकों सहित महत्वपूर्णतरीकों से भिन्न होते हैं। डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि, विश्व में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़ रही है।

विश्वभर में हर साल 13 लाख लोगों की होती है मौत

दुनिया भर में हेपेटाइटिस के संक्रमण के कारण प्रत्येक वर्ष करीब 13 लाख लोगों की मौत होती है।

डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया के 187 देशों के नए आंकड़ों से पता चलता है कि हेपेटाइटिस से होने वाली मौतों की अनुमानित संख्या 2019 में 11 लाख से बढ़कर 2022 में 13 लाख हो गई है। इनमें से 83 प्रतिशत मौतें हेपेटाइटिस बी के कारण जबकि 17 प्रतिशत मौतें हेपेटाइटिस सी के कारण होती हैं। डब्ल्यूएचओ ने विश्व हेपेटाइटिस शिखर सम्मेलन में जारी इस रिपोर्ट में कहा, प्रतिदिन, हेपेटाइटिस बी और सी संक्रमण के कारण दुनिया में 3,500 लोगों की मौत हो रही है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस एडनोम घेब्रेयेसस ने कहा, यह रिपोर्ट परेशान करने वाली है।

मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के ब्रेथलाइजर परीक्षण की मांग वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट ने की खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव के दौरान प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं को वोट डालने की अनुमति देने से पहले उनका, रक्त में शराब (अल्कोहल) की मात्रा मापने वाला 'ब्रेथलाइजर परीक्षण' किए जाने की मांग कर रही याचिका बुधवार को खारिज कर दी।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने याचिका खारिज करने के आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया और कहा कि यह प्रचार हित की याचिका अधिक है। जनवाहिनी पार्टी की आंध्र प्रदेश इकाई की ओर से पेश वकील ने कहा कि चूंकि आदर्श आचार संहिता लागू है, इसलिए किसी भी मतदाता को शराब के नशे में मतदान करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। पीठ ने कहा, 'यह क्या है? यह प्रचार के लिए है। मतदान के दिन मद्य निषेध दिवस (ड्राई डे) होता है और हर जगह पुलिसकर्मी तैनात होते हैं। हम इस पर विचार नहीं करेंगे और याचिका खारिज की जाती है।' जनवाहिनी पार्टी की आंध्र प्रदेश इकाई ने शुरू में हाई कोर्ट का रुख किया, जिसने 28 फरवरी को याचिका खारिज कर दी थी।

आतंक पर अंकुश को भारत-कजाखिस्तान की हुई बैठक

नई दिल्ली। भारत और कजाखिस्तान के बीच आतंकवाद संबंधी चुनौतियों को लेकर अहम बैठक हुई, जिसमें दक्षिण एशिया में सीमापार आतंकवाद, राज्य प्रायोजित आतंकवाद और अफगानिस्तान-पाकिस्तान से इतर क्षेत्रों में आतंकवाद के मुद्दे पर भी बात हुई।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी है कि, बैठक कजाखिस्तान के अस्ताना में हुई। भारत की तरफ से इस बैठक का नेतृत्व विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव केडी देवल ने किया। वहीं कजाखिस्तान के दल का नेतृत्व कजाखस्तान के विदेश मंत्रालय के राजदूत तलगत कालियेव ने किया। यह दोनों देशों के संयुक्त कार्यसमूह के बीच इस साल आतंकवाद के मुद्दे पर पांचवीं बैठक थी।

धर्मांतरण कराकर की नाबालिग से शादी, फिर जा पहुंचा कोर्ट

इस्लामाबाद, एजेंसी

- 11 वर्षीया लड़की से लालच देकर कराए शादी के प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर, तीन पर मामला दर्ज

पाकिस्तान के शेखुपूरा जिले में तीन लोगों पर 11 वर्षीय लड़की को जबरन इस्लाम में परिवर्तित करके शादी करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पंजाब के मंत्री रमेश सिंह अरोरा ने इस घटना की निंदा करते हुए सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

फेरोजवाला के निवासी सलीम मसीह ने बताया कि 27 मार्च को पुलिस थाने से उनके घर कुछ पुलिसवाले आए और उसे अगले दिन अपनी बेटी के साथ कोर्ट में पेश होने के निर्देश दिए। अगले दिन वह अपनी बेटी और रिश्तेदारों के साथ अदालत पहुंचा तो पता चला कि उसके पड़ोसी इमरान सरफराज ने उसके खिलाफ शिकायत की है। मसीह ने बताया कि सरफराज ने 10 अक्टूबर 2023 का शादी का प्रमाणपत्र भी था। जिसका उसको पता ही नहीं था। सरफराज ने बेटी की शादी सार्वजनिक तौर पर कराने के लिए मसीह पर दबाव बनाया। इसके बाद मसीह ने अपनी बेटी का जन्म प्रमाणपत्र दिखाया जिसमें उसकी उम्र सिर्फ 11 साल थी।

अदालत ने सच सामने आने के बाद सरफराज की याचिका खारिज करते हुए पुलिस से उस पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मसीह की बेटी ने बताया कि अरोपी उसका पड़ोसी था, पड़ोसी ने लालच देकर शादी के दस्तावेज पर साइन करवाए थे। उसने बताया कि उसे नहीं पता था कि वह कागज शादी के प्रमाणपत्र हैं। कोर्ट ने सरफराज की याचिका खारिज कर दी और आरोपी उसकी मां और शादी के सभी गवाह पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

श्रीलंका को रक्षा उपकरण देने पर समझौता करेगा भारत

कोलंबो। भारत-श्रीलंका रक्षा सेमिनार को संबोधित करते हुए श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त संतोष झा ने कहा कि अन्य क्षेत्रों की तरह, भारत और श्रीलंका सुरक्षा और रक्षा मामलों पर निकट सहयोग कर रहे हैं। भारत ने बुधवार को कहा कि वह श्रीलंका का सबसे पक्का दोस्त और भरोसेमंद भागीदार है और हमेशा रहेगा। भारत ने श्रीलंका जैसे करीबी दोस्त देशों को आधुनिक रक्षा उपकरण देने की इच्छा जाहिर की है।

संतोष झा ने कहा कि हमारे भौगोलिक स्थिति के कारण हमारी सुरक्षा आपस में जुड़ी हुई हैं। जब हम सुरक्षा की बात करते हैं, तो हमें यह याद रखना चाहिए कि पारंपरिक रूप से इससे जुड़े अर्थों की तुलना में इसने व्यापक अर्थ ले लिया है। रूस-यूक्रेन युद्ध में ऊर्जा, स्वास्थ्य, भोजन और आर्थिक सुरक्षा भी शामिल हो गई है।

विज्ञान स्पेस टेलीस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने की आश्चर्यजनक खोज

तारे के खत्म होने के बाद भी जीवित रहते हैं ग्रह

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : पहली बार जानकारी सामने आई है कि तारे के खत्म होने के बाद , उसके ग्रह जीवित रह सकते हैं। स्पेस टेलीस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है। जिसमे कहा गया है कि एक तारे के खत्म होने के बाद, उसके बौना तारे में तब्दील हो जाने के बावजूद इसकी कक्षा में दो ग्रह चक्कर लगा रहे हैं। दोनों ग्रह पृथ्वी से 75 प्रकाशवर्ष दूर हैं।

ग्रह और उसके तारे के बीच गुरुत्वाकर्षण से बंधे रहने का सीधा संबंध होता है और अभी तक यही माना जाता रहा है कि किसी भी सौर मंडल के तारे के खत्म होने के बाद उसके ग्रहों की दुनिया भी स्वतः खत्म हो जाती है। मगर नई खोज ने यह धारणा उलट दी है। या यूं कहें कि प्रकृति के नियम को बदलकर रख दिया है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि इस खोज से वह खुद आश्चर्यचकित हैं।

खोजा गया नया ग्रह।

सूर्य खत्म होने के बाद जीवित रह सकते हैं शनि और बृहस्पति

एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स में प्रकाशन के लिए इस शोध को स्वीकार कर लिया गया है। इस खोज को लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि हमारे सौर मंडल के बृहस्पति और शनि ग्रह सूर्य के खत्म होने के बाद जीवित रह सकते हैं। बहरहाल नई खोज पर विस्वास करना जल्दबाजी होगी।

पृथ्वी से 75 प्रकाशवर्ष की दूरी में इस बाहरी सौर मंडल के दोनों ग्रह हमारे बृहस्पति व शनि ग्रह से बड़े हैं और बहुत दूर से अपने बौने तारे की परिक्रमा कर रहे हैं। इनकी वास्तविकता जानने के लिए नासा की जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप का सहारा लिया गया। पहली बार 2023 में ग्रहों की सीधी तस्वीरें ली गई। इसके बाद लंबे समय तक अध्ययन किया गया। हैरान करने वाली बात यह थी कि तारे के खत्म होने के बाद ग्रहों का जीवित रहना था। वैज्ञानिकों ने हर तरीके से इसकी जांच पड़ताल की और अंत में निष्कर्ष निकला कि तारे के खत्म होने के बावजूद ग्रह जीवित रह सकता है। इस खोज ने एक नई बहस भी छेड़ दी है। जिसमें वैज्ञानिकों के एक वर्ग का कहना है कि यह संभव नही लगता। इसके लिए व्यापक स्तर पर पुनः अध्ययन की जरूरत है। जिसमें ग्रहों की खोजबीन अध्ययन में जुटे वैज्ञानिकों को आगे आना होगा। तभी कोई ठोस प्रमाण सामने आ सकता है।